सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 09 अक्टूबर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 273, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 153 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और सेंसेक्स 153 अंक की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। } 12

## दुनिया की कोई ताकत भारत को विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। } 12



## सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को रसायन का नोबेल



Susumu Kitagawa, Kyoto University, Japan | Richard Robson, University of Melbourne, Australia | Omar M. Yaghi, University of California, Berkeley, USA

एजेंसी

स्टॉकहोम। वैज्ञानिकों सुसुमु कितागावा, रिचर्ड रॉब्सन और उमर एम याघी को 1989 से धातु-कार्बनिक ढांचे के विकास में उनके कार्यों के लिए इस साल रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। नोबेल समिति ने कहा कि तीनों वैज्ञानिकों ने आणविक ढांचे का एक नया प्रारूप विकसित किया है। समिति ने कहा उन्होंने बड़े स्थानों के साथ आणविक संरचनाएं बनाई हैं, जिनके माध्यम से गैसें और अन्य रसायन प्रवाहित हो सकते हैं। रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने बुधवार को रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की। रॉब्सन (88) ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न विश्वविद्यालय से, 74 वर्षीय कितागावा जापान के क्योतो विश्वविद्यालय से और 60 वर्षीय याघी कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले से संबद्ध हैं। इन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अयोध्या भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक : सीतारमण

### वित्त मंत्री व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण

करूणाकर दूबे



अयोध्या। उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया। टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरूआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह अवसर न केवल उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता और समरसता की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम भी है। उन्होंने कहा कि इन तीन पूज्य संतों ने 15वीं से 18वीं सदी के बीच श्रीराम भक्ति में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया और आज उनकी प्रतिमाएं उनके आराध्य श्रीरामचरणों में स्थापित होना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। सीएम ने बताया कि यह स्थल देवगुरु बृहस्पति जी का पवित्र कुंड है और यहां आने वाले कोटि-कोटि श्रद्धालु अब हर वर्ष इन संतों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि त्यागराज महास्वामी को कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने तेलुगु भाषा में हजारों भक्ति गीतों के माध्यम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### भोजपुरी गायक पवन सिंह को वाई श्रेणी की सुरक्षा



नयी दिल्ली। खुफिया रिपोर्टों में भोजपुरी अभिनेता और गायक पवन सिंह को खतरों की आशंका जताए जाने के मद्देनजर उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वीआईपी सुरक्षा शाखा को यह कार्य सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि 39 वर्षीय सिंह को केंद्रीय गृह मंत्रालय की सिफारिश पर उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की गई है। मंत्रालय ने बिहार विधानसभा चुनावों से पहले सिंह को संभावित खतरों पर एक खुफिया रिपोर्ट का संज्ञान लिया था। बिहार में सिंह के आवागमन के दौरान लगभग चार सशस्त्र कमांडो उनकी सुरक्षा में रहेंगे।

### करंट लगने से परिवार के तीन सदस्यों की मौत

झांसी। जिले के प्रेम नगर इलाके में बुधवार सुबह करंट की चपेट में आने से मां-बेटे समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबी जीटीएस मूर्ति ने बताया कि आज सुबह प्रेमनगर क्षेत्र में आजादपुरा निवासी 27 वर्षीय प्रवीण साहू सुबह करीब पांच बजे गृह निर्माण संबंधी कार्य के लिए लोहे के सरिया अपने तीन मंजिला मकान के ऊपर ले जा रहा था तभी घर के सामने से निकले हाईटेंशन तार से सरिया स्पर्श कर जाने से वह करंट की चपेट में आ गया। उन्होंने बताया कि उसे बचाने की कोशिश में युवक की मां रंजना साहू एवं दादी विमला साहू भी गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तत्काल तीनों को चिकित्सालय भेजा जहां उपचार के दौरान तीनों की मौत हो गई।

# डिजिटल क्षेत्र में भारत ने लगायी बड़ी छलांग

## पीएम मोदी ने मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का किया आह्वान

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मोबाइल से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में निवेश और विनिर्माण का आह्वान करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक ढांचा, कारोबार सुगमता और अनुकूल नीतियों से भारत एक निवेश अनुकूल गंतव्य के रूप में उभरा है।

उन्होंने डिजिटल बुनियादी ढांचा क्षेत्र में हुई तरक्की का जिक्र करते हुए कहा कि देश में आज एक जीबी डेटा की लागत एक कप चाय से भी कम है। प्रधानमंत्री ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के मौके पर अपने संबोधन में कहा डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में हमारी सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकार सबसे पहले डिजिटल मानसिकता के प्रति कितनी प्रतिबद्ध है, यह भारत में निवेश, नवोन्मेष और मेक इन इंडिया का सबसे अच्छा समय है। उन्होंने कहा, भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सरकार के स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण और कारोबार सुगमता की नीतियों ने देश को एक निवेशक-अनुकूल गंतव्य की छवि बनाने में मदद की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार, दूसरा सबसे बड़ा 5जी बाजार, नेतृत्व करने के लिए जनशक्ति, गतिशीलता और मानसिकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने मेड इन इंडिया 4जी प्रौद्योगिकी का पूरा ढांचा पेश किया है। यह देश की बड़ी उपलब्धि है। इसके साथ भारत विश्व के उन पांच देशों में शामिल हो गया है जिनके पास यह क्षमता है। मोदी ने कहा यह डिजिटल और प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता की दिशा में देश का एक बड़ा कदम है। स्वदेशी 4जी और 5जी प्रौद्योगिकी ढांचे से हम न केवल बेहतर संपर्क सुविधा सुनिश्चित कर पाएंगे बल्कि देशवासियों को तेज एवं भरोसेमंद इंटरनेट भी दे पाएंगे। उन्होंने कहा, डेटा खपत के मामले में, हम दुनिया के अग्रणी देशों में से एक हैं। इसका मतलब है कि भारत में डिजिटल संपर्क सुविधा अब एक विशेषाधिकार या विलासिता नहीं है बल्कि यह भारतीय जीवन का एक अभिन्न अंग है। पिछले दशक में डिजिटल क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा भारत में एक जीबी वायरलेस डेटा एक कप चाय की कीमत से भी सस्ता है। उन्होंने कहा, जो देश कभी 2जी से जूझ रहा था, आज लगभग हर जिले में 5जी पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने डेटा (निजी जानकारी और सूचना) संप्रभुता का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया पहले से कहीं ज्यादा डेटा उत्पन्न कर रही है, जिससे भंडारण, सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने कहा, हम सुधारों की ...शेष पृष्ठ 10 पर





## पीएम मोदी ने किया नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन

एजेंसी



मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19,650 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के पहले चरण का बुधवार को उद्घाटन किया। उन्होंने इसे विकसित भारत की एक झलक बताया, जो मुंबई क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में मदद करेगा। एनएमआईए का पहला चरण 19,650 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है और दिसंबर में चालू हो जाएगा। यह देश का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा है। इससे पहले, मोदी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कानपुर : दो स्कूटी में धमाका, 8 घायल

### आसपास की कई दुकानों और घरों की दीवारों में आयीं दरारें

विशेष संवाददाता



कानपुर। बुधवार शाम करीब 7:30 बजे मूलगंज थाना क्षेत्र के मिश्री बाजार में मरकस वाली मस्जिद के पास तेज धमाका होने से हड़कंप मच गया। धमाका इतना जोरदार था कि 500 मीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। अचानक हुए विस्फोट से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए सड़क पर दौड़ पड़े। धमाके की तीव्रता से आसपास की कई दुकानों और घरों की दीवारों में दरारें आ गईं। घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर ने लखनऊ में अलर्ट जारी कर दिया है। धमाके की सूचना पर मूलगंज समेत कई थानों का फोर्स और बम स्क्वायड टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने इलाके को घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल सका है। अधिकारियों ने कहा कि फॉरेंसिक टीम और बम डिस्पोजल स्क्वायड जांच कर रहे हैं, रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि धमाका कैसे हुआ। इधर, धमाके के बाद पुलिस अलर्ट हो ...शेष पृष्ठ 10 पर

## फतेहपुर : तालाब में गिरी कार, 4 की मौत

फतेहपुर। जिले के कानपुर-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को टायर फटने से एक तेज रफ्तार कार के तालाब में गिरने से चार युवकों की मौत हो गई तथा पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए स्थानीय अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कानपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद प्रयागराज लौट रहे कुछ लोगों की कार फतेहपुर में एक टोल प्लाजा के पास टायर फटने के कारण अनियंत्रित हो गई और एक तालाब में गिर गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को तालाब से बाहर निकाला। सूत्रों ने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जलविद्युत व खेल परियोजनाओं को केंद्र की मंजूरी

### सीएम धामी ने केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से की शिष्टाचार भेंट

प्रमुख संवाददाता



नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हालिया दिल्ली दौरा उत्तराखंड के लिए उपलब्धियों से भरा रहा। केंद्र सरकार ने राज्य की महत्वपूर्ण जलविद्युत परियोजनाओं और खेल अधोसंरचना विकास योजनाओं को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार विकास की रफ्तार को तेज करते हुए पर्यावरण संरक्षण, गंगा की निर्मलता और अविरलता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

मुख्यमंत्री धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य की ऊर्जा, पर्यावरण और खेल से जुड़ी परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में बताया कि उत्तराखंड की पर्वतीय संरचना और प्राकृतिक संसाधन जलविद्युत ऊर्जा के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया कि राज्य में प्रस्तावित सात नई जलविद्युत परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाए। इन परियोजनाओं से लगभग 647 मेगावाट स्वच्छ और हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- 75 जिलों में स्वदेशी मेले का शुभारम्भ आज से (पृष्ठ-02)
- पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगा पीएम मित्र पार्क (पृष्ठ-02)
- रुपया तीन पैसे टूटकर 88.80 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- सोना 2,600 बढ़कर 1.26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (पृष्ठ-10)
- अब 5जी से आगे, 6जी व उपग्रह संचार पर ध्यान (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — वायुसेना दिवस पर तीनों सेनाओं के प्रमुख ने गिनायीं उपलब्धियां, ऑपरेशन सिंदूर को बताया बेहतरीन उदाहरण

## भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने को वायुसेना सदैव तैयार

एजेंसी





हिंडन (उप्र)। वायुसेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने बुधवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुश्मन के ठिकानों पर भारतीय वायुसेना के साहसिक और सटीक हमलों ने राष्ट्रीय चेतना में आक्रामक हवाई कार्रवाई के उचित स्थान को बहाल किया। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि उनकी सेना ने दुनिया के समक्ष यह साबित कर दिया कि वायु शक्ति का उपयोग कुछ ही दिनों में सैन्य परिणामों को आकार देने में कैसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

एयर चीफ मार्शल सिंह ने हिंडन एयरबेस पर 93वें वायुसेना दिवस के अवसर पर वायु योद्धाओं को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की आधिकारिक स्थापना आठ अक्टूबर 1932 को हुई थी। वायु सेना प्रमुख ने वायु योद्धाओं से भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और इस बात पर बल दिया कि भारतीय वायुसेना की योजना नवोन्मेषी, व्यावहारिक और अनुकूलनीय होनी चाहिए तथा इसका प्रशिक्षण जैसे हम लड़ते हैं वैसे ही प्रशिक्षण लें के सिद्धांत पर आधारित होना चाहिए। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे प्रदर्शन ने हमें पेशेवर स्तर पर गौरवान्वित किया। हमने दुनिया के समक्ष यह साबित कर दिया कि वायु शक्ति का इस्तेमाल कुछ ही दिनों में सैन्य परिणामों को आकार देने में कैसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है।

वायुसेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर को इस बात का एक शानदार उदाहरण बताया कि सावधानीपूर्वक बनाई गई योजना, अनुशासित प्रशिक्षण और दृढ़ निश्चयी कार्यान्वयन के जरिए क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा भारत के साहसिक और सटीक हमलों ने राष्ट्रीय चेतना में आक्रामक हवाई कार्वाई को उचित स्थान दिलाया। एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा हमारी मजबूत वायु रक्षा संरचना और सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों के आक्रामक इस्तेमाल ने दुश्मन की क्षमता को सीमित कर दिया और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## छत्तीसगढ़ : 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

नौ पर 48 लाख रुपये का इनाम

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में बुधवार को 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से नौ पर कुल 38 लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि सात महिलाओं समेत 16 नक्सलियों ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण कर रहे नक्सली खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा, निर्दोष आदिवासियों पर नक्सलियों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों से निराश हैं। गुरिया ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में सैन्य प्लाटून के डिप्टी कमांडर पोदिया मरकाम उर्फ रतन (34) भी शामिल है, जिस पर आठ लाख रूपए का इनाम है। उन्होंने बताया कि बड़े नक्सलियों, मनोज दुग्गा (35), सुमित्रा उर्फ सनी कुर्साम (35) और वनीला फरसा (35), डिविजनल कमेटी के सदस्य गावड़े उर्फ दिवाकर (45) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एरिया कमेटी सदस्य बुधु उर्फ कमलेश उसेंडी (32) पर पांच लाख ...शेष पृष्ठ 10 पर

# 75 जिलों में स्वदेशी मेले का शुभारम्भ आज से

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के 75 जिलों में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), खादी, हथकरघा व हस्तशिल्पी उत्पादों को बढ़ावा देने और जिला स्तर पर उन्हें बड़ा मंच उपलब्ध कराने की दिशा में यूपी सरकार 9 से 19 अक्टूबर के मध्य स्वदेशी मेलों का आयोजन कराने जा रही है। बुधवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा तथा वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने प्रेसवार्ता के माध्यम से इस विषय में जानकारी देते हुए दीपावली के शुभ अवसर पर लोगों से इन मेलों में आने और स्थानीय उत्पादों को खरीदकर 'वोकल फॉर लोकल' की परिकल्पना को साकार करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप प्रदेशव्यापी स्वदेशी मेला के आयोजन के जरिए एक बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है, जो दीपावली पर्व के अवसर पर छोटे उद्यमियों, हस्तशिल्पियों व कारीगरों के चेहरों पर प्रसन्नता व घरों में

- **कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को मिलेगा मंच, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान**

खुशहाली लाने का माध्यम बनेगा। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन देश में केवल उत्तर प्रदेश में ही होता है। इसी तर्ज पर इस बार स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अब प्रदेशव्यापी स्वदेशी मेलों के आयोजन की शुरूआत की जा रही है।

राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में अधिक फुटफॉल वाले क्षेत्रों में इन मेलों का आयोजन होगा। सचान ने बताया कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण ने अपार सफलता प्राप्त की है। इसी सफलता को ध्यान में रखते हुए अब जीएसटी सुधारों व स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए 75 जनपदों में स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेले के जरिए जिला स्तर पर उद्यमियों, कारीगरों और हस्तशिल्पियों को अपने उत्पाद बेचने का उत्तम मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेलों में सांस्कृतिक

- **लखनऊ में यूनिवर्सिटी कैंपस में आज से शुरू होगा स्वदेशी मेला**

विभाग व संस्थाओं के माध्यम से तमाम प्रकार की कलाओं का भी प्रदर्शन होगा। उन्होंने जानकारी दी कि 10 अक्टूबर को गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ मेले का शुभारंभ कर सकते हैं। मेले में उद्यमियों को निःशुल्क दुकानें लगाने के लिए स्थान दिया जाएगा तथा हर प्रकार की मदद की जाएगी। लखनऊ में स्वदेशी मेला का आयोजन यूनिवर्सिटी कैंपस में होगा। राकेश सचान के अनुसार, यह पहल आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश तथा विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सफल होगी जिसमें एमएसएमई की 96 लाख इकाइयों का जिले स्तर पर प्रदर्शन का मार्ग सुनिश्चित होगा। सभी जनपदों में स्वदेशी मेले का शुभारंभ प्रदेश और केंद्र सरकार के जनप्रतिनिधियों की ओर से किया जाएगा। लखनऊ में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मेले का शुभारंभ करेंगे।

# हनुमानगढ़ी में योगी ने टेका मत्था, श्रीरामलला के दरबार में की आरती



- **राम मंदिर निर्माण की प्रगति का जायजा, ट्रस्ट पदाधिकारियों से की चर्चा**

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठी, जब प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर पावन धरा पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने अपने अयोध्या प्रवास की शुरूआत संकट मोचन हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन से की, जहां उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

हनुमानगढ़ी से निकलने के बाद मुख्यमंत्री योगी सीधे श्रीरामलला के दरबार पहुंचे। आरती उतारकर उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश नवाया और परिक्रमा करते हुए मंदिर निर्माण कार्यों की प्रगति का गहराई से अवलोकन किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने उन्हें मंदिर के निर्माण की वर्तमान स्थिति और आगामी चरणों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत मंदिर प्रांगण से बाहर निकलते समय श्रद्धालुओं और आमजन का हाथ जोड़कर अभिवादन भी स्वीकार किया। पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व, अयोध्या आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर भव्य स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। अक्टूबर माह में यह मुख्यमंत्री योगी का पहला अयोध्या दौरा रहा, जिसमें उन्होंने न केवल धार्मिक आस्था प्रकट की, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान केंद्रित किया। हेलीपैड पर भव्य स्वागत में उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह व महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायकगण वेद प्रकाश गुप्ता, अमित सिंह चौहान, रामचंद्र यादव, अभय सिंह, चंद्रभानु पासवान, बीजेपी जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# स्वदेशी ब्रह्मोस ने पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने का कार्य किया : बृजेश पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विषय पर बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती से अभियान शुरू हुआ था और अटल बिहारी वाजपेई की जयंती तक आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाकर हम पूरे देश, प्रदेश और जिला स्तर तक हर घर-घर गांव गली मोहल्ले में जन-जन तक पहुंचने का कार्य करेंगे। आज यह अभियान जन चर्चा का विषय बन चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने उद्बोधन में लगातार यह दोहराया है कि आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और 2047 में विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री मोदी ने लिया है। आत्म निर्भर भारत उस दिशा में एक बड़ा कदम है। कृषि विज्ञान से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान तक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर वैज्ञानिक क्षेत्र में भारत अपने पैरों पर खड़ा होगा। भारत सिर्फ अपनी जरूरत को पूरा नहीं करेगा बल्कि भारतीय उत्पाद अन्य देशों में भी पहुंचने का काम करेगा। प्रधानमंत्री ने सर्वप्रथम डिफेंस सेक्टर को मजबूत करने का काम किया। भारत में निर्मित ब्रह्मोस्त्र मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में अपना अद्भुत कौशल दिखाने का कार्य किया कि पूरी दुनिया आज रक्षा क्षेत्र में भी भारत का लोहा मान रही है। पाकिस्तान के हौसले पस्त हो गए जब ब्रह्मोस ने आतंकवादियों के अड्डों को तहस-नहस करने का काम किया। उन्होंने कहा डिफेंस सेक्टर के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में भी हवाई अड्डों की संख्या में भी बड़ी तेजी के साथ वृद्धि हुई है। आजादी के इतने दिन भी जाने के बाद भी मात्र 74 हवाई अड्डे थे, जिनकी संख्या आज कई गुना बढ़ चुकी है। एशिया का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जेवर में बनकर तैयार है जिसे जल्द ही लोकार्पण होने वाला है। हमारी ओडीओपी के उत्पादन देश दुनिया में तहलका मचा रहे हैं। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश में अपार क्षमता थी लेकिन उनका कोई प्लेटफार्म नहीं था उनके निर्यात के लिए कोई भी प्लेटफार्म उपलब्ध नहीं कराया गया था। आज हमको फक्र है कि उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक विशेष उत्पाद की पहचान है।

भदोही ने दुनिया का सबसे बड़ा कालीन बनाने में कामयाबी हासिल की है जिसको गिनीज वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है और दुनिया के लोग भदोही के कालीन खरीद रहे हैं। इसी प्रकार मुरादाबाद का पीतल उद्योग, पीलीभीत की बांसुरी अमरोहा की ढोलक अलीगढ़ के तले, लखनऊ की चिकनकारी, टांडा का हस्त निर्मित वस्त्र, प्रतापगढ़ का आवंले का मुरब्बा, प्रयागराज का अमरुद, सिद्धार्थनगर का काला नमक चावल की तरह हर जिले में बेहतर उत्पाद पहले से उपलब्ध थे लेकिन उनको दुनिया में पहचान दिलाने का काम हमारी सरकार ने उनकी मार्केटिंग और संसाधन उपलब्ध कराने के साथ कर रही है।

# ब्लॉक लिए जाने के कारण कई ट्रेनों के मार्ग बदले

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु वाराणसी मंडल के बलिया स्टेशन पर गर्डर लॉचिंग के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक लिए जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, पुनर्निर्धारण एवं नियंत्रण किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन के तहत आनन्द विहार टर्मिनस से 08, 09, 11, 12 अक्टूबर को चलने वाली 04090 आनन्द विहार टर्मिनस-पटना विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग औंड़िहार-मऊ-भटनी-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी। छपरा से 09 एवं 10 अक्टूबर को चलने वाली 15111 छपरा-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-सीवान-भटनी-मऊ के रास्ते चलाई जायेगी। पटलिपुत्र से 09 अक्टूबर को चलने वाली 04095 पटलिपुत्र-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग छपरा-सीवान-भटनी-औंड़िहार के रास्ते चलाई जायेगी। फरूर्खाबाद से 08, 09, 11, 12 अक्टूबर को चलने

- **पर्वों के दिनों यात्रियों की बढ़ सकती है परेशानी**

वाली 15084 फरूर्खाबाद-छपरा विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग मऊ-इंदारा-भटनी-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी।

पुनर्निर्धारण के तहत बलिया से 09, 10 अक्टूबर को चलने वाली 55131 बलिया-प्रयागराज रामबाग सवारी गाड़ी बलिया से 125 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। बलिया से 09, 10 अक्टूबर को चलने वाली 55133 बलिया-शाहगंज सवारी गाड़ी बलिया से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। बलिया से 09, 12, 13 अक्टूबर, 2025 को चलने वाली 13106 बलिया-सियालदह एक्सप्रेस बलिया से 85 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। सियालदह से 09, 11, 12 अक्टूबर को चलने वाली 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस सियालदह से 90 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। नियंत्रण के तहत सियालदह से 08 अक्टूबर को चलने वाली 13105 सियालदह-बलिया एक्सप्रेस मार्ग में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

दूसरी ओर पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के उज्जैन स्टेशन के रिमॉडलिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन-इंटरलॉक कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं रि-शिड्यूलिंग किया जायेगा। मार्ग परिवर्तन हापा से 15 अक्टूबर को चलने वाली 09525 हापा-नाहरलगुन विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग नागदा-उज्जैन-मक्सी-रुठियाई-शिवपुरी-ग्वालियर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागदा-कोटा-रुठियाई-ग्वालियर के रास्ते चलाई जायेगी। उधना से 14 अक्टूबर को चलने वाली 20961 उधना-बनारस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग नागदा-उज्जैन-मक्सी-रुठियाई-शिवपुरी-ग्वालियर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागदा-कोटा-रुठियाई-ग्वालियर के रास्ते चलाई जायेगी। अहमदाबाद से 10 अक्टूबर को चलने वाली 09465 अहमदाबाद-दरभंगा विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग नागदा-उज्जैन-मक्सी-शाजापुर-ब्यावरा राजगढ़-रुठियाई-गुना के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागदा-कोटा-रुठियाई-गुना के रास्ते चलाई जायेगी।

# बछरावां रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






- **नगर पंचायत अध्यक्ष, बछरावां, शिवेन्द्र सिंह किया उद्घाटन**
- **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी भी रहे मौजूद**

**लखनऊ।** बुधवार को यात्रियों की सुविधा और स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आज बछरावाँ रेलवे स्टेशन पर रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया गया।

इस रेल कोच रेस्टोरेंट का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष, बछरावां, शिवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ कुलदीप तिवारी की विशेष उपस्थिति में विद्यालय की बालिका के करकमलों द्वारा संपन्न किया गया जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा।

पुराने रेल कोच को आधुनिक रूप देकर तैयार किए गए इस रेस्टोरेंट को यात्रियों के लिए एक स्वच्छ, सुसज्जित, आरामदायक एवं आकर्षक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। यहाँ यात्रियों को भारतीय, स्थानीय व अन्य विविध व्यंजन, शुद्धता और स्वाद के साथ, किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ कुलदीप तिवारी ने कहा उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह रेल कोच रेस्टोरेंट बछरावाँ स्टेशन की छवि को और निखारेगा तथा यात्रियों के यात्रा अनुभव को अधिक सुखद एवं यादगार बनाएगा।

यह रेस्टोरेंट स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार के पास स्थित है, जिससे यात्रियों के लिए इसकी पहुंच बेहद आसान है। इस पहल से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने वाले यात्रियों को एक आधुनिक और आरामदायक वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारिक संगठन के सदस्य, रेल यात्री एवं शहर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस नयी सुविधा के लिए उत्तर रेलवे की सराहना करते हुए इसे शहर और यात्रियों के लिए एक स्वागतयोग्य पहल बताया।

# मुजफ्फरनगर में टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से बनेगा अत्याधुनिक संस्थान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बुधवार को मुजफ्फरनगर में तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक शुरूआत हुई। इस पहल के तहत जनपद में सेंटर ऑफ इन्वेंशन, इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया गया। इस पहल ने प्रदेश में रोजगारपरक शिक्षा को नई गति दी है और युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता का नया मार्ग प्रशस्त किया है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने सेंटर ऑफ इन्वेंशन, इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड ट्रेनिंग का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड, पुणे के विशेषज्ञ अधिकारियों ने सीआईआईआईटी परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि यह संस्थान युवाओं को ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषयों में प्रशिक्षण देगा। 226.52 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह संस्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मुजफ्फरनगर के पास 10,000 वर्ग मीटर भूमि पर स्थापित होगा। जिलाधिकारी की देखरेख में भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है और निर्माण कार्य फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में यह संस्थान उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा और रोजगार शक्ति के रूप में स्थापित होगा।

# रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी समूहों की दीदियां

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी। इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग की ओर से स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए अनुबंध किया जा चुका है। शहतूत रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने के लिए 14 सदस्यीय दल जिसमें राज्य, जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय मिशन प्रोफेशनल सम्मिलित हैं, को तीन दिवसीय एक्सपोजर विज़िट केंद्रीय रेशम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, मैसूर, कर्नाटक में आयोजित किया जा चुका है। तसर रेशम कीट पालन पर समझ विकसित करने के लिए सोनभद्र से 17 सदस्यीय दल जिसमें रेशम सखी एवं मिशन स्टाफ सम्मिलित हैं, को तीन दिवसीय एक्सपोजर विज़िट केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची, झारखंड में आयोजित किया जा चुका है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि समूह की महिलाओं को मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना से जोड़ने के लिए रेशम विभाग की ओर से अब तक 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्यमन्त्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत चयन किया जा चुका है, जिसमें से 30 समूह की महिलाओं को योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है।

# महिलाएं घर की नींव के साथ राष्ट्र की धुरी है : धर्मपाल सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को कहा कि देश की आधी आबादी की पूरी भागीदारी से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प साकार होगा। भाजपा का अंत्योदय दर्शन भी तभी पूर्णता पाएगा, जब समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ-साथ महिलाएं भी आत्मनिर्भर बने और सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में नेतृत्व करें। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर की नींव के साथ राष्ट्र की धुरी है। धर्मपाल सिंह मेरठ में पश्चिम क्षेत्र की महिला मोर्चा पदाधिकारियों तथा महिला जनप्रतिनिधियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर भारत के केंद्र में महिला सशक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि संगठन में भी महिलाओं की भागीदारी

- **भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन ने महिला मोर्चा पदाधिकारियों और महिला जनप्रतिनिधियों की बैठक को किया संबोधित**



और जिम्मेदारी को बढ़ाना होगा और बड़ी संख्या में महिला नेतृत्व विकसित करना होगा, ताकि सरकार की योजनाएं व संगठन का संदेश महिलाओं तक पहुंचाने का माध्यम स्वयं महिलाएं बनें।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि महिलाओं का संगठन में प्रतिनिधित्व बढ़ाने के साथ ही उनको अग्रिम मोर्चे पर नेतृत्व के लिए भी प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति आज प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में है। महिलाओं की भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत का संकल्प जन-आंदोलन का रूप लेगा और भारत को स्वदेशी से स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर से विकसित राष्ट्र के पथ पर अग्रसर करेगा। उन्होंने मातृशक्ति का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा, संगठन और संस्कार की त्रिवेणी से अपने सामर्थ्य के साथ राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। संगठन स्तर पर महिलाओं की भूमिका को और व्यापक बनाया जाए। प्रत्येक मंडल, शक्तिकेन्द्र और बूथ स्तर पर महिलाओं की जिम्मेदारी तय की जाए, ताकि महिला से महिला तक संवाद की शृंखला स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार तभी पूरी शक्ति से कार्य कर पायेंगे जब महिला कार्यकर्ता हर गांव, हर परिवार तक महिलाओं के बीच सरकार की योजनाएं और संगठन के अभियानों की जानकारी को लेकर जाएगी।

# आजम खां सपा के दरख्त है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

- **सपा अध्यक्ष ने रामपुर में आजम खां के आवास पर मुलाकात कर कहा, हमारा साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा**



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को रामपुर पहुंच कर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां से मुलाकात की। उन्होंने मो. आजम खां के रामपुर स्थित आवास पर मिलकर उनका हाल-चाल जाना। उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इससे पहले अखिलेश यादव के रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय में हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर मो. आजम खां ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। जौहर विश्वविद्यालय से दोनों नेता आवास पर पहुंचे।

मो. आजम खां साहब से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मो. आजम खां सपा के दरख्त हैं। हमारा साथ हमेशा रहा है, हमेशा रहेगा। हम मिलकर लड़ाई लड़ेंगे। हमारी मुलाकात बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि पुराने नेताओं और नेताजी के साथ के लोगों की बात ही अलग है। अखिलेश यादव ने कहा कि जनता भाजपा को हटाने जा रही है। 2027 विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनेगी। पीडीए की आवाज बुलंद होगी।

भाजपा सरकार ने मो. आजम खां पर झूठे मुकदमे लगाए हैं। मो. आजम खां और उनके पूरे परिवार को झूठे मुकदमे लगाकर परेशान किया गया। भाजपा सरकार ने परिवार को बहुत तकलीफ और परेशानी पहुंचाई। ऐसा लगता है भाजपा सरकार अन्याय, अत्याचार का वर्ल्ड रिकॉर्ड बना रही है।

उन्होंने कहा कि जो लोग मो. अली जौहर विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वह सब कुछ बर्बाद कर रहे हैं। मो. आजम खां ने जौहर विश्वविद्यालय में बहुत अच्छा काम किया है। सपा की सरकार बनने पर मो. आजम खां पर लगे सभी झूठे मुकदमे खत्म किये जाएंगे। साथ ही अन्य तमाम लोगों पर लगे झूठे मुकदमे वापस लिये जायेंगे।

# आगामी चुनाव को लेकर मायावती करेंगी शक्ति प्रदर्शन, रैली आज

## 2022 के बाद मायावती मंच से कार्यकर्ताओं में भरेगी जोश, देंगी एकजुटता का संदेश

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के संस्थापक कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर 9 अक्टूबर (गुरुवार) को लखनऊ स्थित कांशीराम स्मारक स्थल पर बड़ी रैली होगी। माना जा रहा है कि बसपा सुप्रीमो रैली के माध्यम से आगामी चुनाव को देखते हुए अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के साथ एकजुट करेगी और शक्ति प्रदर्शन करेगी ताकि उनके कोर वोट समेत अन्य वर्गों तक उनका संदेश पहुंच सकें। इस रैली में प्रदेश भर से पांच लाख लोगों के आने का दावा किया गया है। फिलहाल विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं का आना शुरू हो गया है।

इस रैली की खास बात यह है कि बसपा सुप्रीमो मायावती लंबे समय बाद मंच पर दिखाई देंगी। पार्टी संगठन

- **प्रदेशभर से पांच लाख लोगों के आने का दावा**



में हुए हालिया बदलावों के बाद यह उनका पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। वहीं, इस रैली की तैयारियों की कमान मायावती के भतीजे और पार्टी के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद संभाल रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन बीएसपी स्मारक स्थल (पुरानी जेल रोड) पर सुबह 9 बजे से किया

- **विभिन्न जिलों से कार्यकर्ताओं का राजधानी में आना शुरू**

जाएगा। इस अवसर पर मायावती मुख्य अतिथि होंगी, इस दौरान वह कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगी। कार्यक्रम में प्रदेशभर से बसपा कार्यकताओं के पहुंचने की संभावना है। बसपा सुप्रीमो मायावती आगामी पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बार फिर से पार्टी की बिखरी ताकत को समेटने में जुटी हुई हैं। इसी क्रम में इस बड़ी रैली का आयोजन किया गया है। इससे पहले 2022 विधानसभा चुनाव से पहले भी बसपा ने कांशीराम स्मारक पर इसी तरह की जनसभा की थी लेकिन पार्टी को इसका कोई खास लाभ नहीं मिला था प्रदेश भर में मात्र एक सीट पर ही जीत मिली थी। तब से अब तक पार्टी की ओर से इतना बड़ा आयोजन नहीं किया गया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना हैं कि इस रैली में मायावती अपनी भतीजे आकाश आनंद को आगे ला सकती हैं और ये संदेश देने की कोशिश करेंगी कि दलितों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। पार्टी की कमान युवा हाथों में होगी। मायावती ये संदेश देना चाहेंगी कि लगातार हार के बावजूद वो टूटी नहीं है और उनकी पार्टी मजबूत है। इस रैली को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। गांव-गांव नीली टोपियां और गमछे पहुंचाएं गए हैं। सभी तहसीलों को सेक्टरों में विभाजित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के लिए काम चल रहा हैं। बसपा कार्यकर्ता रैली से पहले दिन ही पहुंचना शुरू हो गये हैं ताकि उन्हें जाम या डायवर्जन की स्थिति का सामना न करना पड़े और समय से वह रैली में मौजूद रहें।

# रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी समूहों की दीदियां

**लखनऊ।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों को रेशम उत्पादन से जोड़ते हुए रेशम क्लस्टर विकसित किये जायेंगे। समूहों के मध्य से रेशम सखियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। इस तरह स्वयं सहायता समूहों की दीदियां रेशम विभाग से जुड़कर रेशम कीट पालन करेंगी और रेशम सखी के रूप में काम करके अपनी आमदनी बढ़ायेंगी।

इस कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए हैं। उनके निर्देशों के क्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को रेशम उत्पादन से जोड़ने के लिए अनुबंध किया जा चुका है। इस मसौदे व अनुबंध की अमलीजामा पहनाने की कार्यवाही चल रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका

- **रेशम सखी के रूप में काम करके बढ़ायेगी अपनी आमदनी**

मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 25-26 की वार्षिक कार्ययोजना में रेशम उत्पादन पर कार्य करने के लिए समूह सदस्यों को आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समूह की महिलाओं को मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना से जोड़ने के लिए रेशम विभाग द्वारा मिशन स्टाफ का उन्मुखीकरण आयोजित किया गया एवं योजना में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर योजना से जोड़ने के निर्देश दिये गये' अब तक 100 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मुख्यमन्त्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत चयन किया जा चुका है, जिसमें से 30 समूह की महिलाओं को योजना के अंतर्गत लाभान्वित किया जा चुका है।

# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगा राजधानी में बन रहा पीएम मित्र पार्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एक नए औद्योगिक युग की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य में प्रस्तावित पीएम मित्र (पीएम मित्र) पार्क न केवल उद्योगों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी एक आदर्श उदाहरण बनेगा। सरकार की नीति विकास के साथ पर्यावरण को साकार करने की दिशा में यह पार्क एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। योगी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी औद्योगिक विकास परियोजना में हरियाली और पारिस्थितिक संतुलन से कोई समझौता नहीं होगा। यही कारण है कि लखनऊ और हरदोई जिलों में प्रस्तावित पीएम मित्र पार्क का लेआउट प्लान पर्यावरणीय दृष्टि से पूरी तरह संतुलित रखा गया है। ड्राफ्ट लेआउट प्लान के अनुसार, 55 फीसदी भूमि पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। वहीं, 3 फीसदी भूमि को रेसीडेंशियल उपयोग, 4 फीसदी इंस्टीट्यूशनल, 2 फीसदी ट्रांसपोर्ट हब, और 4 फीसदी यूटिलिटीज व एमेनिटीज के लिए आरक्षित किया गया है। सबसे खास बात यह है कि पूरे पार्क की 11 फीसदी भूमि ग्रीनरी और फ्रूट प्लांटेशन के लिए सुरक्षित रखी गई है, जिसमें ग्रीन एरिया, ग्रीन बेल्ट और बफर जोन विकसित किए जाएंगे। यह कदम न केवल प्रदूषण कम करेगा बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी संरक्षित रखेगा। इसके अलावा, 13 फीसदी क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जबकि 0.1 फीसदी हिस्से में मौजूदा सड़कों को सुदृढ़ किया जाएगा। जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 2 फीसदी भूमि नाला और वाटर रिजर्वायर के लिए और 0.5 फीसदी भूमि रीक्रिएशनल उपयोग के लिए निर्धारित की गई है। सरकार के प्रस्ताव के अनुसार, इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1,680 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। यह पार्क कुल 100 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा, जिसमें एक लाख से अधिक रोजगार सृजन और 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। पार्क में पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री, ऊर्जा-संवेदनशील डिजाइन, वर्षा जल संचयन, सोलर पावर और ई-वेस्ट मैनेजमेंट जैसे प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे।

संक्षेप

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में लालगंज पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के भदारीकला निवासी रामनेवाज के पुत्र रामसुख वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच अक्टूबर को गांव के जगदेव वर्मा, सहदेव वर्मा पुत्रगण कालूराम तथा गिरीश पुत्र श्रीराम व रामदेव पुत्र रामगरीब रंजिशन गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीडित को लाठी डंडे से पीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने जगदेव समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दो आरोपियों को भेजा गया जेल

प्रतापगढ़। हाईवे पर जाम लगाने के दो आरोपियों को सांगीपुर पुलिस ने बुधवार को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के अर्न्तगत बीती पन्द्रह अप्रैल को एक सड़क दुर्घटना में दम्पति की मौत हो गयी थी। इसे लेकर सत्रह अप्रैल को आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा गड़हा गांव के पास सड़क पर जाम लगाया गया था। दरोगा ज्ञानेन्द्र कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। बुधवार को कोटवा शुकुलपुर निवासी राजेश रजक व दीपक रजक पुत्रगण बेंचूलाल पुलिस के हत्थे चढ़ गये।

## तीन दिवसीय मेले का समारोह पूर्वक हुआ समापन

प्रतापगढ़। नगर के शीतलमऊ वार्ड के सोनहट वीर बाबा प्रांगण में बुधवार को तीन दिवसीय परम्परागत मेले का समारोहपूर्वक समापन हुआ। समापन के अवसर पर आयोजन समिति द्वारा सामाजिक क्षेत्र में योगदान के लिए अतिथियों को सम्मानित किया गया। वहीं मेले में बड़ी संख्या में लोगों को खरीददारी को लेकर उत्साहित देखा गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि मेला आपसी समरसता तथा सामाजिक सदभाव को मजबूती प्रदान किया करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी वेंकटेश्वर प्रसाद मिश्र बब्बा ने किया। संचालन संयोजक राजू मिश्र ने किया। कार्यक्रम में मेला समिति द्वारा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, आचार्य रामअवधेश मिश्र, आचार्य दिवाकरनाथ शुक्ल, आचार्य देवानन्द मिश्र, अधिवक्ता अनूप पाण्डेय आदि को माल्यार्पण तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर रामबिहारी मिश्र, दिनेश सिंह, राजकुमार शुक्ल, रमाशंकर तिवारी, आचार्य विनोद मिश्र, विपिन पाण्डेय, अंजनी शुक्ल, निखिल शुक्ला, राजेश तिवारी, दुर्गेश तिवारी, महानन्द पाण्डेय आदि रहे।

## आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज गुरूवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। वह दिन में तीन बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान की बैठक में शामिल होंगी। वहीं विधायक मोना जनसमस्याओं की सुनवाई भी करेंगी। इसके पूर्व दिन में बारह बजे अलीपुर, भटनी, रामपुर बावली, मादामई, हरनाहर, जलेशरगंज, पुरवारा आदि स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों में भी विधायक शामिल होंगी।

# तहसीलदार की कथित पत्नी ने किया हंगामा

जिला संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले की तहसील में मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। एक महिला तहसील पहुंची और खुद को तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी की पत्नी बताने लगी। वह तहसीलदार पर उत्पीड़न और मारपीट का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगी। महिला बबिता त्रिपाठी का आरोप है कि तहसीलदार ने दूसरी शादी कर ली है। इसलिए 2 साल से न तो उसे घर का खर्च दे रहे हैं और न ही बात कर रहे हैं। साथ ही पिटवाने की साजिश रचकर मेरी मुंहबोली बहन पर हमला कराया। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो डीएम ऑफिस के सामने आत्मदाह कर लूंगी। महिला के हंगामे के दौरान तहसील परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस मामला शांत कराकर जांच कर रही है। तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी की पत्नी बबिता त्रिपाठी ने बताया कि पति उन्हें घर का खर्च तक नहीं दे रहा है। बबिता त्रिपाठी ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर अपने बेटे हर्षित त्रिपाठी और मुंहबोली बहन के साथ तहसील पहुंची थीं। पति से भरण-पोषण और बच्चों की देख-रेख को लेकर बातचीत करनी थी। लेकिन, वहां स्थिति अचानक बिगड़ गई। तहसीलदार पति ने अपने अर्दलियों से कमरा बंद करवाया।



वहां मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें और उनकी बहन से धक्का-मुक्की और मारपीट की। इससे बहन गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस दौरान उनकी बहन की कार का शीशा भी तोड़ दिया गया। महिला ने दावा किया कि यह सब तहसीलदार के इशारे पर किया गया। पति शुरूआत में भरण-पोषण के लिए पैसे भेजते थे। लेकिन, पिछले 2 साल से पैसे भेजना भी बंद कर दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि तहसीलदार ने दूसरी शादी कर ली है। इसी के चलते अब वह न तो बच्चों का खर्च उठा रहे और न ही किसी प्रकार का संपर्क बनाए हैं। महिला ने बताया कि वह इस मामले की शिकायत पहले ही सदर थाना पुलिस में कर चुकी हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मुझे और मेरे बच्चों को न्याय नहीं मिला, तो मैं डीएम ऑफिस के सामने आत्मदाह कर लूंगी। महिला का आरोप है कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है और शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रही। वहीं, तहसीलदार देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि उनकी पत्नी मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे आई थीं। उसके बाद चली गईं। शाम को सूचना मिली कि वह उनके घर पर भी गईं और उनकी मां से मारपीट करने लगीं। तहसीलदार ने बताया कि जब उनकी पोस्टिंग संभल में थी, तब पत्नी ने ही मां की देख-रेख के लिए एक महिला को रखा था। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने कहा- यह मामला पारिवारिक झगड़ा लग रहा है। महिला को फैमिली कोर्ट से राहत मिल सकती है। हालांकि, अगर दूसरी शादी या उत्पीड़न के आरोपों के ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए जाते हैं, तो तहसीलदार के खिलाफ विभागीय जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# लापरवाही पर एएनएम निलंबित



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बुधवार को विकास खंड नौगढ़ के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बेलवा महादेव द्वितीय और आंगनबाड़ी केंद्र महादेवा पर आयोजित बीएचएनडी (बिहेवियरल चेंज एंड हेल्थ न्यूट्रिशन डे) कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य व पोषण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएनएम रागिनी यादव अनुपस्थित पाई गईं। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल एमओआईसी नौगढ़ से फोन पर बात की। एमओआईसी ने बताया कि एएनएम पूर्व में भी लापरवाही करती रही हैं और उन्हें नोटिस भी दिया जा चुका है। इसके बाद जिलाधिकारी ने तत्काल प्रभाव से एएनएम को निलंबित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं का रजिस्टर भी देखा, जो अपूर्ण पाया गया। इस पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही, गंभीर कुपोषित (सैम) एवं मध्यम कुपोषित (मैम) बच्चों के रजिस्टर का निरीक्षण कर पोषाहार वितरण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर उपस्थित बच्चों से बातचीत की और उन्हें चॉकलेट देकर उत्साहित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएचएनडी दिवस पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम सुनिश्चित रूप से कराए जाएं और सभी लाभार्थियों को समय से पोषाहार वितरित किया जाए। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा बहुओं को निर्देश दिया कि वे गांव में घर-घर जाकर टीकाकरण से एक दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं और बच्चों को सूचित करें, ताकि कोई भी लाभार्थी जांच या टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने एएनएम को भी सख्त निर्देश दिए कि हर गर्भवती महिला और बच्चा जांच एवं टीकाकरण के दायरे में आए, और गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।

## हत्या पीड़ित परिजनों से मिले सवर्ण आर्मी पदाधिकारी



कटरा श्रावस्ती। थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र के ग्राम बेलहा राघव में बीते दिनों हुई युवक की हत्या से गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। इसी घटना के संदर्भ में बुधवार को सवर्ण आर्मी प्रदेश सचिव सत्य प्रकाश अवस्थी एवं जिला अध्यक्ष श्रावस्ती के नेतृत्व में सवर्ण आर्मी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मृतक युवक के परिजनों से मुलाकात की। संगठन पदाधिकारियों ने मृतक के परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रदेश सचिव सत्य प्रकाश अवस्थी ने कहा कि यह घटना बेहद दुःखद है और संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने गांव में रहकर घटना की जानकारी ली और स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि न्याय दिलाने के लिए संगठन आवश्यक कानूनी मदद भी प्रदान करेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सदन आर्मी मोहित मिश्रा, पवन शुक्ला, विजय पांडे, पप्पू दुबे सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन के आगमन से मृतक परिवार को कुछ हद तक मानसिक संबल मिला और न्याय की उम्मीद जगी।

## जनता दर्शन में 10 शिकायतें सुनीं, पारदर्शी निस्तारण के निर्देश




श्रावस्ती। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कुल 10 शिकायतें प्राप्त कीं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शिकायतों का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में जनसुनवाई अवश्य करें और प्राप्त समस्याओं का तय समय सीमा में समाधान कराएं।

## स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का शुभारम्भ



सतरिख, बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज महिला प्रकोष्ठ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतरिख के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डा0 प्रियंका सिंह, ब्लाक कोडिनेटर डा0 प्रीति सिंह, डा0 शैलेन्द्र राज सिंह व प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर मे डा0 प्रीती सिंह ने माहवारी प्रबन्धन की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके लिए उन्हे अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरूक रहने की आवश्यकता है। महिलाओं में होने वाले रोगों को छिपाना नही चाहिए। तथा समय पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर निशुल्क चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार से रोगों पर नियन्त्रण पाया जा सकता है। डा0 शैलेन्द्र ने कहा कि आज के बच्चे खासकर लड़कियां अपने माता-पिता एवं अभिभावकों को अपनी शारीरिक समस्याओं एवं रोगों के बारे में बताने से संकोच करते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप विभिन्न प्रकार के रोगो से ग्रसित हो जाते हैं जो आगे चलकर जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए संकोच छोड़कर छोटी से छोटी स्वास्थ्य समस्या के बारे में भी अपने माता-पिता को अवगत कराना चाहिए।

## शक्ति अभियान के तहत विशुनपुरवा में लगाया चौपाल

बांसी सिद्धार्थनगर। सीओ बांसी मयंक द्विवेदी के देख देख में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला मिशन केंद्र थाना खेसरहा की टीम ने नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वालम्बन के सशक्तिकरण हेतु थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा गाँव में लगाए गए पुलिस चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराध सुरक्षा के प्रति जागरूक कर त्वरित सहायता हेतु जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। सीओ बांसी मयंक द्विवेदी व थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित चौपाल में बाद महिला मिशन टीम में शामिल उ0 नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य, हे0 का0 जालंधर प्रसाद, का0 अरुण कुमार पाण्डेय तथा म0 का0 अंजली यादव द्वारा उपस्थित महिलाओ एवं बच्चियों को महिला सशक्तिकरण संबंधी बातों को बताते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 अंतर्गत हेल्पलाइन नंबर, 112, 1090,1076,108,1930,1098 तथा 102 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पश्चात टीम द्वारा *भालुहा मोड़ * पर एंटी रोमियो चेकिंग कर शोहदों की गई। चेकिंग के दौरान पकड़े गए 02 शोहदों का माफीनामा भराकर चेतावनी दे कर जाने दिया गया।

## प्रधान राजेश सिंह की उपस्थिति में सोशल ऑडिट सम्पन्न



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के मिठवल ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत अयार के पंचायत भवन मे सोशल आडिट ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ब्लैक कोऑर्डिनेटर संगीता मौर्य द्वारा 2024 25 में कराए गए कार्यो को ग्राम सभा के बैठक में पढकर सुनाया गया तथा कार्य स्थल का भौतिक सत्यापन एंव जाब कार्ड धारकों से मनरेगा के कार्यो के बारें मे जानकारी प्राप्त किया। बैठक मे सभी ग्रामीणों को अपनी समस्याओ को रखने का अवसर दिया गया। ग्राम सभा अध्यक्ष सुधा जाब कार्ड धारक राम मिलन, जगदीश, राजश्री, मंजू देवी पूजा, आदि श्रमिकों द्वारा मनरेगा की मजदूरी 252 रुपया बहुत कम बताते हुए 350 से लेकर ?400 तक महंगाई को देखते हुए मांग किया और मनरेगा की मजदूरी समय से मिले इसके लिए उन्होंने सोशल आडिट टीम के बैठक में अपनी बात रखी। ग्राम प्रधान राजेश कुमार सिंह द्वारा बैठक में कहा गया शासन द्वारा ही मजदूरी एवं सामग्री में विलंब किया जाता है। हम लोग स्वयं इस चीजों से परेशान है इस दौरान रोजगार सेवक पवन कुमार पंचायत सहायक सोशल आडिट टीम से गिरीश चंद्र मिश्र श्रवण कुमार राम अवध अनारकली आदि भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति में उद्देश्य एवं आवश्यकता पर हुआ संवाद



सिद्धार्थनगर। विश्वविद्यालय कपिलवस्तु सिद्धार्थनगर में 8 अक्टूबर 2025 को मिशन शक्तिः उद्देश्य एवं आवश्यकता विषय पर एक संवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीता यादव ने की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 2020 से सभी संस्थाओं में मिशन शक्ति कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पुलिस स्टेशनों, शिक्षण संस्थानों, गाँवों और शहरों में महिलाओं को जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। प्रो. यादव ने जोर दिया कि शक्ति की शुरूआत स्वयं के भीतर से होनी चाहिए। मिशन शक्ति कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए आत्मविश्वास का विकास सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कई बार महिलाएं अपने अधिकारों को जानने के बावजूद उनका उपयोग नहीं कर पातीं। डॉ. त्रिपाठी के अनुसार, कानून और योजनाएं सहायक हैं, लेकिन वास्तविक शक्ति व्यक्ति के भीतर निहित है, जिसका विकास करना ही मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य है। सह नोडल अधिकारी डॉ. रेनू त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल घर से बाहर जाकर सशक्त होना नहीं है। उन्होंने कहा कि घर, समाज और परिवार सहित हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता है, जिसमें पारिवारिक निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना भी शामिल है। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता सिंह ने बताया कि सरकार के मिशन शक्ति अभियान से छात्र-छात्राओं के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं में भी जागरूकता आई है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित हुई हैं। इस परिचर्चा में छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया।

## प्रमोद के लगातार तीसरी बार केंद्रीय वित्त मंत्रालय संसदीय सलाहकार समिति में सदस्य बनने से खुशी



**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने प्रमोद तिवारी को अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में बेहतर सुझाव की प्रभाविकता को लेकर लगातार तीसरी बार केन्द्रीय वित्त मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति का स्थायी सदस्य चयनित किया गया है। वित्त मंत्रालय जैसी महत्वपूर्ण संसदीय समिति में तीसरी बार जिले के सियासी दिग्गज प्रमोद तिवारी के वित्त मंत्रालय की स्थायी समिति में पुनः महत्वपूर्ण जगह मिलने से कार्यकताओं व प्रशंसकों के चेहरे खिल उठे दिखे। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की मंगलवार की देर शाम नई दिल्ली में देश के नये उप राष्ट्रपति एवं सभापति सीपी राधाकृष्णन से उच्चस्तरीय शिष्टाचार मुलाकात हुई। महत्वपूर्ण मुलाकात में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सभापति एवं उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को सदन के संचालन में विपक्ष की ओर से रचनात्मक सहयोग का भरोसा दिलाया। उप राष्ट्रपति निर्वाचित होने के बाद हुई इस शिष्टाचार मुलाकात में उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सदन के वरिष्ठ सदस्य के रूप में सांसद प्रमोद तिवारी की रचनात्मक भूमिका एवं संसदीय प्रणाली से जुड़े अनुभवों को भी सराहा। यह जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है। वहीं जारी विज्ञप्ति में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के कक्ष में उन्माद की प्रदर्शित घटना पर सरकार से गंभीर कदम उठाने को कहा है। उन्होने कहा है कि आरोपी द्वारा इस घटना पर खुद के द्वारा अफसोस न प्रकट किया जाना आश्चर्यजनक है।

## संवाद कार्यक्रम में कार्यकत्रियों को मिला सम्मान

- बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रतिभा





प्रतापगढ़। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बुधवार को पोषण माह के अर्न्तगत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया। स्थानीय लालगंज ब्लाक सभागार में संवाद कार्यक्रम में उन्होने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण है। महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा ने पोषण अभियान के तहत संतुलित आहार तथा एनीमिया मुक्त भारत को लेकर कार्यकत्रियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में वास्तविक सुधार के क्षेत्र में आंगनबाडी कार्यकत्रियां अग्रिम पंक्ति की योद्धा साबित हुई हैं। उन्होने सरकार द्वारा मिशन शक्ति के तहत सशक्तीकरण से जुड़ी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान उन्होने आंगनबाडी कार्यकत्री शालवी तिवारी, प्राप्ति सिंह, वंदना गौड़, प्रतिमा शुक्ला, पूजा कोरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होने दो गर्भवती महिलाओं सविता सरोज व रीतू की गोदभराई एवं तीन बच्चों अनीता सरोज, राधा यादव व पूनम का अन्नप्रासन कराया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य ने आयोग की सदस्य प्रतिभा को विभाग की ओर से सम्मान सौंपा। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, सीडीपीओ उदय मिश्रा, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला आदि रहे।

## 11 अक्टूबर को ऑल इंडिया किसान सभा करेगी किसान सम्मेलन

बाराबंकी। योगी सरकार प्रदेश के किसानों को खाद कीट नाशकों की आपूर्ति नहीं करवा पा रही उल्टे पिटाई करवा रही है। गन्ने का रेट 5 सौ रुपया कुंतल होना चाहिए। लेकिन मिल मालिकों के दबाव में गन्ने के दाम नहीं बढ़ा रही है। तथा गन्ना किसानों को भुगतान नहीं करवा रही। उक्त सभी माँगो को लेकर आगामी 11 अक्टूबर को जनपद गोंडा में एक विशाल किसान सम्मेलन किया जायेगा। जिसमें योगी सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ रणनीति तय की जाएगी। उक्त जानकारी ऑल इंडिया किसान सभा प्रदेश उपाध्यक्ष रणधीर सिंह सुमन, किसान सभा जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह व जिला मंत्री दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से दी।

## सड़क के बीच बिजली पोल से टकराई बाइक इलाज के दौरान दम तोड़ा

सिद्धार्थनगर- कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के अलीगढ़वाझककरहा मार्ग पर मदतिया के पास मंगलवार शाम करीब 4 बजे एक हादसा हुआ। पिपरहवा निवासी 25 वर्षीय उस्मान अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी सड़क के बीच में लगे बिजली के पोल से उसकी बाइक टकरा गई। गंभीर रूप से घायल उस्मान की इलाज के दौरान मंगलवार देर रात मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उस्मान गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे तत्काल अलीगढ़वा के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सिद्धार्थनगर माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजन उसे सिद्धार्थनगर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान मंगलवार देर रात उसने दम तोड़ दिया।

# कर्तव्यों के कोताही पर एसपी ने दिया दंड

## इंस्पेटर और दो दरोगा सस्पेंड

- एस पी राहुल भाटी का सीधा सीधा संदेश सुधरो वरना होगा क्लेश

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी कानून व्यवस्था को अक्षुण्य रखने के लिए कितने सजग समर्पित और चौकन्ने हैं जिसका ज्वलंत उदाहरण नवीन मॉडर्न थाना श्रावस्ती के प्रभारी निरीक्षक शंभू सिंह, थानेदार सूरज यादव तथा प्रमोद सिंह का निलंबन है। निलंबन के साथ-साथ विभागीय जांच की फाइल खोल दिया है जो इन पुलिस कर्मियों के लिए एक वज्रपात सरीखा है।

एसपी के इस अप्रत्याशित कार्रवाई को लेकर पुलिस महकमें में हड़कंप के साथ-साथ कयासों का बाजार गरमा गरम है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के प्रभावी एक्शन मातहतों को सीधा संदेश है कि अनावश्यक छेड़ेंगे नहीं



और कर्तव्यों से विमुख पाएंगे तो छोड़ेंगे भी नहीं। गौर तलब है कि बीते सोमवार की रात मुकामी थाने के अंतर्गत ग्राम बेल्हाराघव निवासी 35 वर्षीय राजकुमार दुबे की आपसी दुश्मनी में नृशंस हत्या हो गई। एसपी राहुल भाटी रात में ही अपने लाल लश्कर के साथ घटनास्थल पर घंटों रतजगा कर जमे रहे। पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील रहा। एसपी के गहरी अभिरुचि का नतीजा रहा कि गुनहगारों की गिरफ्तारी हो गई आला कत्ल समेत मृतक का मोबाइल भी बरामद हुआ घटना का अनावरण और गिरफ्तारी अति शीघ्र एसपी के सतर्कता से संभव हुआ। खत किताबी चाहे जो भी हो। अब ऐसे में प्रश्न उठता है की घटना का अनावरण शीघ्र तम शीघ्र हो गया। तो थाना प्रभारी शंभू सिंह समेत दो थानेदारों पर निलंबन की गाज क्यों गिरी? लोकहित के लिए समर्पित, समाज समरसता और भय मुक्त समाज के लिए समर्पित एसपी राहुल भाटी की स्वयं द्वारा की गई समीक्षा तथा विवेचना में इन थानेदारों के जिम्मेदारियां का विमुख होना असभ्य आचरण जिसे उदासीनता के पटकथा का उदगम उदाहरण रहा होगा।

# क्रिकेट लीग में लखनऊ टीम ने शानदार बैटिंग कर पहना जीत का ताज

- पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम खिलाडी ने हसन को दिया मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

बाराबंकी। 19वी चैधरी आसिफ अली मेमोरियल स्टेट प्राइज मनी क्रिकेट लीग का दूसरा मैच क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ व जिला क्रिकेट एसोसिएशन फैजाबाद के बीच खेला गया। टूनार्मेन्ट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाडी ज्ञानेंद्र पांडे तथा विशिष्ट अतिथि मुबाशिर अहमद ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। टॉस जीतकर लखनऊ टीम ने गेंदबाजी करने का फैसला लिया। जिसके बाद निर्धारित ओवर मे फैजाबाद की टीम 194 रनो पर आल आउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ टीम की ओर से प्रियांशु पांडे व कुलदीप चैहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुये 38 ओवर मे ही टूनार्मेन्ट मे जीत हासिल की। लखनऊ टीम के कप्तान हसन अख्तर को शानदार प्रदर्शन देने पर मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम खिलाडी श्री पाण्डे ने मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिव डा0 सी0ए जावेद, आयोजन सचिव अंकुर माथुर, अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, तारीख जिलानी, अफाक अली, राजेश अरोड़ा बब्बू, जतिन वर्मा अशीर किदवाई मौजूद रहे।

सूर्या सैनिक संस्थान लखनऊ में अस्थायी संविदा कर्मचारी उपलब्ध कराने हेतु

1. सूर्या सैनिक संस्थान, लखनऊ कैंट में 01 नवम्बर 2025 से 30 अप्रैल 2026 (06 माह) तक निम्नलिखित पदों पर अस्थाई संविधा सिविल कर्मचारी की नियुक्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एजेंसियों अपने कोटेशन सीलबंद लिफाफे में 20 अक्टूबर 2025 को दोपहर 12 बजे तक लघु सैनिक संस्थान के रखे निविदा बॉक्स में डाल सकती है। निविदा बॉक्स 21 अक्टूबर 2025 को दोपहर 13 बजे बॉड ऑफ आफिसर द्वारा खोला जाएगाः–

| क्रम सं. | पद का नाम | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु | शैक्षिणक योग्यता | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01 x Acct Clk | 18 वर्ष | 50 वर्ष | द्विभाषी, न्यूनतम शिक्षा 1+2 लेखा का ज्ञान कंप्यूटर ज्ञान (Basics, Courses in office, automation word, excel, Power Point access. | Rs 22,000/- |
| 2 | 03 x MTS | 18 वर्ष | 30 वर्ष | कार्य कौशल हो। | Rs 12,000/- each |

2. भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

संक्षेप

## अवैध पिस्टल संग गिरफ्तार

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के डोहरिया बाजार में पुलिस अवैध पिस्टल के साथ युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मजनू चौकी क्षेत्र के डोहरिया बाजार निवासी पियुष गुप्ता पुत्र कन्हैया कुमार गुप्ता अवैध पिस्टल ( 32 बोर ) ले कर घूम रहा था। जिसकी सूचना मुखबीर द्वारा मजनू चौकी को दी गयी ।सूचना पर पहुंची मजनू चौकी पुलिस युवक की घेरावंदी कर अपने कब्जे में लेकर तलासी ली तो कमर में खुसा पिस्टल बरामद हो गया। जिसमें एक जिंदा कारतूस लगा हुआ था। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह अभी जल्दी ही शौकिया खरीदा था ।जिसे लेकर घूम रहा था। पुलिस युवक को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया।

## अमन चैन में खलल डालने वालो को चौदह दिन की जेल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के नकहा न० 1 घोसीपुरवा में बिवादित पोस्टर लगा कर अमन चैन में खलल डालने के प्रयास में पुलिस दो लोगो के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुये मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहाँ से चौदह दिनो के लिये न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मंगलवार की शाम चिलुआताल पुलिस को सूचना मिली कि नकहा न० 1 घोसीपुरवा में विवादित बैनर लगाया गया था। जिसका कुछ लोगो द्वारा फोटो बनाने को लेकर कुछ लोग बिवाद कर रहे थे। सूचना पर हरकत में आये बरगदवा चौकी प्रभारी लक्ष्मी नारायण द्विवेदी अपने दल बल के साथ पहुंच कर बैनर को उतार अपने कब्जे में ले लिया। आरोपियो ने बैनर में आई लब मोहम्मद के साथ ही हिसाब में रहो साहव हम सब्र में कब्र में नही लिखा हुआ था। पुलिस अगल बगल लगे कैमरो को खगाल दो आरोपियो को अपने कब्जे में ले लिया। जिनकी पहचान सिराजुल उर्फ मो० कैफ पुत्र स्व० हलीम एवं मो० कादिर उर्फ कालिया पुत्र स्व० तालुक हुसेन के रूप में हुई पुलिस बिधिक कार्यवाही करते हुये शांति भंग में चालान कर दिया जहाँ से मजिस्ट्रेट ने चौदह दिनो के लिये जेल भेज दिया।

# डीएम ने वनटांगिया गांव में लगायी चौपाल

- मुख्यमंत्री जंगल तिनकोनियां नंबर-3 वन टांगिया गांव में मनाएंगे दीपोत्सव
- चौपाल में डीएम, एसएसपी व सीडीओ गांव की समस्याओं से हुए रूबरू




चरगांवा, गोरखपुर। दीपोत्सव वर्ष 2025 के पावन पर्व पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नाथ के सम्भावित कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को चरगांवा ब्लाक के जंगल तिनकोनिया नंबर तीन वनटांगिया गांव में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिलाधिकारी दीपक मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर व मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी समेत अन्य अधिकारीगण ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं से रूबरू होने के बाद संबंधित विभागों को समस्या समाधान का निर्देश दिए। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा पाचों मुख्यमंत्री राजस्व गांव वन टांगिया क्रमशः जंगल तिकोनिया नंबर तीन आम बाग, खाले टोला, चिलबिलवा, रजही व आजाद नगर के मुखिया व ग्रामीणों की मौजूदगी में वनटांगिया निवासियों की समस्या से रूबरू हुए। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी को पेंशन, राशन कार्ड, शौचालय, आवास की सुविधा से वंचित पात्रों को चिन्हित कर लाभान्वित किया जाय। वन टांगिया गांव में जहां सड़क व नाली नही है, प्रस्ताव बना कर भेजने का निर्देश दिया। साथ ही हर तीन माह पर वन टांगिया में चौपाल लगा कर उनकी समस्याओं को निस्तारित करने का भी निर्देश दिया। चौपाल में चरगांव विकास खण्ड के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना ने रेलवे क्रॉसिंग से रजही तक लगभग 500 मीटर लंबाई की सड़क व नाली निर्माण को जनहित में शुरू कराए जाने की मांग किया। जिस पर डीएम ने मौके पर मौजूद क्षेत्रीय वन अधिकारी को लोक निर्माण विभाग की सड़क व नाली निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने वनटांगिया गांव के सब्जी उत्पादक किसानों के लिए सोलर पम्प व डोगा बनाने वाली मशीन उपलब्ध कराने की मांग को रखा। जिस पर डीएम ने स्थानीय बीडीओ सत्य प्रकाश सिंह को किसानों को ऋण योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। वनटांगिया आजाद नगर रजही के निवासियों ने सड़क व नाली निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई। जिसका निस्तारण करने का जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री वन टांगिया गांव खाले टोला के मुखिया बलराम राजभर ने कहा कि लगभग 75 प्रतिशत पट्टाधारकों के मौके पर कब्जे की जामनी के हिसाब से राजस्व अभिलेख में अधिकार दर्ज नहीं है। क्या चकबंदी कराकर मौके पर जितना रकबा हैं राजस्व अभिलेख उसी के अनुसार ठीक किया जा सकता हैं? जिस पर डीएम ने मौके पर रकबा व राजस्व अभिलेख में कोई मिस मैच न रहे ठीक करा कर ही चकबंदी किए जाने का आश्वासन दिया। पांच वन टांगिया गांव में 14 वन टांगिया निवासी को पट्टा नहीं मिल पाया हैं जिस पर उपजिलाधिकारी तहसील सदर दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी१३ तारीख को चौपाल लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाएगा। श्रीमती शोभा पत्नी गोपाल ने कहा कि अभी तक मेरा राशन कार्ड नहीं पाया हैं जिलाधिकारी ने इस बाबत मुखिया राम गणेश से जानकारी लिया है वन टांगिया गांव जंगल तिकोनिया नं तीन के मुखिया राम गणेश ने कहा कि बन गया है। आम बाग वनटांगिया के निवासी शाम को वन विभाग का गेट जल्दी बंद होने की शिकायत किया जिस पर मौके पर मौजूद क्षेत्रीय वन अधिकारी ने कहा कि गेट पर एक स्टाफ को तैनात करेंगे जिससे आवागमन प्रभावित नहीं होगा।

चौपाल में मौजूद एसएसपी राजकरण नय्यर से जंगल धूसण पुलिस की वन टांगिया निवासियों ने की सराहना ,गस्त की समयावधि बढ़ाने की मांग उठाई।

## वन टांगिया गांव का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

चरगांवा, गोरखपुर। मुख्यमंत्री राजस्व गांव वनटांगिया जंगल तिकोनिया नंबर तीन में भ्रमण कर सड़क ,नाली, आयुष्मान केंद्र,जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बनी पानी की टंकी से हो रही जलापूर्ति, गुरु गोरक्षपीठ से बने वन टांगिया विद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जंगल तिकोनिया नंबर तीन में पंचायत भवन के निर्माण के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह को दिशा निर्देश दिया। वही आयुष्मान केंद्र के अंदर निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मी ,उपलब्ध दवाएं व वन टांगिया गांव के लोगों के द्वारा यह जानकारी देने पर की प्रति दिन लगभग सौ मरीज देखे जाते हैं पर विकास खण्ड चरगांवा प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा डॉ० वी० के० चौधरी सहित मौके पर मौजूद स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की पीठ थप थापाई । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, मुखिया राम गणेश, मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी, एस एस पी राज करण नय्यर, एस डी एम सदर दीपक कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राज मणि वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी निलेश प्रताप सिंह, उप श्रम आयुक्त रोजगार रघुनाथ सिंह, परियोजना निदेशक दीपक कुमार सिंह सहित चरगांवा विकास के ब्लॉक प्रमुख श्रीमती वंदना सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह , सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत ) सतीश कुमार चतुर्वेदी व चौपाल कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान श्रीमती इंदुलता देवी, संयोजक ग्राम विकास अधिकारी/ सचिव मनोज कुमार ,चरगांवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा० वी० के० चौधरी,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## कन्या जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया



इटावा। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिला अस्पताल इटावा में कन्या जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में नवजात कन्याओं की माताओं को फल व बेबी केयर किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति 5 का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाना है। नोडल चिकित्साधिकारी यशमिता सिंह ने कहा कि कन्या जन्मोत्सव समाज में सकारात्मक सोच का प्रतीक है। सीएमएस पुरूष डा. अनिल कुमार ने कहा कि यह आयोजन लोगों में बेटियों के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ाता है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता, लिंग विशेषज्ञ अजित कुमार दुबे, अर्चना जादौन, मोहित मिश्रा, लवली मिश्रा, प्रीती यादव, बेबी तबस्सुम और रमाकान्त उपस्थित रहे। सभी ने कन्या जन्म को समाज की समृद्धि और संतुलन का प्रतीक बताते हुए बेटियों के प्रति समानता और संवेदनशीलता का संदेश दिया।

## पुलिस मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार , पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल



इटावा। अपाचे बाइक न देने की खुन्नस में दबंगों ने युवक पर चार राउंड फायर किए। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें उसके दोनों पैरों में दो दो गोली लगी थी। गंभीर हालत देखते हुए उसे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया। घटना के दो दिन बाद कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मुठभेड़ के दौरान फायरिंग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने मौके से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। रानीबाग निवासी माधव गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता रविवार को रानीबाग क्षेत्र में एक जगह बैठा हुआ था घर के पास बैठा था। इसी दौरान मोहल्ले के कुछ युवक रास्ते में मिले और बाइक मांगने लगे। माधव ने बाइक देने से इंकार कर दिया तो युवकों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि इसका अंजाम भुगतना पड़ेगा। इस सराहनीय कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक यशवंत सिंह, उपनिरीक्षक कृपाल सिंह, उ.नि. मुकेश कुमार, उ.नि. काशिफ हनीफ, तथा कांस्टेबल आकाश यादव, शेखर चैहान, अमर प्रताप सिंह और कुलदीप कुमार शामिल रहे। अगले दिन यानी 6 अक्टूबर की शाम माधव जब रानीबाग में पास खड़ा था, तभी आरोपी युवक आए और उस पर चार राउंड फायरिंग कर दी। दो दो गोली माधव के दोनों पैर में लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। वादी की तहरीर पर मुकदमा तहत दो नामजद दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई और उनकी तलाश शुरू की गई। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि बीती रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि फायरिंग करने वाला आरोपी राजन उर्फ गुड्डन उर्फ माया पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र, निवासी ब्रह्म नगर, ख्वाजा तिराहा ( ग्वालियर-लायन सफारी रोड ) के पास मौजूद है।

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत गगहा ब्लॉक मुख्यालय पर बैठक सम्पन्न



मझगांवा, गोरखपुर। विकास खंड गगहा के ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर पर संचालित महिला स्वयं सहायता समूह सखियां, वीसी सखियां और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां बड़ी संख्या में शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खण्ड विकास अधिकारी रजत गुप्ता ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि संगठित होकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगी बल्कि समाज में नेतृत्व की भूमिका भी निभा सकेंगी। उन्होंने महिला समूहों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाएं। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) के.एम. दास ने मिशन शक्ति से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं, ब्लॉक मिशन प्रबंधक सुशील, आशिर फैजान सिद्दीकी, समीर कुमार, अवनीश पाठक सहित ब्लॉक कर्मियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य से संबंधित सुझाव दिए गए। वक्ताओं ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाएं अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं।

## विधायक सरवन निषाद ने किया सड़कों का उद् घाटन

चौरीचौरा, गोरखपुर। विधानसभा चौरी चौरा के विधायक ई. सरवन निषाद ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र में दो सड़कों का उद्घाटन किया। जिसमें रामपुर बुजुर्ग नहर पट्टी से विशंभरपुर तक लगभग 3किलोमीटर सड़क और सोनबरसा बाजार में ढाई सौ मीटर आरसीसी सड़क जो लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से नव निर्मित हुई थी,का उद्घाटन किया। विधायक ई0 सरवन निषाद ने कहा कि लगातार चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास का जो पार्टी का नारा है ,उसको साकार किया जा रहा है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है ।पिछली सरकारों में सड़कों का कार्य सिर्फ कागजों में होता था ।बिचौलियों की चांदी होती थी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़कों का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौरी चौरा विधानसभा में लगातार विभागों से प्रयास कर धन आवंटन करवाकर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। बजट की सरकार के पास कोई कमी नहीं है। उक्त अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष अच्छेलाल साहू राजदेव पासवान, विनोद शर्मा, पवन यादव, धर्मेन्द्र प्रजापति, रामदुलारे चौधरी, सोनू चौरसिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## वन्यजीवों से डरें नहीं बल्कि उन्हें पहचानना सीखें : जेल अधीक्षक



इटावा। विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर जिला कारागार इटावा में विभिन्न मामलों में निरुद्ध सभी बंदियों को राज्य आपदा सर्पदंश के बाद की जरूरी प्राथमिक चिकित्सा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सर्प पहचान और सर्पदंश उपचार की महत्वपूर्ण जानकारी संस्था ओशन द्वारा चलाए जा रहे सर्पदंश जागरूकता अभियान के अंतर्गत प्रदान की गई । आज इसी क्रम में जिला कारागार इटावा में बंद 594 महिला पुरुष बंदियों को सर्प पहचान और सर्पदंश उपचार की विशेष जानकारी प्रदान की गई। जिला जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह भदौरिया ने कहा कि, आज प्रदेश की मुख्य 11 राज्य आपदाओं में से सर्पदंश एक प्रमुख प्राकृतिक आपदा है जिससे प्रदेश भर में हर साल 16 हजार लोग प्रभावित होते है अतः इस राज्य आपदा से लड़ने के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बेहद ही प्रभावी है। उन्होंने उक्त जागरूकता कार्यक्रम के लिए संस्था ओशन ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजरवेशन ऑफ एनवायरनमेंट एंड नेचर के महासचिव सर्पदंश विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी को विशेष धन्यवाद दिया। वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र डॉ आशीष त्रिपाठी ने सभी बंदियों को सांपों की पहचान के साथ उनसे जुडी भ्रांतियों और अंध विश्वास से दूर रहने और सर्पदंश के तुरन्त बाद जल्द से जल्द अस्पताल जाकर इलाज लेने की बात कही।

## मुलायम सिंह किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के सच्चे हितैषी थे : जावेद आब्दी

चौरीचौरा, गोरखपुर। हर घर नेता जी कार्यक्रम के तहत,समाजवादी आंदोलन के प्रणेता, पूर्व रक्षा मंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर बुधवार को चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के डुमरी खुर्द स्थित एक मैरिज हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पार्टी के जिलाध्यक्ष बृजेश गौतम की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक वरिष्ठ सपा नेता मंतोष यादव रहे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष दयानंद विद्रोही ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव जावेद आब्दी रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जावेद आब्दी ने कहा कि मुलायम सिंह यादव किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने सदैव सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी। जिलाध्यक्ष बृजेश गौतम ने कहा कि नेताजी की सोच, संघर्ष और विचारधारा हम सभी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनका सपना था कि समाज का अंतिम व्यक्ति भी सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत करे। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि हर घर में नेताजी की विचारधारा आज भी जीवित है। और हम सभी का कर्तव्य है कि उसे आगे बढ़ाएं। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंतोष यादव की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

## बार एसोसिएशन मतदान 18 को

भरथना, इटावा। बार एसोसियेशन भरथना का चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, सदस्य रामकुमार यादव, राघवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सुभाष चन्द्र यादव, रामपाल सिंह राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि बार एसोसियेशन भरथना का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।

## देवा-कुर्सी रोड पर पीटीओ ने की चेकिंग, 4 ओवरलोड सीज व 15 चालान




बाराबंकी। क्षमता से अधिक भार लादकर चलने वाले वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रवर्तन दल ने 4 वाहनो को सीज व अन्य अभियोगो मे 15 चालान किये। इस दौरान अधूरे दस्तावेजो वाहन चालको मे हडकम्प मचा रहा। अभियान की जानकारी लेने पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज बुधवार को यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने देवा-कुर्सी रोड़ पर अभियान के दौरान 4 ओवरलोड़ वाहनो को सीज किया। तथा अन्य अभियोगो मे 15 चालान किये।

# डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

- नए चयनित ब्लाइंड स्पॉट की तकनीकी खामियों को दूर कराए अधिकारी



बाराबंकी। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये एंव पूर्व में हुई दुघर्टनाओं की समीक्षा करके उनकी पुनरावृत्ति पर रोक लगाने के लिये अधिकारी प्रभावी कदम उठाए। उक्त उद्गार कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने कही। बैठक मे जिलाधिकारी ने दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हाकिंत कर संकेतक लगाने, दुर्घटना बाहुल्य स्थानों असेनी मोड़, दारापुर मोड़, सफेदाबाद, रसौली मोड़, सफदरगंज मोड़, दादरा मोड़, लक्षबर बजहा मोड़, प्रतापगंज मोड़, बभौरा मोड़ आदि स्थानों पर नियमों का कड़ाई से पालन कराये जाने, सभी ब्लैक स्पॉट वाले स्थानों पर दुर्घटनाओं के रोकने के विशेष प्रयास किये जाने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। बैठक मे जिलाधिकारी ने नए चयनित ब्लाइंड स्पॉट की तकनीकी खामियों को दूर करने, एनएच के अधिकारियों को एनएच पर लगी स्ट्रीट लाइटों को एक सप्ताह में ऊर्जीकरण कराने, ट्रकों और परिवहन विभाग की बसों व अन्य चारपहिया वाहनों की गति को नियंत्रित करने व तेजगति वाहनों का चालान किये जाने को लेकर सख्त निर्देश दिये। तथा सड़कों के किनारे उगी बड़ी-बड़ी झाड़ियों की कटाई छटाई शीघ्रता से कराई जाने के लिये निर्देशित किया। इस मौके पर एआरटीओ अंकिता शुक्ला, यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनता की भागीदारी महत्वपूर्ण कारक बनेगी: भाजपा अध्यक्ष




इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अन्तर्गत जनपद की तीनों विधानसभाओं में आत्मनिर्भर संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा हैं। सिचाई विभाग गेस्ट हाउस में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में सदर विधानसभा में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और श्नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधारश विषय पर एक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मलेन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए पूर्व क्षेत्रीय मंत्री व कन्नौज से निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली लोककल्याणकारी सरकार का प्रमुख उद्देश्य जन सामान्य को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, व्यापार को सरल बनाना और राष्ट्र को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि भारत के आर्थिक विकास में अब केवल सरकार ही नहीं, जनता की सक्रिय भागीदारी भी एक महत्वपूर्ण कारक बन चुकी है। संचालन जिला महामंत्री शिवाकांत चैधरी ने किया। विधानसभा सम्मेलन में पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रमाकांत शर्मा, अभियान जिला संयोजक व जिला महामंत्री प्रशांत राव चैबे, जीएसटी अधिवक्ता विवेक अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, अलोक गुप्ता, धर्मेंद्र जैन, कृष्णमुरारी गुप्ता, एमपी सिंह तोमर, कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सतेंद्र राजपूत, नीतू नारायण मिश्रा सहित व्यापारीगण व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहें।

# नहीं थम रहा प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी करने वालों का आतंक

- आगरा कांड के बाद मध्य प्रदेश घटना ने प्रदेश को दिया सख्ती बरतने का संदेश
- प्रतिबंधित दवाओं की ब्रिकी करने वालों के खिलाफ अभी तक दर्ज नहीं हुई एफआईआर
- 16 सितम्बर को हुई छापेमारी की कार्यवाही को दबाने में जुटा है औषधि विभाग

भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की

**बाराबंकी।** आगरा कांड की प्रतिबंधित दवाओं का सिलसिला अभी थमा भी नही था। कि मध्यप्रदेश मे कफ सिरप पीने से हुई दर्दनाक मौत की घटना के बाद पूरे प्रदेश मे हाई अलर्ट जारी किया गया है।

प्रदेश मे अब दवा एंव सीरप बनाने मे प्रयोग होने वाले केमिकल की जांच, मिलावट व नकली दवा मिलने पर सम्बधित फर्म के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के स्पष्ट निर्देश खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रौशन जैकब ने सभी औषधि निरीक्षकों को दिये है। आमजन के जीवन एंव कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर यूपी में हाई अलर्ट जारी हुआ है। लेकिन जनपद मे मिलावटखोरों का आंतक थम नहीं रहा। आगराकाड़ व मध्य प्रदेश की घटना के बाद भी प्रतिबंधित दवाओं के काले कारोबार करने वाले दवा व्यापारियों के गिरेबान तक औषधि निरीक्षक के हाथ अभी तक नहीं पहुंच पाये है। या संरक्षण देने का काम खुलेआम जारी है? अब जरा गौर करे बीती 16 सितम्बर को औषधि निरीक्षक अयोध्या आलोक कुमार त्रिवेदी और औषधि निरीक्षक बाराबंकी रजिया बानो की संयुक्त टीम द्वारा बाराबंकी की चर्चित लखन मार्केट में अभियान चलाया गया था। और मौके से विशाल इण्टर प्राइजेज की दुकान से आगरा कांड से सम्बधित औषधि एलेग्रा 120 एमजी बैंच नम्बर 5एनजी009 एंव बैंच नम्बर 5एनजी001 दवा को भारी मात्रा में बरामद किया गया था। साथ ही भोला डिस्टीब्यूटर्स एंव एस. एस फार्मास्युटिकल्स पर भी अभियान चलाकर 5 औषधियों का रेडिमली नमूना प्रयोगशाला भेजने का दावा विभाग ने किया था। लेकिन एफआईआर की कार्यवाही विभाग के जिम्मेदारों ने नहीं की?

बस कारण बताओ नोटिस और लखनऊ औषधि निरीक्षक को पत्राचार किये जाने मात्र की खानापूर्ति करते हुये शासन की मंशा के विपरीत धन्नासेठों को बचाने का काम किया गया। अब वर्तमान समय मे मध्य प्रदेश की घटना ने कई प्रांतों को हाई अलर्ट के मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है। बाराबंकी जनपद में दवा की होलसेल मार्केट मे आज भी कफ सिरप व प्रतिबंधित दवाओं का जखीरा होने का दावा सूत्र कर रहे है। लेकिन छुटपुट मेड़िकल स्टोरो पर सख्ती के नाम पर विभाग खानापूर्ति कर वाहवाही बटोरने मे जुटा हुआ है।

जबकि आमजन के जीवन के साथ खिलवाड़ किये जाने की प्रमुखता से खबर को **हिन्दी दैनिक वायस ऑफ लखनऊ** द्वारा लगातार अभियान चलाकर प्रकाशित किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदारों के आर्थिक लाभ ने आमजन की जीवन रक्षार्थ कार्यो के विपरीत कार्य करने को मजबूर किया हुआ है। इस प्रकरण में बात करने पर औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने बताया कि लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कई मेडिकल स्टोर पर जांच की गई है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र कार्तिकेय वर्मा को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **कुमार चन्द्र पुत्र रविन्द्र प्रसाद वर्मा नि.- मो. कुम्हारन टोला वार्ड-4 थाना गोला खीरी।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं जय प्रकाश यादव मेरी भारतीय सेना की सर्विस बुक में मेरी पत्नी का नाम त्रुटिवश रीता देवी (Rita Devi) अंकित हो गया है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम रीता देवी (Reeta Devi) है। जय प्रकाश यादव पुत्र बुद्धु यादव निवासी-ग्राम व पोस्ट-लबकन, थाना-गौरी बाजार, जनपद-देवरिया।

**सूचना**

प्रार्थी के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट निशातगंज चौराहे के पास खो गये है जिसमे हमारी omaxe की पेमेंट रिसीप्ट और एटेंडम लेटर खो गया है Receipt no. 1026779 dt. 31/12/2013 Amt. 2,52,799.35 Receipt no. 1026780 dt. 31/12/2013 Amt. 4,04,121.65 Receipt no. 1158429 dt. 20/02/2015 mt. 12,66,159 कृपया करके अगर मिले तो बताने का कष्ट करें। Abhishek Agarwal

**कार्यालय ग्राम पंचायत दाखिनवारा, वि.ख.- कूरेभार, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-08.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत-दाखिनवारा, विकासखंड- कूरेभार, जनपद- सुलतानपुर राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष-2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक/भठ्ठा मालिक दिनांक- 09.10.2025 से दिनांक- 13.10.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत-दाखिनवारा पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक 13.10.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 3 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य। | 2.05 लाख रुपए। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट**- समस्त नियम व शर्तें मनरेगा गाइड लाइन के अनुसार लागू होंगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- दााखिनवारा, वि.ख.-कूरेभार
जनपद-सुलतानपुर

संक्षेप

## वायु सेना दिवस की वर्ष गांठ मनायी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में वायु सेना दिवस की 93 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व सैनिक सेवा परिषद प्रांत सचिव अवनीश कुमार गुप्ता ने की है। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान वायु सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा करते हुए पूर्व सैनिक श्याम कुमार पांडे, मुनक्के सिंह, सूबेदार सिंह, राम प्रकाश, बादशाह, लखविंदर और रविंद्र गुप्ता समेत प्रमुख पूर्व सैनिकों ने वायु सेना की 93 वीं वर्षगांठ पर उसकेशौर्य पराक्रम का बखान करते हुए वर्तमान समय में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वायु सेना अपने नए आयाम को छूते हुए निरंतर नई तकनीक के साथ रक्षा प्रणाली विकसित करने की कामना की गई है। सैन्यकर्मियों ने सेवा काल के दौरान घटनाओं का जिक्र कर रोमांचित हुए हैं।

## इंडियन बैंक ने लगाया कैंप

लखीमपुर खीरी। निघासन ब्लॉक सभागार में इंडियन बैंक द्वारा बैंक के नाम पर हो फ्राड को रोकने के लिए जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राहकों को डीफ अकाउंट रिनिवल की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई और निष्क्रिय खातों को सक्रिय कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अशोक कुमार गुप्ता द्वारा डी फ अकाउंट रिनिवल अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इंडियन बैंक की सभी 62 शाखाओं में शीर्ष 200 खातों को चिन्हित कर कुल 78.85 करोड़ की राशि को पुनः सक्रिय करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान अक्टूबर से दिसंबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत बैंक द्वारा संबंधित ग्राहकों से संपर्क कर उनकी जमा राशि को पुनः सक्रिय कर जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।

## सूची में नाम बढ़ाने के लिए 4.50 लाख आवेदन

जौनपुर। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जिले में मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी है। इसके तहत बीएलओ एप के जरिए नाम बढ़ाने, घटाने व संशोधन के लिए आवेदन ऑनलाइन किए गए। ई-बीएलओ एप पर अब तक कुल 6.95 लाख आवेदन अपलोड किए गए हैं। इसमें नाम बढ़ाने के लिए 4.50 लाख, काटने के लिए 2.37 लाख, संशोधन के लिए 45 हजार आवेदन आए। जिले में मतदाता पुनरीक्षण का अभियान 19 अगस्त से शुरू हुआ है। इसमें 29 सितंबर तक बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं का नाम, बढ़ाने व घटाने का काम कर रहे हैं। इसमें जिलेभर में 1959 बीएलओ लगाई गई हैं। इस दौरान उनको मोबाइल पर ई-बीएलओ एप के जरिए आवेदन करना होता है। साथ ही बीएलओ को 30 सितंबर से छह अक्टूबर तक ई-बीएलओ एप पर अतिरिक्त समय दिया गया।जिसमें जिलेभर में कुल 7 लाख 35 हजार 516 आवेदन हुए, इसमें नाम बढ़ाने को 4 लाख 50 हजार 335, नाम संशोधित करने को 4 लाख 7 हजार 751, नाम काटने को 2 लाख 37 हजार 430 आवेदन अपलोड किए गए। जिसकी जांच करके 5 दिसंबर को अंतिम प्रकाशन किया जाना है। छह दिसंबर से 12 दिसंबर तक दावा आपत्ति ली जाएगी। 13 से 19 दिसंबर तक उसका निस्तारण किया जाएगा। फिर छपाई के बाद 15 जनवरी को अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# परीक्षा को लेकर डीएम ने कक्ष निरीक्षकों संग की बैठक



लखीमपुर खीरी। आगामी 12 अक्तूबर को होने वाली राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा एवं एसीएफ/आरएफओ (प्रा०) परीक्षा को लेकर बुधवार को गुरु नानक इंटर कॉलेज सभागार में कक्ष निरीक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का संचालन एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने किया। बैठक की अध्यक्षता डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने की और उपस्थित सभी निरीक्षकों को स्पष्ट संदेश दिया कि आप सब इस परीक्षा की रीढ़ हैं, किसी की जरा सी चूक भी अभ्यर्थियों के भविष्य पर भारी पड़ सकती है। डीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसमें किसी भी स्तर पर की गई छोटी से छोटी चूक भी अक्षम्य मानी जाएगी। डीएम ने कहा कि हर निरीक्षक को अपने दायित्वों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। परीक्षा से पहले सभी निर्देशों का अध्ययन करें और केंद्र पर समय से पहुंचें। उन्होंने जोर देकर कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और अनुशासन ही प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी ने बैठक में कक्ष निरीक्षकों को उनके कार्य-दायित्वों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा से जुड़ी हर छोटी-बड़ी प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र पर प्रवेश, सीलिंग, उत्तर पुस्तिका संकलन से लेकर रिपोर्टिंग तक के बारे में विस्तारपूर्वक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सतर्कता और समयपालन ही निष्पक्ष परीक्षा की कुंजी है। आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक ने कक्ष निरीक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी परीक्षा व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी हैं। आपकी सतर्कता और अनुशासन ही परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करते हैं।‌ उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक निरीक्षक को आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करना होगा। किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।बैठक में प्रशिक्षु आईएएस मनीष धारवे, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्रा, आयोग के समन्वयी पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में कक्ष निरीक्षक मौजूद रहे।

## जिले में खाद का पर्याप्त स्टॉक, जमाखोरी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीएओ

लखीमपुर खीरी। रबी 2025 की बुआई की तैयारियों के बीच किसानों के लिए राहतभरी खबर आई है। इस बार जिले में यूरिया, डीएपी, एनपीके और सिंगल सुपर फास्फेट (एसएसपी) जैसी आवश्यक खादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में अब तक 18351.479 मीट्रिक टन यूरिया, 5155.295 मीट्रिक टन डीएपी, 7362.725 मीट्रिक टन एनपीके और 18811.040 मीट्रिक टन एसएसपी का भंडारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जनपद में यूरिया, डीएपी और एनपीके की किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसान भाई निर्धारित दर पर ही खाद खरीदें, अनावश्यक भंडारण से बचें और केवल अनुशंसित मात्रा में खाद का प्रयोग करें। डीएओ ने स्पष्ट किया कि खाद खरीदते समय किसान अपने साथ आधार कार्ड और खतौनी अवश्य लाएं और विक्रेता से कैश मेमो जरूर प्राप्त करें। जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि डीएपी, एनपीके और एसएसपी तीनों फास्फैटिक उर्वरक हैं, जिनमें तत्वों की मात्रा अलग-अलग होती है। डीएपी (डाई अमोनियम फास्फेट) में नत्रजन और फास्फोरस पाए जाते हैं। एनपीके में नत्रजन, फास्फोरस और पोटाश तीनों प्रमुख पोषक तत्व होते हैं। एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) में फास्फोरस के साथ-साथ सल्फर भी पाया जाता है, जो विशेष रूप से सरसों जैसी तिलहनी फसलों के लिए अत्यंत लाभदायक है।

यदि कोई विक्रेता निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलता है या किसानों को अन्य उत्पाद जबरन खरीदने के लिए बाध्य करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। साथ ही संबंधित थोक विक्रेता व विनिर्माता कंपनी पर भी कार्रवाई की जाएगी। किसान ऐसे मामलों की सूचना तुरंत सहायक विकास अधिकारी (कृषि) या कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7570088259 और 7839882212 पर दे सकते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की घटना के विरोध में दलित समाज के लोगों ने ज्ञापन दिया

मोहम्मदी खीरी। सुप्रीम कोर्ट में दुर्भाग्यपूर्ण घटना की निंदा एवं न्यायपालिका तथा संविधान संबंधी सुधार को लेकर जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष और दलित , शोषित समाज के लोगों ने भीमराव अंबेडकर पार्क पर एकत्र होकर घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 6 सूत्री ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। कस्बा में भीमराव अंबेडकर चौराहे पर जस्टिस पार्टी के अध्यक्ष और दलित शोषित समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर सुप्रीम कोर्ट में 6 अक्टूबर की घटना पर निंदा प्रस्ताव पास करते हुए कहा मानवी संबंधों को तार तार कर दिया है जिसकी निंदा जितनी की जाए उतनी कम है। उन्होंने दिए गए ज्ञापन में एन एस ए के तहत करवाई, जाति उन्मूलन अधिनियम निर्माण, न्यायपालिका में आरक्षण का त्वरित क्रियान्वयन, सरकारी अभिलेखों में जाति पहचान हटाने और जाति महिमा मंडन न्यायालय की देखरेख में लागू करने और निर्वाचन आयोग में सभी सामाजिक वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ अरुण कुमार सिंह, निरीक्षक उमेश चौरसिया समेत भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा है।

## पुलिस टीम ने अवैध आतिशबाजी और गोला बारूद जब्त किया

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में मुखबिर की सूचना पर घनी आबादी के बीच एक मकान में प्रशासनिक टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से रखी भारी मात्रा में



आतिशबाजी और गोला बारूद बरामद करने में सफलता मिली हैं पुलिस ने मामला दर्ज कर बरामद सामान को कब्जे में लिया है। समय रहते बड़ा हादसा टाला जा सका है। बुधवार को सूचना पर एसडीम, सीओ अरुण कुमार सिंह और निरीक्षक उमेश चौरसिया की संयुक्त टीम ने मोहल्ला शुक्लपुर में एक मकान पर छापा मारा जिसमें भारी मात्रा में रखी आतिशबाजी, गोला बारूद , मोमबत्ती और माचिस अवैध रूप से दीपावली त्यौहार पर बिक्री के लिए रखी गई थी जिसे देखकर अधिकारी सन्न रह गए उन्होंने रखे सामान को कब्जे में लेकर पहचान में सामने आए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। इस कार्रवाई से नगर के छोटे आतिशबाजी व्यापारी भूमिगत हो गए हैं। प्रशासनिक टीम चिन्हित जिन्हें करने में जुटी है।

## आत्मनिर्भर नारी ही समाज को देती है नयी दिशाः रीना सिंह




गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। शहर के एक गेस्ट हाऊस में महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 200 महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के दौरान 18 महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर सांस्कृतिक और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सराहा। माहौल में उत्साह और गर्व का भाव झलक रहा था। कार्यक्रम की आयोजक रीना सिंह ने कहा कि वह नारी जो आत्मनिर्भर होती है, वही समाज को नई दिशा दिखाती है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें। इस अवसर पर कमलजीत कौर, प्रीत, गीता, आरती, गायत्री, ज्योति, सीमा, अर्चना सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।

## भरत-राम मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भावविभोर



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। सुहेला स्थित श्री हनुमान मंदिर पर चल रही श्री राम कथा के छठे दिन कथा व्यास अजयानंद महाराज ने भ्रातृ प्रेम के उत्कृष्ट उदाहरण श्री राम और भरत के चित्रकूट मिलन प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि जब भरत अपने बड़े भाई श्रीराम को अयोध्या लौटाने के लिए चित्रकूट जा रहे थे, तब उन्होंने नंगे पैर और कठिन मार्ग का सामना करते हुए भी अपने संकल्प में विचलन नहीं आने दिया। उन्होंने बताया कि भरत भक्ति और धर्म के स्वरूप हैं। जिनका जीवन त्याग, सेवा और प्रेम का प्रतीक है। अजयानंद महाराज ने कहा चलत पायदे खात फल, पिता दीन्ह तजि राजु। जात मनावन रघुबरहिं, भरत सरिस को आजु। उन्होंने कहा कि भरत के मन में केवल प्रभु श्रीराम बसे हुए थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी कहा है कि ह्यमिलन प्रीति किमि जाइ बखानी, कवि कुल अगम करम मन बानी, अर्थात भरत का प्रेम शब्दों से परे है।

कथा व्यास ने आगे कहा कि भगवान श्रीराम ने अपने अनुज भरत के गुणों की प्रशंसा करते हुए कहा था ह्भरत चरित कीरति करतूती, धरमशील गुन विमल विभूती। श्रीराम ने कहा कि पिता के न रहने पर संपत्ति तो सभी भाई बाँट लेते हैं, पर विपत्ति को जो बाँटे वही सच्चा भाई होता है। जब भरत जी के प्रयासों से भी श्रीराम अयोध्या लौटने के लिए तैयार नहीं होते, तब भरत विनम्रता से कहते हैं सीताराम चरण रति मोरे, अनुदिन बढ़उ अनुग्रह तोरे। कथा व्यास ने कहा कि त्याग और भक्ति का भरत जैसा उदाहरण इतिहास में अद्वितीय है। इस भावपूर्ण प्रसंग के दौरान उपस्थित श्रद्धालु गदगद हो उठे और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर मोंटी गिरि, विशेष वर्मा, माखन लाल, दिवाकर, प्रेमचंद, सत्यनारायण, रितेश, देवेन्द्र अवस्थी, मुनेश, रामशरण, रामप्रकाश शुक्ल, राजेन्द्र राठौर, पंकज कुमार, हरित, इंद्रेश कुमार, डा0 वेद प्रकाश अग्निहोत्री आदि उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया जायेगा मेले का 75 वां वर्ष : डॉ दिनेश गुप्ता

तिकुनियां, खीरी। कस्बे में लगने वाला परंपरागत मेला अपने 74 वर्ष पूरे कर 75 वें वर्ष ने प्रवेश कर चुका है, इस वर्ष को धूमधाम से मनाने का निर्णय कमेटी ने लिया है। इस निर्णय के तहत कुछ दुकानदारों को निःशुल्क जगह मेले में मिलेगी तो कुछ कार्यक्रम भी बढ़ाए गए हैं। श्रीजनता रामलीला कमेटी पंजीकृत (1174) के अध्यक्ष डॉ दिनेश गुप्ता नीटू ने बताया कि 75 वे वर्ष में हम मेले को भव्यता की तरफ ले जाने के लिए प्रयासरत हैं। हमने मेले के संचालन के लिए मेला संचालन समिति का गठन कर दिया और निगरानी कर रहे है। उन्होंने बताया कि मेले में जितने भी दुकानदार मिट्टी के दिए, घड़ा,गमला आदि चीज बेंचते है उनसे कोई शुल्क मेला कमेटी नही लेगी और सिख भाईयों को ध्यान में रखते हुए मेले में एक पंजाबी कार्यक्रम जोड़ा गया है जो कि 15 अक्टूबर को होगा। सोलह अक्तूबर को विशाल कवि सम्मेलन होगा जिसमें नामी कवियों की उपस्थिति रहेगी। 12 अक्टूबर को भव्य रामबारात कस्बे से निकलती हुई गांव तक जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले में किसी भी दुकानदार व मेलार्थियों को दिक्कत न हो इसके लिए भी एक टीम बना दी गई है जो मुझे रिपोर्ट करेगी। मेले को और भव्यता देने के लिए वरिष्ठ लोगो से राय मशविरा लेने के बाद कमेटी की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## जनता को मिली राहत, विधायक बोले जनहित कार्य ही मेरी प्राथमिकता



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। विधानसभा क्षेत्र बिजुआ के ग्राम बेल्हासिकिटिया, बझेड़ा तथा रेतीपुरवा में बुधवार को क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने इस वर्ष पूर्ण हुई विभिन्न बाढ़ सुरक्षा परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर योजनाओं को आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक अमन गिरि ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी परिवार बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं के माध्यम से अब ग्रामीणों के घरों, किसानों की फसलों और पशुधन को बाढ़ से व्यापक सुरक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में जहां बाढ़ ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया था, वहीं इस बार जल शक्ति विभाग की योजनाओं ने लोगों को राहत और सुरक्षा प्रदान की है।

उन्होंने इस दिशा में किए गए सार्थक प्रयासों के लिए जल शक्ति मंत्री माननीय स्वतंत्र देव सिंह का आभार जताया और कहा कि सरकार गांव-गांव तक विकास और सुरक्षा का कवच पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने यह भी बताया कि बाढ़ नियंत्रण और जल निकासी व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए अगले वर्ष नई परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है, ताकि आपदा के समय ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी परियोजनाओं में आधुनिक तकनीक और स्थानीय अनुभवों का समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि हर विकास कार्य में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए। श्री गिरि ने कहा कि जनता के भरोसे और सरकार की नीतियों के बल पर ही क्षेत्र निरंतर प्रगति कर रहा है। स्थलीय निरीक्षण के दौरान विधायक ने ग्रामीणों से संवाद भी किया और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों की सराहना करते हुए विधायक को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से अब उन्हें निश्चिंतता का एहसास हुआ है, क्योंकि खेतों और घरों दोनों को बाढ़ के खतरे से सुरक्षा मिली है। इस अवसर पर वेद प्रकाश दीक्षित, प्रधान नेपाली राज, जयप्रकाश, प्रधान हरिश्चंद्र, श्रवण मिश्रा, अमित, सव्वन खान, पूर्व प्रधान चरणपाल सिंह, मंजीत सिंह, अमरीक सिंह, सुधीश बाजपेई आदि मौजूद रहे।

## विधायक व पालिकाध्यक्ष ने की महर्षि वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना



गोला गोकर्णनाथ ,खीरी। वीओएल। श्री वाल्मीकि जयंती के अवसर पर मंगलवार को विधायक अमन गिरि व पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने सब्जी मण्डी मार्ग स्थित श्री महर्षि वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर महर्षि को नमन किया और विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित वाल्मीकि समाज के लोगों के साथ बैठकर बातचीत की और उन्हें जयंती की शुभकामनाएं दीं। विधायक अमन गिरि ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने समाज को सत्य, सदाचार और ज्ञान का मार्ग दिखाया। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, सुधीर कुमार मधुकर, गोविंद कुमार, कुनाल, राजकिरण वाल्मीकि, राहुल, राकेश, प्रिंस भारती, सभासद भोली गिरि राजू रावत आदि मौजूद रहे।

## 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी छात्राओं का एआरटीओ ने जारी किया लाइसेंस

लखीमपुर खीरी। शक्ति फेज-5 एवं सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत परिवहन विभाग,लखीमपुर-खीरी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी छात्राओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिये जाने का कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। भगवादीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर की छात्राओं को सुमिलेटर मशीन के द्वारा मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यालय में कार्यरत संजय कुमार, सम्भागीय निरीक्षक (प्रशिक्षण) की देखरेख में प्रदान किया गया। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी 101 छात्राओं का लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कराये जाने हेतु पंजीकरण किया गया। बुधवार को 15 छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस जारी किये गये। इस मौके पर शन्ति भूषण पाण्डेय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, कोशलेन्द्र यादव यात्री/मालकर अधिकारी, भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विमलेश, असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ0 सविता शुक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, डा0 क्षमा तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर तथा अन्य उपस्थित रहे।

## 74वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ



लखीमपुर खीरी। तीन दिवसीय 74वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता की शुरूआत बुधवार को जीआईसी मैदान में बेहद उत्साह और उमंग के बीच हुई। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उद्घाटन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर किया।

डीएम ने विधिवत घोषणा कर प्रतियोगिता का शुंभारम्भ किया। डीएम ने मार्च पास्ट की सलामी ली और तिरंगे गुब्बारों को उड़ाकर शांति का संदेश दिया। हवा में लहराते तिरंगे गुब्बारे मानो बच्चों के सपनों की उड़ान का प्रतीक बन गए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले बच्चें विशेष प्रतिभावान और सौभाग्यशाली है, जिनकों इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कहा कि हर क्षेत्र के लिए अच्छी प्रतिस्पर्धा खेल का मैदान ही सीखता है। विजयी होने पर अभिमान नही आना चाहिए और हारने पर अपने प्रतिद्वंदी के विरूद्ध ईष्या का भाव भी नही आनी चाहिए। विजयी होने से ज्यादा अपनी जीत को बरकरार रखता महत्वपूर्ण होता है।

डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र ने प्रतिभागियों से अपील की कि अनुशासित ढंग से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जाये तो अधिक आनंद आता है। उक्त रैली में जनपद के समस्त विकास खण्डों के विद्यालयों के विजयी प्रतिभागी खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संयोजक जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह ने बताया कि जनपदीय प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागी मण्डलीय खेलों में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ ईशविंदर सिंह, सीमा टंडन, शालिनी दुबे सहित विभिन्न विभागों के प्रधानाचार्य अध्यापक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी बच्चों उपस्थित रहे।

## धान की कम दर और खराब फसल से किसानों के चेहरों पर मायूसीः रामकुमार कश्यप



पिपरिया धनी (खीरी)। धान की गिरती दरों और खराब फसल ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। इस बार धान की किस्म 126 में अजीब तरह की बीमारी फैलने से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

किसानों के अनुसार, लगभग आठ बार दवा के स्प्रे करने के बावजूद फसल को बचाया नहीं जा सका। धान की पत्तियां सूख गईं और हल्दी रोग की चपेट में आने से धान काटने पर काला पड़ गया। परिणामस्वरूप उपज में भारी गिरावट आई है। जहां सामान्य परिस्थितियों में धान की पैदावार 35 कुंतल प्रति एकड़ होती है, वहीं इस बार उत्पादन घटकर 24 कुंतल प्रति एकड़ तक सीमित रह गया। ऊपर से बाजार में धान के दाम भी किसानों की उम्मीदों के विपरीत गिर गए हैं। किसानों को 1300 से 1700 रुपये प्रति कुंतल तक ही भाव मिल पा रहा है, जिससे उनकी लागत भी मुश्किल से निकल रही है। ग्राम पंचायत बंजरिया के प्रधान गुरुपाल सिंह ने बताया कि इस बार धान की फसल पर बीमारी और बाजार दोनों ने किसानों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक है, सरकार को तुरंत राहत के उपाय करने चाहिए। धान की कम दर और उत्पादन घटने से क्षेत्र के किसानों में गहरी मायूसी और चिंता का माहौल है।


**लखनऊ नगर निगम**
लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.)
e-tenderportal : https://etender.up.nic.in

पत्रांक : D-234/20-2 दिनांक : 04.10.2025

निम्नलिखित भवनों का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213 (बी0-2) के अंतर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है। निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालयों में प्रस्तुत करें, आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।

जोन-2

| क्रं. सं. | भवन संख्या एवं मोहल्ले का नाम | दर्ज भवन स्वामी का नाम | प्रस्तावित भवन स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एफ-1836, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | उषा अग्रवाल | रोहित अग्रवाल | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र व विक्रय विलेख |
| 2 | ई-3096, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | राम स्वरूप कुरील | सचिन मेहरोत्रा | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 3 | एफ-3901, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | कविता कपूर | सुरेश प्रसाद द्विवेदी | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 4 | ई-1241, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | वीरन मेहरा | अक्षत मेहरा | मृत्यु प्रमाण-पत्र व वसीयत |
| 5 | एफ-2110, वार्ड कुँवर ज्योति प्रसाद, राजाजीपुरम | अनिल कुमार कोहली व विनोक कु0कोहली | शिवम व अवनिल श्रीवास्तव | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 6 | ई-4649, राजाजीपुरम | पुष्पा रानी | नरेश कुमार दोहरे | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 7 | ई-5384-5386, राजाजीपुरम | रतन कुमार द्विवेदी | मान सिंह व प्रीति वर्मा | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 8 | एफ-3153, राजाजीपुरम | वेद प्रकाश | निकिता तमता | शपथ-पत्र व विक्रय विलेख |
| 9 | 256/160 स्थित खजुहा | अवसेरी | रचना जायसवाल | शपथ-पुत्र, मृत्यु प्रमाण, पंजीकृत बैनामा |
| 10 | 268/661 स्थित तिलक नगर | लल्लन प्रसाद श्रीवास्तव | निधि श्रीवास्तव | पारिवारिक शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 11 | 268/641/2 (GIS) स्थित तिलक | आर0बी0 श्रीवास्तव | अनिल कु0 श्रीवास्तव व अशोक कु0 श्रीवास्तव | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण, पंजीकृत बैनामा |
| 12 | ए-डी 36 से0-ए, बी, सी एवं डी राजाजीपुरम | श्रीमती प्रेमा अवस्थी पत्नी शिव प्रसाद अवस्थी | 1. श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा 2. श्री श्याम सुन्दर दीनानाथ त्रिपाठी | रजिस्ट्री, शपथ-पत्र आदि |
| 13 | 547ए/प्लाट-05, से0-ए, बी, सी एवं डी, राजाजीपुरम | श्रीमती जीनत बेगम | श्रीमती षबा बेग | रजिस्ट्री, शपथ-पत्र आदि |
| 14 | 255क/030 जी0आई0एस0 कुण्डरी कॉलोनी | मनमोहन सहाय | विनय मोहन व मलय मोहन सक्सेना | शपथ-पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, पंजीकृत वसीयत |
| 15 | 217/641बी, आगां बांका वार्ड राजाजीपुरम | मो0 अली पुत्र हाजी फकीर मोहम्मद | मो0 यामीन खान, इरफान अहमद, रेहान अहमद खान, परवेज खान | विक्रय विलेख/ शपथ-पत्र |

जोनल अधिकारी, जोन-2

संक्षेप

## जांच के लिए टीम गठित

आजमगढ़। अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) राहुल विश्वकर्मा ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद आजमगढ़ में स्थित आतिशबाजी के लाइसेंसियों के दुकानों की जाँच उप जिला मजिस्ट्रेट/क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन कर पटाखों के विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय की जाँच करायी जा रही है। यदि किसी स्थान पर बिना लाइसेंस के या आबादी के मध्य पटाखों का विनिर्माण, भण्डारण एवं विक्रय किया जाना संज्ञानित हो तों तत्काल कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के कन्ट्रोल रूम में दूरभाष सं0-9454417172 पर तत्काल सूचित करें। प्रकरण में किसी भी प्रकार की त्रुटि पायें जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## रस्सी के सहारे लटकता मिला छात्रा का शव

आजमगढ़। जनपद के महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम गांव में बुधवार सुबह 18 वर्षीय पूजा चैहान का शव उसके कमरे में रस्सी से लटकता पाया गया। मृतका स्नातक की छात्रा थी और ब्यूटी पार्लर का कोर्स भी कर रही थी। सुबह परिजनों ने उसे जगाने के लिए कमरे में प्रवेश किया तो यह दिल दहलाने वाला दृश्य देखा। परिजनों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। महाराजगंज कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और फोरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल की गहन जांच की। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक केदारनाथ मौर्य ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के सटीक कारणों का पता चलेगा। परिजनों ने बताया कि पूजा रात में खाना खाकर सोने गई थी और उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी। मृतका के दो भाई और तीन बहनें हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## डीएवी में मेला शुरू

आजमगढ़। उपायुक्त उद्योग एसएस रावत ने जनपद के समस्त व्यापारियों को अवगत कराया है कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उप्र, कानपुर द्वारा 9 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक जनपदों में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो, 2025 स्वदेशी मेला आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए है। जिसके क्रम में जनपद-आजमगढ़ में स्थानीय स्तर पर उद्यमियों/हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विपणन व प्रदर्शनी हेतु 09 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक स्वदेशी मेला डीएवी कालेज आजमगढ़ के ग्राउण्ड, में आयोजित किया गया है। उक्त स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, सी.एम. युवा, ओ॰डी॰ओ॰पी॰, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आदि के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य उत्पादकों द्वारा अपने उत्पाद का विक्रय एवं प्रदर्शन किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील किया है कि उक्त स्वदेशी मेलें में प्रतिभाग कर जनपद के उत्कृष्ट उत्पादों की खरीदारी करते हुये उक्त अवसर का लाभ उठायें।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के रेही गांव निवासी एक युवक की मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र में बिजली बंबा बाईपास के बाजोट कट के पास मंगलवार दोपहर एक सड़क हादसे में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार सुबह शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत रेही गांव निवासी भोला तिवारी का 29 वर्षीय पुत्र दीपेंद्र तिवारी मेरठ में शॉप्रिक्स के पास एक कॉलोनी में रहकर एशियन पेंट कंपनी में कार्यरत थे। किसी काम से बाइक से मंगलवार को कहीं जा रहे थे कि तेज रफ्तार कैंटर ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दीपेंद्र तिवारी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलावस्था में थाना लोहिया नगर की पुलिस मौके पर पहुंचकर उपचार के लिए अस्पताल ले गई जहां पर मौजूद चिकित्सक ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन रेही गांव से मेरठ गए। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों एवं गांव के लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। मृतक चार भाई थे जिसमें दीपेंद्र बड़े भाई योगेंद्र से छोटा था। मृतक की शादी दो साल पहले हुई थी। मृतक को एक 12 माह की बच्ची है। युवक का शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# राज्यपाल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में बांटी हेल्थ किट




सोनभद्र। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आगनबाड़ी किट व हेल्थ किट का वितरण की, उन्होने आयोजित कार्यक्रम में पॉच आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट व हेल्थ किट का वितरण की इस दौरान उन्होंने सी0एस0आर0 मद से आगनबाड़ी किट उपलब्ध कराने वाले इकाईयों के प्रतिनिधि को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित की, सम्मानित होने वाली इकाईयों में एन0सी0एल0 सिंगरौली जिनके द्वारा 100 किट उपलब्ध करायी गयी थी, एन0सी0एल0 बीना जिनके द्वारा 25 किट, हिण्डालको रेनूकूट द्वारा 25 किट, अल्ट्राटेक सीमेन्ट 25 किट, एस0बी0आई0 रावर्टसगंज 25 किट, बिरला कार्बन 25 किट कुल 225 किट आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उपलब्ध करायी गयी।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला खनिज फाउन्डेसन निधि के माध्यम से 200 हेल्थ किट आंगनबाड़ी केन्दों हेतु उपलब्ध करायी गयी, इस दौरान राज्यपाल ने जनपद सोनभद्र में आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु किये जा रहे कार्यो के लिए जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की सराहना भी की, राज्यपाल ने मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी राजभवन से लायी गयी पुस्तक भी भेंट की।

इस दौरान राज्यपाल ने जिलाधिकारी हेतु लायी गयी पुस्तक मुख्य विकास अधिकारी को भेंट की, इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी विनित सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों का हो तत्काल निस्तारणः गीता



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा जी ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की समीक्षा के दौरान सदस्य ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को शसक्त एवं सम्बल बनाने में अनेक जन कल्याणकारी योजनायें संचालित हो रही है। योजनाओं से सभी पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाये उन्होने कहा कि महिलओं के सशक्तिकरण हेतु मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति अभियान का शुभारम्भ किया गया है जिसके माध्यम से महिलाओं को जागरूक करने के साथ ही सबल बनाने कि दिशा में कार्य किया जा रहा है महिलायें सशक्त एवं आत्म निर्भर बनेगी तभी देश व प्रदेश सशक्त व मजबूत होगा।

इसके पश्चात सदस्य ने महिला जनसुनवाई में महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई की, सुनवाई के दौरान सीमा जायसवाल, मीरा, स्वाती जायसवाल, निर्मला देवी, कंचन पटेल, निर्जला देवी ने अपनी समस्याओं को रखा उन्होने बारी-बारी महिलाओं के उत्पीड़न सम्बन्धित शिकायतों को सुनी, इसके पश्चात उन्होने पांच शिकायतों को पुलिस विभाग के अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक रणधीर मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त मामले में पुलिस बल को मौके पर भेजकर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराये, एक शिकायत को आयोग को पत्रचार हेतु स्थानान्तरित करने हेंतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस मौके उपस्थित अधिकारिगण जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधाशु शेखर शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेन्द देव पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मकूल आनन्द पाण्डेय, जिला दिव्यांगजन अधिकारी विद्या देवी, महिला थानाध्यक्ष सविता सरोज, प्रोबेशन कार्यालय से दीपिका सिंह, साधना मिश्रा, आकाक्षां पाण्डेय सहित सम्बन्धित अधिकारिगण व कर्मचारीगण उपपस्थित रहें।

## मंदिर प्रबंधन में भागीदारी के लिए गोंड महासभा का प्रदर्शन



मीरजापुर। अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा की जिला शाखा ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। संगठन ने ज्ञापन में बमलाई दाई (बिमलेश्वरी देवी) मंदिर विवाद के मामले में आदिवासी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने और मंदिर प्रबंधन समिति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि 27 सितंबर 2025 को नवरात्र के पांचवें दिन बमलाई दाई मंदिर में दर्शन के दौरान विवाद हुआ था। इस दौरान खैरागढ़ राज परिवार के राजकुमार भवानी बहादुर सिंह द्वारा मंदिर प्रबंधन और ट्रस्ट व्यवस्था पर लगाए गए गंभीर आरोपों का संगठन ने समर्थन किया है।

संगठन ने कहा कि खैरागढ़ के राजा कमल नारायण सिंह गोंड वंश के राजा थे, जिन्होंने लगभग दो हजार वर्ष पूर्व कुलदेवी बिमलाई दाई (बिमलेश्वरी देवी) की स्थापना सभी जाति-वर्गों को जोड़कर की थी। लेकिन वर्तमान में मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति द्वारा राजपरिवार और आदिवासी समाज को प्रबंधन से बाहर कर दिया गया है, जो अन्यायपूर्ण और ऐतिहासिक परंपराओं के विपरीत है। गोंड महासभा ने मांग की कि मंदिर प्रबंधन समिति में आदिवासी समाज की प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए तथा राजकुमार भवानी सिंह के विरुद्ध दर्ज एफआईआर वापस ली जाए। महासभा ने कहा कि मंदिर में आज भी वार्षिक श्रृंगार पूजा और परंपरागत पूजा विधि आदिवासी बैगा समाज के सदस्यों द्वारा ही संपन्न कराई जाती है, इसलिए मंदिर की संस्कृति, परंपरा और रीतिरिवाजों को संरक्षित रखना आवश्यक है। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। ज्ञापन देने वाले मेउ प्रमुख रूप से रामप्यारे गोंड, बच्चा गोंड, रामसागर गोंड, मोनू गोंड, जगदीश गोंड, राजेंद्र ,महेंद्र रामधनी, सतीश, महेश, अशोक, पारस, रविशंकर, जटाशंकर शामिल रहे हैं।

## सेना दिवस पर देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में वायु सेना दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय वायु सेना के गौरवशाली इतिहास, अनुशासन और देश की सुरक्षा में उसकी अद्वितीय भूमिका से अवगत कराना था।कार्यक्रम की शुरूआत एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पांडेय द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। एनसीसी कैडेट अंशिका राय और अदिति मिश्रा ने ह्नआवर फोर्से आवर प्राईडह्न विषय पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय वायु सेना की वीरता, समर्पण और तकनीकी कौशल पर प्रकाश डालते हुए सभी में देशभक्ति की भावना का संचार किया।मुख्य अतिथि प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वायु सेना दिवस हमें अनुशासन, सेवा और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने कैडेट्स से देश के प्रति निष्ठा और कर्मशीलता की प्रेरणा लेने का आह्वान किया।विशिष्ट अतिथि डॉ. नितेश जायसवाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को वायु सेना के पराक्रम से सीख लेकर अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए।उन्होंने कहा कि युवा शब्द को उल्टा पढ़ने पर वायु बनता हैकृयदि सही दिशा मिले तो वही ऊर्जा देश निर्माण का आधार बन सकती है। एनसीसी कैडेट अंशिका राय, प्रिया विश्वकर्मा, अदिति मिश्रा, गरिमा अग्रहरि, प्रीति यादव, सोनम, गरिमा बौध, उजाला बिन्द, शालिनी भारती, शालिनी यादव, मुस्कान मौर्य, कामना कन्नौजिया, अंजलि सिंह, गोल्डी यादव, आशुतोष कुमार तिवारी, शिवा कांत ओझा, विशाल, जैश आर्या, अमन मोदनवाल, अमन कन्नौजिया, आदित्य वर्मा, आदित्य पाण्डेय, सलमान शाह, शिवम मिश्रा, मोहम्मद अफजल, अखिलेश यादव, वैभव सिंह, अजीत कुमार, आदित्य राज, सानिध्य यादव मौजूद रहे।

## 34 परीक्षा केंद्रों पर होगी अधीनस्थ सेवा परीक्षा

जौनपुर । जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा तथा सहायक वन संरक्षक क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। यह परीक्षा 12 अक्टूबर को दो सत्रों पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे तक जनपद के 34 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होना प्रस्तावित है, जिसके लिए 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। परीक्षा में 16032 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।परीक्षा को संपन्न कराने हेतु अपर जिलाधिकारी वि0रा0 राम अक्षयवर चैहान को नोडल तथा उप जिलाधिकारी न्यायिक मछलीशहर शिव प्रताप को सह नोडल नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि परीक्षा को आयोग के निर्देशानुसार संपादित कराया जाए। जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय, आदि के संबंध में जानकारी लेते निर्देश दिए कि प्रवेश के समय अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली जाए, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट पूरी तरह निषेध रहेंगे। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी अभ्यर्थी दिए गए आंसर शीट की नीली प्रति ही अपने साथ ले जायेंगे, अन्य प्रतियां कक्ष निरीक्षक के द्वारा जमा करा ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा तीस मिनट पूर्व से प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा प्रारंभ हेतु निर्धारित समय से 45 मिनट पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व में ही परीक्षा केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करा दी जाए। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की सुविधा न होने पाए। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## एनबीसी चुनाव में बीएमएस का लहराया परचम



बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद में बुधवार को एन बी सी का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न हुआ। एन बी सी के लिए हुए चुनाव में इंटक, बी एम एस और एटक संगठनों ने अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में बी एम एस ने 51 वोट प्राप्त कर चुनाव में जीत हासिल की और एटक ने 46 वोट के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया वहीं इंटक प्रत्यासी को 28 वोट से संतोष करना पड़ा।सुबह सात बजे शुरू हुए मतदान में कर्मचारियों ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतदान उपरांत तुरंत मतगणना हुई और उसके बाद चुनाव अधिकारी वी के पांडेय अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन ने जैसे ही चुनाव परिणाम की घोषणा की बीएमएस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। एनबीसी चुनाव के सकुशल सम्पन्न होने पर परियोजना प्रमुख अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक रिहंद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्वाचित यूनियन को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी ने एनटीपीसी के प्रति उनकी सक्रियता और जागरूकता को प्रदर्शित किया है। श्री श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित एन बी सी के प्रतिनिधि संगठन से एनटीपीसी के हित में कदम से कदम मिलकर कार्य करने की उम्मीद जताई है।स्वच्छ और पारदर्शी चुनाव के दौरान पर्यवेक्षक के रूप में डॉ.अथर नूर श्रम प्रवर्तन अधिकारी (केंद्रीय) की मौजूदगी रही। इस अवसर पर बीएमएस के अध्यक्ष राकेश राय, उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, महामंत्री एसएन पाठक, अमित केशरी, सुमित मिश्रा, मयूर मित्तल, शालिक राम, गुरमीत सिंह, मनोज कुमार, हरिओम मिश्रा, मोहम्मद जाबेद, बालमुकुंद, अजय, रमानिवास, रितेश, चंदन, सोमनाथ गांगुली समेत समस्त पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## आचार्य शुक्ल ने साहित्य के माध्यम से किया सबका मार्गदर्शनः दयाशंकर मिश्र




मीरजापुर। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में हिंदी विभूति आचार्य रामचंद्र शुक्ल की 141 वीं जयंती व महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दयाशंकर मिश्र राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार और विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ अनुज प्रताप सिंह पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर हिंदी विभाग ने की। संचालन आनंद अमित ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल और महर्षि वाल्मीकि की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके किया। आचार्य शुक्ल के पौत्र राकेश चंद्र शुक्ल ने अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गाजीपुर के चर्चित साहित्यकार और प्रखर वक्ता माधव कृष्ण को आचार्य राम चंद्र शुक्ल सम्मान 2025 दिया गया। पिछले 2 वर्षो से यह सम्मान आलोचना साहित्य में विशेष योगदान के लिए चुने हुए साहित्यकार को दिया जा रहा है। अध्यक्षता कर रहे डॉ अनुज प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिंदी साहित्य का इतिहास लिखने का कार्य किया। मुख्य अतिथि दयाशंकर मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य शुक्ल जी का जन्म बस्ती में हुआ लेकिन उन्होंने मिजापुर में रहते हुए हिंदी साहित्य के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। आचार्य शुक्ल ने साहित्य के माध्यम से सबका मार्गदर्शन किया। नगर पालिका मिजापुर अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल जैसे महान साहित्यकारों ने मिजापुर को कार्य क्षेत्र बनाया। डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि हिंदी साहित्य के लिए आचार्य शुक्ल और का कार्य महत्वपूर्ण है तो संस्कृत में महर्षि वाल्मीकि। का। लालब्रत सिंह, भोलानाथ कुशवाहा, विजय कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार यादव, मुहीब मिजापुरी ने आचार्य शुक्ल के साहित्यिक जीवन व उनके लेखन पर अपना वक्तव्य दिया।

प्रबंधक राकेश शुक्ल ने आचार्य रामचंद्र शुक्ल विश्वविद्यालय नामकरण और बाल्मीकि जयंती के साथ आचार्य शुक्ल जी की जयंती को भी जोड़ने के लिए मुख्यातिथि को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान हौसला प्रसाद मिश्र, विशाल श्रीवास्तव, इंद्रजीत शुक्ल, नंदलाल मौर्या, गुमनाम मिजापुरी, गणेश प्रसाद तिवारी, रामजी तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, राजपति ओझा, केदारनाथ सविता, इरफान कुरैशी, आनंद केसरी, नंदिनी वर्मा, सृष्टि राज आदि उपस्थित रहे।

## तीन किमी दौड़ में उजाला यादव ने मारी बाजी



जौनपुर । मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए रन फॉर एम्पावरमेंट दौड़ का आयोजन बुधवार सुबह किया गया। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस 3 किलोमीटर की क्रॉस कंट्री रेस में उजाला यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह दौड़ मां दुर्गा जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिद्दीकपुर से इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर तक हुई। इसका शुभारंभ मां दुर्गा जी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। समापन समारोह में सरायख्वाजा थाना के सहायक उप निरीक्षक अखिलेश कुमार यादव मुख्य अतिथि रहे, जिन्होंने शीर्ष छह विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिलेश कुमार यादव ने महिला खिलाड़ियों और सभी महिलाओं को सुरक्षा, जागरूकता और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की आत्मरक्षा हेतु एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया। इसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जफराबाद की प्रवक्ता और मिशन शक्ति जौनपुर की प्रभारी श्रीमती प्रतिमा यादव, राजकीय इंटर कॉलेज सुदीत राय गंज के प्रवक्ता विनय यादव और उत्तर गाँव की अध्यापिका आराधना यादव की टीम मौजूद थी। अध्यापिका आराधना यादव ने बालिकाओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकें सिखाईं, जिससे उनमें वास्तविक आत्मसंतुष्टि और आत्मविश्वास की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। क्रॉस कंट्री रेस की अन्य विजेता खिलाड़ी इस प्रकार रहींरू भारती निषाद (द्वितीय), शिवांगी यादव (तृतीय), अमृता यादव (चतुर्थ), नैन्सी (पंचम) और नव्या चैहान (छठां) नम्बर प्राप्त किया।

## मुसीबत व संदेह की स्थिति होने पर तत्काल पुलिस को दें सूचना

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। मिशन शक्ति अभियान फेज पांच के तहत ड्रमंडगंज पुलिस ने बुधवार को मड़वा धनावल गांव में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मिशन शक्ति प्रभारी एसआई रमेश यादव व सहप्रभारी कांस्टेबल ज्योति पासवान ने सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। महिला कांस्टेबल ज्योति पासवान ने 1090,108,1076,1098 साइबर अपराध 1930 सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला कांस्टेबल ने कहा कि समस्याओं को नजरंदाज नही करें बल्कि परिजनों और पुलिस को बताएं जिससे समस्या का त्वरित समाधान हो सके।महिला कांस्टेबल ज्योति पासवान ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति सजग करते हुए कहा कि किसी भी मुसीबत या संदेह की स्थिति होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112 पर फोन करके पुलिस की तुरंत सहायता प्राप्त कर सकती है। महिलाओं और बालिकाओं को आश्वस्त किया मुसीबत पड़ने पर पुलिस आपकी मदद के लिए पहुंचेगी।

## 21वीं पुण्यतिथि पर याद किये गये राजेंद्र मिश्रा

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू ने अपने पूज्य पिता, पूर्व जिला महामंत्री भाजपा आजमगढ़ स्वर्गीय राजेन्द्र मिश्रा की 21 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर जन सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने पिता को श्रद्धां सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सदर अस्पताल में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के साथ भाजपा पदाधिकारियों कार्यकताओं ने मरीजों में फल वितरित किया। महिला अस्पताल



में अखिलेश मिश्रा गुड्डू की धर्मपत्नी श्रीमती कंचन मिश्रा और भाजपा की महिला पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मरीजों को फल वितरित किया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के आवास पर आयोजित रक्तदान शिविर में 150 भाजपा पदाधिकारियों कार्यकताओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के पूज्य पिता स्वर्गीय राजेन्द्र मिश्रा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री स्वर्गीय राजेन्द्र मिश्रा जी ने अपना जीवन जनसेवा में समर्पित किया। जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव सिंह ने कहा कि अखिलेश मिश्रा गुड्डू के पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद मिश्रा भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री थे। वह मेरे पहले राजनीतिक गुरु भी थे। कम संसाधनों में जिस प्रकार से उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को मजबूत करने का कार्य किया उनके कार्यकाल में तरवा सदस्यता के मामले में पूरे प्रदेश में नंबर वन था। रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं हो सकता क्योंकि रक्तदान से हम किसी का जीवन बचा सकते हैं अपने पिताजी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रतिवर्ष मैं रक्तदान शिविर का आयोजन करता हूं और लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करता हूं। सैकड़ो की संख्या में स्वेच्छा से लोग रक्तदान करते है। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के मुन्डा स्थित आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष सदस्य विधान परिषद धर्मेंद्र सिंह, नीलम सोनकर, जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, हौसला प्रसाद उपाध्याय,जयनाथ सिंह विनोद राय, आरपी राय, श्रीकृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय देवेंद्र सिंह, विशाल श्रीवास्तव सुरेंद्र सिंह शैलेंद्र अग्रवाल, पदाधिकारी कार्यकर्ता और आमजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## महिला ने प्राइवेट पार्ट पर चलाया चाकू, युवक गंभीर

जौनपुर । जिले के सरपतहां थाना क्षेत्र के डकहां गांव में दो बच्चों की मां ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया। उसने युवक के प्राइवेट पार्ट पर चाकू मारा। इस कारण युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. उसका वाराणसी के अस्पताल में इलाज जारी है. ।हमले से लहूलुहान हालत में युवक तड़पने लगा. आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया. आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बताते है कि उक्त गांव की रहने वाली दो बच्चों की मां ने मंगलवार की देररात गांव के ही एक 22 वर्षीय युवक को अपने घर बुलाया. आरोप है कि महिला ने युवक के प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला कर दिया। युवक लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। युवक के शोर मचाने पर जब आस-पास के लोगों को जानकारी हुई तो युवक परिजनों तक ये बात गई. परिजन तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी ।बताया जा रहा है कि युवक के प्राइवेट पार्ट पर हमला करने वाली महिला के दो बच्चे हैं. उसका पति अहमदाबाद में रहकर नौकरी करता है। महिला ने गांव के ही युवक को बुलाकर उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला क्यों किया इसके पीछे की असल वजह आखिर क्या थी फिलहाल, आरोपी महिला ने इस पर कुछ भी नहीं कहा है। शाहगंज के क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान का कहना है कि सरपतहां थाना क्षेत्र के डकहा गांव में एक महिला ने गांव के ही एक युवक को मंगलवार की देर रात बुलाकर उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला कर दिया. युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से उसकी गंभीर हालत देखते हुए वाराणसी रेफर किया गया है।

## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दिखाये दांव पेच

जौनपुर। बसारतपुर में दंगल का आयोजन 251 वर्षों से होता चला आ रहा है और समय के साथ-साथ जहां कुश्ती और दंगल विलुप्त होने की स्थिति में आ



चुका है। वही इस गांव के लोग प्रतिवर्ष दंगल का आयोजन करते आ रहे हैं। कुश्ती दंगल में कई नामी गिरामी पहलवानों ने भाग लिया और अपने दांव पेच दिखाय। इस आयोजन में मल्हनी विधानसभा के के पूर्व प्रत्याशी सतीश सिंह का अहम भूमिका है। उनके पूर्वजों द्वारा इस आयोजन का शुरूआत किया गया था ।तब से लेकर कर आज तक यह कार्यक्रम अनवरत चलता आ रहा है। इस कुश्ती प्रतियोगिता में अनेक पहलवानों ने दांव पेच दिखाये। बदलापुर के विधायक रमेश मिश्रा ने कहा की आज युवाओं में हो रहे अनेक प्रकार के प्राण घातक रोग सुनने को मिल रहे हैं। आज के समय की युवा कुश्ती,दंगल,कबड्डी जैसे खेल से दूर होते जा रहे हैं। जिसके वजह से शरीर में खतरनाक बीमारियां घर बना रही हैं। यदि स्वस्थ्य और सुरक्षित रहना है। तो मिट्टी से जुड़कर कुश्ती, दंगल करते हुए व्यक्ति स्वस्थ्य और निरोगी हो सकता है। आज भी हमारे यहां जो इस तरीके से व्यायाम करते हैं। वह निरोगी व स्वस्थ्य हैं। सतीश सिंह ने कहा की हमारे पूर्वजों के द्वारा प्रारंभ किए गए इस आयोजन को हम लोग पूरा गांव मिलकर एक पर्व की तरह मानते हैं। जिसमें एक रुपए से लेकर पचास हजार रुपए तक का सहयोग मिलता है। गांव के लोग किसी भी शहर में है। किंतु सहयोग राशि और अपना बहुमूल्य समय जरूर देते हैं। यह आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करता है। और हमेशा से इस आयोजन में हर वर्ग के लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। दंगल में देवेंद्र प्रताप सिंह , विशाल ठाकुर आदि लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## फंदे से लटकता मिला शव

**भटनी(देवरिया)** ।स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या-2 के पूर्वी छोर पर रेलवे सिग्नल के खम्भे पर गमछे के फन्दे से लटका शव जी आर पी पुलिस ने बरामद किया ।इस सम्बन्ध में जी आर पी थानाध्यक्ष बी बी राजभर ने बताया कि प्रातःकाल सूचना मिली की प्लेटफार्म संख्या-2 के पूर्वी छोर पर रेलवे सिग्नल खम्भे पर गमछे से लटका एक व्यक्ति का शव पडा है । मौके पर जाने पर मृतक अपने पैर पर लिखा था कि मै अपने मर्जी से आत्महत्या कर रहा हुँ।

मोबाईल फ्लाइट मोड मे था ।उस नम्बर से घर फोन करने पर उसके चाचा उठाये ।सारी बात बताने के बाद फोटो भेजा गया ।जिसके बाद मृतक की पहचान सुनील राव ग्राम हरपुर निजाम थाना लरकुलवा जनपद देवरिया के रुप मे हुई ।शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल देवरिया भेज दिया गया है ।

# मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

जिला संवाददाता



**देवरिया**। जिले में स्थित देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के पानी की टंकी में मिले सड़ी लाश का मामला गरमा रहा है।दो दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नही हो पाई है। जिसको लेकर विपक्ष जहां सवाल उठा रहा है। वही शासन ने यहां तैनात मेडिकल कालेज प्राचार्य डा.राजेश बरनवाल को लखनऊ अटैच कर दिया कर दिया है। आज सदर सांसद

- शव मामले में होगी कड़ी से कड़ी कार्रवाई: शशांक मणि

शशांक मणि त्रिपाठी ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए एक-एक मरीज से मिलकर उनका हाल जाना और बेहतर इलाज का आश्वासन दिया ।इस दौरान सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने अभी मैं सीएमएस साहब के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

इसमें एक कड़ी कार्रवाई हुई है कि यहां तैनात प्रिंसिपल को अटैच कर दिया गया है। जो भी कार्रवाई हो एक कमेटी बनी है उसी के तहत हो। मैं समझता हूं कि उसमें जो भी कुछ निकलेगा उसे पर हम कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेंगे। इसकी लाश है अभी पता नहीं चल पाया है। उसे पर पुलिस तो हकीकत कर रही है। पोस्टमार्टम होने वाला है। सैंपलिंग भी होगी और यह घटना कैसे घटी इसका भी तहकीकात की जाएगी। इस जगह पर क्लास कैसे आई कौन गिराया इसकी तहकीकात की जा रही है। आने वाले समय में यहां पर हम लोग को पूरी तरह से सतर्कता बरतने की जरूरत है। यहां लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिले लोग मन लगाकर काम करे। घटना के समय मै लखनऊ में था। मगर मैं लगातार जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों से जानकारी ले रहा था। इस घटना में जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सभी के सहयोग से ही होगा टीबी मुक्त जनपदः डीटीओ

**कुशीनगर**। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टेकुआटार के परिसर में बुधवार को केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोशिएशन पड़रौना के सहयोग से 20 टीबी रोगियों में पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस. एन.त्रिपाठी ने कहा कि सभी के सहयोग से ही जनपद को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने ने कहा कि जनपद में निक्षय मित्रों से मिल रहे सहयोग से ही हम टीबी रोगियों को पोषण पोटली दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शेष कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि दवा के साथ पोषण पोटली में मिले प्रोटीनयुक्त आहार खाकर शीघ्र स्वस्थ्य हो रहे है। उन्होंने कहा कि कोई भी टीबी रोगी बिना डॉ के परामर्श टीबी की दवा बीच में नही छोड़ना हैं। कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियो का स्वागत एसटीएलएस निशांत मिश्र तथा आभार ज्ञापन एसटीएस इसरार अली ने किया। इस दौरान एसटीएस अमित श्रीवास्तव, नवीन मिश्र, एसटीएलएस खुर्शीद आलम, एलटी दीपमाला, नवाज शरीफ, प्रियेश वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## देवभूमि न्यास के सदस्यों ने किया रक्तदान




**देवरिया**। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हम लोग देवभूमि न्यास के सदस्यों ने समाज सेवा के संकल्प के साथ आज लाइफ चैरिटेबल ब्लड सेंटर न्यू कालोनी में रक्तदान किया ।इस अवसर पर न्यास के प्रबंधक सच्चिदा सिंह राना ने कहा कि हमलोग देवभूमि न्यास ने जो मानव सेवा का जो संकल्प लिया है उसके क्रम में आज हम सभी सदस्यों ने रक्तदान करते हुए मानव सेवा के संकल्प को मजबूत किया है ।ब्लड डोनेट करने वाले व्यक्तियों का नाम इस प्रकार है ।इस क्रम में आनन्द श्रीवास्तव सोनू (पूर्व अध्यक्ष छात्र संघ), डा0 राजीव राय, अरूण कुमार मिश्रा, अनुपम मिश्रा, डॉ.एस.के.पाठक, गौरी शंकर जायसवाल, आदित्या रधुवंशी, आयुष प्रताप सिंह, सूर्यांश सिंह, रामनाथ शर्मा, रोशन बहादुर शाही, रजत सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, श्रेया आस्तिक तिवारी, प्रकाश पाण्डेय, दिग्विजय राय, मो.आजीम आदि ने रक्तदान किया ।इस अवसर पर मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसायटी गोरखपुर के उपाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, अखिलेंद्र शाही, महेश्वर सिंह, संजय शंकर मिश्रा, राकेश धर द्विवेदी, अखिलेश जायसवाल, अशोक सिंह, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह बबलू, डॉ.विपिन बिहारी शर्मा, आदि उत्साहवर्धन करने हेतु मौजूद रहे।

## सैनिक बंधु की बैठक 14 को

**कुशीनगर**। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने जनपद के पूर्व सैनिकों / विधवाओं तथा उनके आश्रितों को अवगत कराया है कि 14 अक्टूबर को दिन में 11.30 बजे सैनिक बन्धु की बैठक जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में प्रस्तावित है। उक्त बैठक कलेक्टेट के सभागार में सम्पन्न होगी। जिनको कोई पारिवारिक समस्या/भूमि विवाद की समस्या हो तो आवेदन पत्र 11.10.25 तक कार्यालय में जमा करा दें। उक्त अवसर का लाभउठायें। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क स्थापित करें सकते हैं।

## त्रैमासिक वषार्वास का समापन के अवसर पर भिक्षुओं ने कल्याण की कामना

**कसया, कुशीनगर**। शरद पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध भिक्षुओं ने तथागत बुद्ध का विशेष पूजन कर विश्व के कल्याण, ज्ञान, आरोग्य, सुख, शांति की कामना की। इसी के साथ बौद्ध भिक्षुओं का त्रैमासिक वर्षा वास का समापन हो गया। बुधवार की सुबह भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष एबी ज्ञानेश्वर के नेतृत्व में भिक्षुओं ने मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में भगवान बुद्ध का पूजन कर चीवर चढ़ाया। बौद्ध धर्म में पूर्णिमा का बहुत महत्व है। बैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और महा परिनिर्वाण की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन राजगिरी में धम्म संगत का समापन हुआ था। बुद्ध वंदना करते हुए बौद्ध मार्ग पर पर भिक्षाटन किया। जहां टीके राय, मोरिन राय, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड सहित उपासकों ने भिक्षुओं को संघ दान दिया। इस दौरान भिक्षु डॉ किितिफान, डॉ नन्द रतन, भंते महेंद्र, भंते अशोक, पी बुन मा, भंते नंदिका, भंते यशपाल, भंते विनय कीर्ति, पी पविन, पी नरोंग सहित म्यांमार, वाट थाई, श्रीलंका, जापान, तिब्बत, कोरिया, धम्म ज्योति बुद्ध बिहार के भिक्षु और उपासक मौजूद रहे।

## बांसी व रामघाट की सफाई शुरू



**कुशीनगर**। जनपद के विकास खण्ड विशुनपुरा के बांसी व रामघाट नदी के जीणोर्धार एवं सफाई का कार्य व श्रमदान एवं जनसहयोग का भव्य शुभारंभ जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व सांसद विजय कुमार के द्वारा किया गया ।विशुनपुरा ब्लाक के ग्राम सभा सिंघापट्टी अंतर्गत लगने वाला ऐतिहासिक बांसी नदी को पुनः स्वच्छ, प्रवाहमान और जीवंत बनाने हेतु एक वृहद सफाई अभियान का शुभारंभ किया गया। इस पुनीत कार्य में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की ।कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आर पीएन सिंह नदी के जीणोर्धार के लिए जनता से श्रमदान के लिए आग्रह किया गया। सांसद विजय कुमार दुबे ने कहा कि कुशीनगर जनपद का यह ऐतिहासिक स्थल जो जो सदियों से लोग इसे सौ काशी न एक बांसी के रूप में जाना जाता है ।सांसद के द्वारा बांसी में विवाह भवन के निर्माण कराने के लिए कहा गया ।सदर विधायक मनीष जायसवाल ने विशेष रूप से नदी के जीणोर्धार के कराने के लिए जिलाधिकारी व सीडीओ गुँजन द्विवेदी का आभार ब्यक्त किया गया ।जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने कहा कि यह सफाई अभियान जटहां से बांसी धाम तक फैले 12 चयनित स्थलों पर एक साथ संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नदी की सफाई, कचरा निष्कासन और जलधारा को पुनर्जीवित करने हेतु विशेष कार्य किए जा रहे हैं। बांसी नदी न केवल क्षेत्र की जीवनरेखा है, बल्कि यह हमारी आस्था, संस्कृति और सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है।

## मिशन जागरुकता गोष्ठी आयोजित

**देवरिया**। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सदर ब्लॉक में राज्य महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही की अध्यक्षता में एक जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा निवारण अधिनियम कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न , दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, तथा विभिन्न शासन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान ही प्रदेश की प्रगति का आधार है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य समाज में ऐसी मानसिकता विकसित करना है, जिसमें हर महिला सशक्त और सुरक्षित महसूस करे।

## शिवानी बनी एक दिन की डीएम



**देवरिया**। मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग, देवरिया द्वारा आज एक अनोखी पहल के रूप में ह्लएक दिवस की जिलाधिकारीह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, निर्णय लेने की योग्यता तथा प्रशासनिक व्यवस्था के प्रति समझ को बढ़ावा देना रहा इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज, देवरिया की कक्षा 11 की प्रतिभाशाली छात्रा शिवानी कुमारी को एक दिवस के लिए जिलाधिकारी, देवरिया के रूप में दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम के तहत शिवानी कुमारी ने जिलाधिकारी कार्यकक्ष में बैठकर जनसुनवाई कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने जनता की समस्याएँ सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक प्रक्रिया, शिकायतों के निस्तारण, और नागरिक सेवाओं से जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की ।एक दिवस की जिलाधिकारीह्व के रूप में कार्य करते हुए शिवानी कुमारी ने एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित कार लोन कैम्प का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक अधिकारियों से महिलाओं हेतु उपलब्ध ऋण योजनाओं और वित्तीय सशक्तिकरण के अवसरों की जानकारी ली। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रामलीला संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीकः रामनयन सिंह



एस पी मिश्रा

**बहराइच**। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन समारोह मंगलवार की रात्री श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह का स्वागत रामलीला कमेटी अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने अंगवस्त्र पहनाकर किया ।समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, मयार्दा और आस्था का जीवंत उदाहरण है। जिस तरह नवरात्र, दुर्गा पूजा, दशहरा और भरतमिलाप के जुलूस सौहार्द और शांति के साथ सम्पन्न हुए, वह जनपद की एकता और प्रशासनिक समन्वय का प्रतीक है। उन्होंने रामलीला कमेटी की टीम भावना और नगर पालिका परिषद की उत्कृष्ट व्यवस्था की सराहना की ।मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने मंच से कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता का परिचायक है। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में दुर्गा पूजा, दशहरा, भरतमिलाप सहित सभी त्योहार शांति व सौहार्द के वातावरण में सम्पन्न हुए। यह जनपदवासियों की परिपक्वता और पुलिस-प्रशासन की सक्रियता का परिणाम है।

## नाबालिग से यौन अपराध में दो अभियुक्तों को कारवास, अर्थदण्ड किया दंडित

**बहराइच** । न्यायालय पीठासीन अधिकारी श्री दीपकान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को दण्डित किया गया ।वादी मुकदमा द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि वादी की 16 वर्षीय पुत्री (पीड़िता) दिनांक 09.02.2017 को शाम करीब 7.00 बजे शौच के लिए गांव से बाहर खेत में गयी थी । वहाँ पहले से अरविन्द पुत्र बाबूराम व ग्राम बदरौली धोबिनपुरवा के ओमकार पुत्र बच्चाराम आदि मौजूद थे । सभी लोगों ने बहला-फुसलाकर व डरा-धमकाकर वादी की पुत्री को पकड़ लिया तथा मिलकर पीड़िता को गलत नीयत से कहीं भेज दिये । वादी द्वारा अपनी पुत्री की काफी तलाश की गयी परन्तु पता नहीं चला । जिसके सम्बन्ध में साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त अरविन्द व ओमकार उपरोक्त के विरुद्ध आरोपों को दिनांक 10.08.2017 को विरचित किया गया ।दोषसिद्धि का विवरण - पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन" के अन्तर्गत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी श्री दीपकान्त मणि, अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) बहराइच द्वारा प्रभारी थाना कैसरगंज, मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, जिला शासकीय अधिवक्ता श्री सन्त प्रताप सिंह, श्री संतोषँ कुमार सिंह तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी व थाना पैरदोषी अभियुक्तों को 20-20 वर्ष का कठोर कारावास व ?60,000-?60,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# छात्रा मानसी मौर्या ने डीएम बनकर सुनी आमजन की फरियाद



जिला संवाददाता

**बहराइच** । महिला कल्याण एंव बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ह्यह्यमिशन शक्तिह्यह्य विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत (बालिकाओं तथा महिलाओं द्वारा सांकेतिक भूमिका निर्वहन कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट) के तहत बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज की मेधावी छात्रा मानसी मौर्या ने कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की मौजूदगी में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठक कर आये हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की। जबकि विकास भवन में बाल शिक्षा निकेतन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्रा आस्था सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की मौजूदगी में सीडीओ की कुर्सी पर बैठ कर मुख्य विकास अधिकारी के साथ पत्रावलियों का अवलोकन जिले के विकास पर चर्चा की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि महिलाएं एवं बालिकाएं उच्चाधिकारियों की कुर्सी पर बैठ कर पदेन दायित्वों के बारे में अनुभव हासिल कर सके। बालिकाओ को इन पदों पर कार्यरत होकर कैसे पदगत दायित्वों का निर्वहन किया जाता है इसकी जानकारी मिलेगी व जिसके फलस्वरूप उन्हें संवैधानिक व

- आस्था सिंह ने संभाली सीडीओ की कुर्सी
- महिला चिकित्सालय में मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

प्रशासनिक पदों पर पहुँचने की प्रेरणा मिलेगी ।उल्लेखनीय है कि महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा ह्यह्यमिशन शक्तिह्यह्य विशेष अभियान फेज 5.0 के अन्तर्गत जिला महिला अस्पताल बहराइच में ह्लह्लकन्या जन्मोत्सवह्लह्ल कार्यक्रम मनाया गया। कन्या जन्मोत्सव पर केक काटा गया तथा नवजात शिशुओं एवं धात्री महिलाओं को उपहार स्वरूप बेबी किट, मिठाई, वितरण किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19), स्पान्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेशन योजना (विधवा पेंशन), वन स्टाप सेन्टर एवं चाइल्ड लाइन तथा सरकार द्वारा हेल्प लाइन नंम्बर 1076, 112, 181, 1098, 1090 की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल कालेज के प्रिन्सिपल, जिला प्रोबेशन अधिकारी, हब जेण्डर स्पेश्लिस्ट, चाइल्ड लाइन प्रोजेक्ट को-ऑडिनेटर सहित अन्य सम्बन्धित लोग मौजूद रहे।

## मिशन शक्तिकी टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच**। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक *मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत थाना जरवल रोड, थाना हरदी के में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया साथ ही थाना दरगाह शरीफ के चांद मारी बक्शीपुर मोहल्ले में चौपाल लगाया गया तथा थाना रूपईडीहा के ग्राम गोकुलपुर में भी महिलाओं की चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी को मिशन शक्ति अभियान की उपयोगिता के बारे में बताते हुये शासन द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नम्बरों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया ।इसी क्रम में थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया तथा स्टंटबाजी करने वाले वाहनों/शोहदों/मनचलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गयी। साथ ही साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की जांच की गई और आवश्यक कार्रवाई की गई।

# जीएसटी की दरो में कटौती से मिली राहत




**बहराइच**। आज जिला कार्यालय पर आयोजित नेक्स्ट जेन जी0 0एस0टी0 अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम घटी जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विधानसभा सम्मेलन बहराइच में मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तरी के विधायक नीरज बोरा जी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के द्वारा की गई ।विशिष्ट अतिथि सदर विधायक अनुपमा जायसवाल रही। जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे द्वारा अतिथि स्वागत भाषण करते हुए उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा जी0एस0टी0 के दरो में भारी कटौती करते हुए मध्यम एवं जन सामान्य वर्ग को बड़ा उपहार दिया है ।

हम सभी प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि यह नेक्स्ट जेन जी0 एस0टी0 रिफॉर्म को समाप्त कर देशवासियों के लिए बड़ा उपहार दिया है। ऐतिहासिक दरों में कटौती के माध्यम से सिर्फ मध्य एवं लघु उद्योगों को विशेष रूप से प्रोत्साहन मिलेगा इस कार्य के लिए हम सभी देशवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमन जी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

सदर विधायक विशिष्ट अतिथि अनुपमा जैसवाल ने कहा कि नेक्स्ट जेन जी0एस0टी0 रिफॉर्म करके जो ऐतिहासिक कार्य किया गया है इस कार्य का लाभ जन जन तक पहुंचे इसलिए पार्टी ने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार की योजना बनाई है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बहराइच के व्यापारियों से अपील की आप सभी अपनी दुकानों में आप निर्भर भारत संकल्प का लोगो अवश्य लगाएं स्वदेशी उत्पादों को बेचने को प्राथमिकता दें। जिला व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक सुमित खन्ना ने आए हुए सभी व्यापारी गणों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर प्रथम अध्यक्ष अमित शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर सम्मानित व्यापारी गणों में नि ईवर्तमान जिला अध्यक्ष श्यामकरन टेकरीवाल ,कुलभूषण अरोड़ा, प्रमोद डालमिया, बृजमोहन माताहेलिया ,सुमित कुमार खन्ना, विनोद अग्रवाल, प्रेम जलान, सत्येंद्र रस्तोगी, अमित मित्तल, जगदीश प्रसाद, कालिका प्रसाद गुप्ता, सुनील बंसल, उपस्थित रहे। सांसद बहराइच डॉक्टर आनंद कुमार गोंड द्वारा आत्मनिर्भर भारत के विषय को लेकर जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे द्वारा एटीएम निर्भर भारत विषय पर एक प्रेस वार्ता की गई।

# यूपी एनएचएम संघ ने सीएमओ को सौपा ज्ञापन



**कुशीनगर**। उ0प्र0 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ कुशीनगर के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में मुख्य चिकित्साधिकारी कुशीनगर डा0 चंद्रप्रकाश से मिलकर माह अगस्त, सितंबर का मानदेय व वित्तीय वर्ष 2025-26 का वेतन वृद्धि अब तक न मिलने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाण्डेय ने बताया

- स्वास्थ्य कर्मचारियों का दो माह का वेतन न मिलने पर आन्दोलन की चेतावनी
- संविदा कर्मचारी समाज मे अपमानित व जिल्लत की जिंदगी जीने को मजबूर: जिलाध्यक्ष

कि त्यौहारी माह में मानदेय न मिलने के कारण दशहरा का त्यौहार अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मी नहीं मना सके। अब दीपावली का त्यौहार भी करीब है साथ ही बच्चों के स्कूल का फीस, राशन, आवास का किराया व दवा का पैसा न हो पाने के कारण अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारी समाज में अपमानित व जिल्लत की जिन्दगी जीने पर मजबूर हैं ।जिम्मेदारों के लापरवाही से दीपावली भी संविदा कर्मियों के लिए फीकी होने वाली है जबकि शासन के मंशा के अनुरूप दीपावली तथा छठ पूजा के दृष्टिगत अक्टूबर माह का भी मानदेय अब तक प्राप्त हो जानी चाहिए। मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने कहा कि यदि दो दिवस के अंदर अल्पवेतन भोगी कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं हुआ तो बाध्य हो कर जिला मुख्यालय पर संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रदेश संरक्षक अमित पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष विशाल जायसवाल, जिला मंत्री विवेक यादव, संगठन मंत्री संतोष यादव, अनुपम मिश्र, अमित राय, डा0 वेद प्रकाश तिवारी, वीरेन्द्र शर्मा , डा0 पूनम गुप्ता, खुर्शीद अहमद, बबीता भारती, जमशेद, कन्हैया यादव, निशिकांत सिंह सहित सैकड़ों संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे ।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ चन्द्र प्रकाश ने कहा कि शेलरी के लिए नई व्यवस्था एस एन ए स्पर्श पोर्टल से किया जाना है पोर्टल अपडेट करने एवं तकनीकी खामियों के कारण वेतन भुगतान में बिलम्ब हुआ है लखनऊ वार्ता चल रही है दो दिन के अन्दर के अन्दर भुगतान हो जाएगा।

## डीएम ने एचडीएफसी बैंक फेस्टिव ट्रीट लोन मेले का किया उद्घाटन



**देवरिया**। डीएम दिव्या मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में एचडीएफसी बैंक देवरिया शाखा द्वारा आयोजित फेस्टिव ट्रीट लोन मेले का दीप प्रज्वलित कर, फीता काटकर और केक काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर, डीएम ने कहा कि बैंक ऋण के माध्यम से कई लोगों के सपने पूरे करता है। एचडीएफसी बैंक ग्राहकों को सभी प्रकार की विश्वस्तरीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि ग्राहक बिना किसी कागजी कार्रवाई के क्यूआर कोड स्कैन करके बैंक के सभी ऑफर प्राप्त कर सकते हैं।

एचडीएफसी बैंक क्लस्टर प्रमुख प्रणय सिंह ने कहा कि बैंक के ग्राहक सभी खातों, ऋणों, कार्डों और ईएमआई पर विभिन्न ऑफर डिजिटल रूप से प्राप्त कर सकते हैं। ग्राहक 10 सेकंड में पर्सनल लोन, केवल 30 मिनट में एक्सप्रेस कार लोन और क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त लोन प्राप्त कर सकते हैं। खाते पूरी तरह से ऑनलाइन खोले जा सकते हैं। एचडीएफसी बैंक देवरिया शाखा प्रबंधक राहुल त्रिपाठी ने लोगों से बड़ी संख्या में ऋण मेले में भाग लेने और इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया।

इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, एडीएम एफआर रामशंकर, एडीएम ई जैनेंद्र सिंह, सीटीओ अतुल पांडे, सीआरओ जल रंजन चौधरी, जिला पंचायत एओ मनोज गौड़ समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बैंक के ग्राहक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नये बाजार की तलाश

अमरीका के साथ कूटनीतिक और व्यापारिक रिश्तों में जिस तरह की चुनौतियां पेश आ रही हैं। राष्ट्रपति ट्रंप का अस्थिर बर्ताव, अनावश्यक दबाव डालने और द्विपक्षीय व्यापार को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की घृणित कूटनीति के बीच भारत अमरीका का विकल्प तलाश रहा है। ट्रंप टैरिफ के कारण भारत का अमरीका के साथ कारोबार प्रभावित होगा यह तय है। इसी तरह वीजा नीति, फिल्मों पर टैरिफ और तमाम अन्य तरीकों से ट्रंप के भारत विरोधी फैसलों के कारण यह जरूरी हो गया है कि फिलहाल भारत 20 जनवरी 2029 तक अमरीका से अच्छे रिश्ते, द्विपक्षीय कारोबार और अन्य किसी तरह के सहयोग की उम्मीद न करे। अमरीका से उम्मीद छोड़कर नये व्यापारिक साझेदार तलाश करे और अपनी विकास यात्रा को अमरीका के बिना भी जारी रखे। इस दिशा में अनेक देशों के साथ हो रहा मुक्त व्यापार समझौता भारत की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगा। भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (एफ्टा) देशों के बीच मुक्त व्यापार




समझौता बीते एक अक्टूबर से लागू हो गया है। यह समझौता निष्कर्ष तक पहुंचने एवं इस पर हस्ताक्षर होने के एक साल बाद प्रभाव में आया है। व्यापार के मोर्चे पर भारत की अन्य चुनौतियों (अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं के निर्यात पर लगाया गया 50 फीसदी शुल्क और यूरोपीय संघ के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में हो रही देरी) को देखते हुए सरकार इस समझौते पर विशेष जोर दे रही है, जो कि जरूरी भी है। एफ्टा समझौता निश्चित रूप से एक अच्छी खबर है। विकसित देशों का यह छोटा समूह (जिसमें स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटनस्टाइन शामिल हैं) भले ही ईयू जितना प्रभावशाली न हो लेकिन इसमें कुछ देश आर्थिक रूप से काफी मजबूत हैं। इस समझौते के प्रभाव में आने के बाद पहले दशक में 50 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद की जा रही है। यह समझौता भारतीय वातार्कारों के गंभीर प्रयास और लचीले रुख को भी दर्शाता है। एफ्टा देशों से कई वस्तुओं के आयात पर शुल्क समाप्त कर दिए जाएंगे लेकिन वे देश पहले से ही भारतीय निर्यात पर अधिक शुल्क नहीं लगा रहे हैं। यह बात उत्साहजनक है कि भारतीय अधिकारियों ने यह बात महसूस की है कि जब देश ऊंचे शुल्क हटाने के एवज में अधिक निवेश सहित अन्य लाभ पा रहा तो ऐसे सौदे किए जा सकते हैं। अब वह दौर समाप्त हो गया है जिसमें व्यापार समझौते वस्तुओं पर शुल्कों में पारस्परिक कमी पर आधारित होते थे। कई अन्य कारक (जिनमें निवेश भी शामिल है) जैसे आपसी तालमेल से तैयार नियम और गैर-शुल्क बाधाओं में कमी भी अब व्यापार वार्ता का अहम हिस्सा हो गये हैं। सरकार को यह भी स्वीकार करना चाहिए कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) केवल तभी लाभकारी होते हैं जब वे सही तरीके से इस्तेमाल में लाए जाते हैं। पूर्व में ऐसी शिकायतें रही हैं कि भारतीय निर्यातक जापान और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) के साथ हुए एफटीए का ठीक से लाभ नहीं उठा पाये। यह गंभीर चिंता का विषय है। आसियान के साथ एफटीए पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत से उस क्षेत्र को निर्यात उतनी तेजी से नहीं बढ़ा जितनी तेजी से आयात बढ़ा है। हालांकि, इसे नुकसान तो नहीं कहा जा सकता मगर यह अवसरों को खोजने जैसा जरूरी है। भारतीय निर्यातकों के कमजोर प्रदर्शन का कारण एफटीए के प्रावधानों एवं लाभों का इस्तेमाल करने में उनकी असमर्थता या छोटे व्यवसायों द्वारा इन नये बाजारों तक पहुंचने के तरीकों के बारे जागरूकता की कमी भी है। इसलिए भारत सरकार को अपने स्तर पर निर्यातकों की मदद करनी चाहिए। यह मदद वित्तीय प्रोत्साहन, विदेशी बाजारों तक पहुंच बनाने में मदद के साथ अपने खर्च पर परामर्श सेवाएं भी देनी चाहिए।

# जानलेवा कफ सिरप से कई राज्यों में हाहाकार

मनोज वार्ष्णेय




मध्य प्रदेश और राजस्थान में 20 से अधिक बच्चों की खांसी का सिरप पीने से मौत हो चुकी है। कम से कम दो दर्जन से अधिक लोग सिरप पीने से बीमार होकर उपचार करा रहे हैं और देश में एक प्रकार की सिरप इमरजेंसी लग गई है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, दिल्ली, झारखंड, पंजाब, बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, केरल में खांसी के सिरप के मामले को लेकर सरकारें एक्शन मोड में हैं। अभी तक कौन जिम्मेदार है, इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। हां, सस्पेंड-सस्पेंस का खेल बच्चों की मौत के साथ ही फिर से सामने आया है। ठोस काम अगर हुआ है, तो बस यह कि सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, कई कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए दोषियों के खिलाफ जांच आरंभ कर दी गई है।

> बच्चों की मौत के लिए कौन जिम्मेदार है, इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। हां, सस्पेंड-सस्पेंस का खेल बच्चों की मौत के साथ ही फिर से सामने आया है। ठोस काम अगर हुआ है, तो बस यह कि कुछ कफ सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, कई कंपनियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए दोषियों के खिलाफ जांच आरंभ कर दी गई है।

सस्पेंड-सस्पेंस के खेल के दौरान कायसन कंपनी की सभी दवाओं को रोक दिया गया है। अब स्थिति यह हो गई है कि इसमें फार्मासिस्ट को भी दोषी करार दिया जा रहा है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री ने मृतक बच्चों के परिवारवालों को चार-चार लाख रुपये देने की बात कही है। यह बात समझ में नहीं आ रही है कि बच्चों को दवा फर्मासिस्ट ने दी या फिर किसी चिकित्सक ने लिखी। अगर चिकित्सक ने लिखी तो क्या उन्हें मेडिकली नियम पता नहीं थे, अगर फर्मासिस्ट ने दी तो चिकित्सक उस वक्त कहां थे? जब बच्चे को उपचार के लिए चिकित्सा केन्द्र लेकर आया गया था। केन्द्र सरकार ने सभी को स्वास्थ्य सेवा देने की सोच के तहत हाल में जीएसटी से मेडिकल बीमा को मुक्त कर दिया है। इससे पहले उसने आयुष्मान योजना के माध्यम से भी सेहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई थी। राज्यों में भी सरकारें सभी को दवा के अभाव में जीवन न जाए इसलिए मुफ्त दवा योजना चला रही हैं। राजस्थान में गहलोत शासन में प्रशंसा पायी तथा देश के लिए मॉडल योजना बताई जाने वाली मुफ्त दवा योजना खासी चर्चित रही। अब इसके विपरीत यही चर्चित योजना कुचर्चित हो रही है। इस वक्त सबसे अधिक बदनामी खांसी के सिरप की हो रही है। निःशुल्क दवा योजना देश में गरीबों के लिए ही नहीं मध्यम वर्गीय अथवा उन सभी के लिए भी राहतकारी सिद्ध हो रही है, जो सरकारी अस्पतालों से दवा लेते हैं या फिर वहां छोटी-मोटी बीमारी के उपचार के लिए जाते हैं। सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार, पेट दर्द आदि बीमारियों में सीएचसी या पीएचसी में जाकर दवा लेना आम बात है। लेकिन अब यहां पर मिलने वाली मुफ्त की दवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। राजस्थान में खांसी की दवा डेक्साट्रोमेथारपन हाइड्रोब्रोमाइड नामक सिरप जिसे खांसी के उपचार में प्रयोग किया जाता है, से तीन बच्चों की मौत तथा मध्यप्रदेश में 11 बच्चों की मौत हो गई। इतना ही नहीं खुद राजस्थान में तो सीएचसी प्रभारी, एंबुलेंस कर्मी भी इसके प्रयोग से गंभीर रूप से बीमार हो गए। इधर उत्तराखंड में भी खांसी की दवाओं के प्रति प्रशासन एलर्ट हुआ और उसने अपर आयुक्त एवं औषधि नियंत्रक के माध्यम से पूरे प्रदेश में खांसी की दवा के सैंपल लेने के आदेश दे दिए। इसके बाद लगभग आधे देश में खांसी के सिरप, जो सरकारें मुफ्त में वितरित करती हैं, उनके वितरण पर रोक लगा दी गई है।

## जिंदगी से छेड़छाड़

यहां प्रश्न यह है कि आखिर ऐसी दवाएं जो प्राणघातक हैं, किस प्रकार से मरीजों को दी जा रही हैं? साथ ही ड्रग कंट्रोलर, चिकित्सा विभाग तथा दवा कंपनियों की जांच करने वाले जिम्मेदार कहां हैं? जो मानकों पर खरा उतरने के बाद, कई जांच प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही किसी दवा को अस्पतालों में वितरण के लिए कहते हैं? राजस्थान-मध्यप्रदेश में संबंधित विभागिय मंत्री-मुख्यमंत्री ने कार्रवाई आरंभ की है। बस दो साल से छोटे बच्चों को दवा न दी जाए, चार साल के बच्चों को बिना चिकित्सक के लिखे सिरप नहीं दिये जाएं और डॉक्टर को एपीओ करने, ड्रग कंट्रोलर को निलंबित करने का काम त्वरित गति से करते हुए यह बताया जा रहा है कि दोनों सिरप किस आधार पर वितरित हो रहे थे, इसकी जांच हो रही है। शर्मनाक यह है कि इस माह में सर्वाधिक पर्व हैं और आतिशबाजी के साथ ही हानिकारक धुएं से खांसी के मरीजों की संख्या बढ़नी तय है। ठंडक भी आरंभ हो गई है और कोहरे के कारण पर्यावरण प्रदूषण भी खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ायेगा।

कहने का तात्पर्य यह है कि जब खांसी के मरीज एकदम से अस्पतालों में आएंगे तो उन्हें खांसी की ही दवा नहीं मिलेगी और अगर मिलेगी तो कौन सी? यह बात सभी जानते हैं कि इन दिनों में बच्चों को सबसे अधिक खांसी होती है, कई बच्चे तो कूकर या काली खांसी से परेशान रहते हैं और ऐसे में जब दवाएं नहीं मिलेंगी, तब क्या होगा? ऐसा लगने लगा है कि खांसी और खांसी की दवा के मामले में अब सिरप इमरजेंसी जैसा माहौल हो जाएगा। सवाल है आखिर क्यों? दरअसल खांसी का सिरप बनाने वाली कंपनी केयसंस की जो दवाएं मुफ्त में सरकारें देती हैं, उनके कई सैंपल पहले ही से फेल थे। विशेषज्ञ बताते हैं कि अब तक कम से कम तीन दर्जन सैंपल फेल हो चुके हैं और ऐसा पहली बार हुआ हो ऐसा नहीं है। जब से राज्य सरकारें मुफ्त दवाओं का वितरण कर रही हैं, तब से अकेले राजस्थान में ही करीब सात सौ सैंपल फेल हो चुके हैं। फिर किसके कहने पर दवाएं वितरित हो रही हैं, यह समझ से परे हैं। एक खास बात यह है कि नकली, घटिया, हानिकारक श्रेणी की दवाओं के लिए मानक भी तय नहीं है। राजस्थान के ड्रग कंट्रोलर राजाराम ने शून्य घटक दवा को नकली नहीं माना, यह बात और है कि बाद में राजाराम को सिर्फ इसी बात को लेकर सस्पेंड किया गया है; क्योंकि उन्होंने शून्य घटक दवा को नकली नहीं माना था। आखिर यह कफ-सिरप जानलेवा हो क्यों रहे हैं, ..और इनके बनाने में क्या घटक काम आते हैं? अफीम, मॉर्फिन आदि से बनने वाले सिरप में अब डेक्सट्रोमेथोरफान का प्रयोग किया जाता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह बहुत अधिक टॉक्सिक होता है। इसके प्रयोग से सर्वाधिक किडनी और ब्रेन प्रभावित होते हैं।

इसके बाद यह किडनी की नसों को नष्ट करना आरंभ करता है और नतीजा है-मृत्यु। जहां तक बच्चों की मौत का सवाल है, तो बचाव करने के लिए प्रचारित किया जा रहा है कि बच्चों में से कुछ को निमोनिया था या दिमागी बुखार। अगर सिरप के इतिहास में जाएं तो पहले भी विभिन्न सिरपों ने भारत के दवा उद्योग को बदनाम किया है। जाम्बिया, उज्बेकिस्तान, वियतनाम में बच्चों की मौत के बाद सिरप को रोक दिया गया था और अब फिर से दम निकालने वाली खांसी का दुश्मन सिरप बच्चों की जान ले रहा है। सर्दी के साथ ही मौसमी बीमारियों की आहट में सर्वाधिक वायरल होने वाली खांसी इस सीजन में कितनी खतरनाक होगी, अब यह प्रश्न चिंतनीय है। ओवर द काउंटर दवाओं के प्रयोग का खतरनाक रूप और समस्या की विकरालता सिरप की कमी के कारण होने वाली मेडिकल इमरजेंसी के रूप में सामने आती है, तो उनसे किस तरह निजात पायी जाएगी, यह एक नई समस्या है?

## सोशल मीडिया

संपूर्ण क्रांति के अग्रदूत प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रखर समाजवादी लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी की पुण्य तिथि पर कोटि कोटि नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। नीतीश कुमार.



बिहार के सभी जिलों से आये त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से उनकी समस्याओं और मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। तेजस्वी यादव.



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम की पावन नगरी श्री अयोध्या धाम में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ आज दक्षिण भारत के संतों की प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम में शामिल हुआ। सीएम, योगी.



# किन-किन रूपों में धरती पर आते हैं एलियन!



रहस्य/रोमांच

धीरज बसाक

स्कॉटलैंड के स्टर्लिंग शहर में इस साल की शुरूआत में यह बहस बहुत तेज हो गई कि एक दो नहीं यहां हजारों की तादाद में एलियन आते हैं। शहर के दो चार दस लोग नहीं बल्कि सैकड़ों लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कम से कम 4 से 5 बार किसी दूसरे ग्रह से आने वाले लोगों से मिले हैं, उनसे हाथ मिलाया है। कुछ लोगों को उनके रहस्यमयी एयरक्रॉफ्ट की बारीक डिजाइन तक याद हैं। कुछ लोगों का कहना था कि एलियन ने उन्हें गले से लगाया, किस किया। शहर के एक दो नहीं छह हजार से ज्यादा लोगों ने इस तरह के दावे किये और कहा कि यह सिलसिला पिछले 20 सालों से चल रहा है।

कुछ साल पहले अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन ने उन खबरों का खंडन किया था कि उसके पास दूसरे ग्रह से आने वाले एलियंस की कुछ सीक्रेट फाइलें हैं और यह भी कि उसने कुछ एलियंस को बंधक बना रखा है। लेकिन पेंटागन कुछ भी कहे अमरीका में कोई यह मानने के लिए तैयार ही नहीं है कि एलियंस नहीं होते। कुछ ही दिनों पहले एक अमरीकी ने दावा किया है कि एक दो नहीं बल्कि 20 साल तक कुछ एलियंस ने उसकी आंखों में इंजेक्शन लगाकार उसे बेहोश कर देते थे और फिर उस पर शोध करते थे। टोनी रोड्रिगुएस नामक इस शख्स के मुताबिक जब वह 10 साल का था, तब यह सिलसिला शुरू हुआ और उसकी 30 साल की उम्र तक यह सिलसिला चलता रहा। उसके मुताबिक छिपकलियों जैसी शक्ल वाले एलियंस उसका अकसर अपहरण कर लेते थे। दिसंबर 2018 में पुणे के एक शख्स ने पीएमओ को लेटर लिखकर दावा किया उसने अपने घर की खिड़की के बाहर एक एलियन को देखा है, जो धरती की महत्वपूर्ण जानकारियां अपने ग्रह भेज रहा था। इस शख्स ने कहा कि उसकी बात पर यकीन किया जाए और इसकी गहराई से पड़ताल हो कि यह कौन था? पीएमओ से महाराष्ट्र सरकार को इस संबंध में कार्यवाही करने के लिए कहा गया तो महाराष्ट्र सरकार ने पुणे के सिंघगढ़ रोड पुलिस थाने से इस मामले में जांच करने के लिए कहा। इस जांच के बाद इस थाने के एक अधिकारी के मुताबिक जिस व्यक्ति ने पीएमओ को लेटर लिखा था, वह मानसिक बीमारी से पीड़ित था और अपना संतुलन खो बैठा था। लेकिन उस शख्स ने इस बात से इंकार किया कि वह मानसिक रूप से परेशान है। उसके मुताबिक अपने बंगले के बाहर उसने पेड़ों में रोशनी देखी और जब वो उसके नजदीक गया तो पता चला वह एक एलियन है। पिछले करीब 100 सालों से भले धरती के बाहर का कोई इंसान आज तक हमें सबूत के तौर पर न मिला हो, लेकिन दूसरे ग्रह के लोगों की धरती में आने की पिछले सौ सालों में दस लाख से ज्यादा कहानियां सामने आ चुकी हैं। हर कहानी हकीकत के इतनी नजदीक लगती है कि एकबारगी उस पर अविश्वास करना मुश्किल हो जाता है। इसकी वजह यह है कि एलियन जिन लोगों को मिले हैं, उन सबकी कहानियां एक जैसी नहीं हैं। ये कहानियां इतनी विविध और सहजता के इतने करीब हैं कि सोचा ही नहीं जा सकता कि ये काल्पनिक होंगी। लगता है वाकई कोई बहुत बड़ी आंख मिचैली चल रही है, जिसमें एलियन रह रहकर अपनी मौजूदगी दर्ज कराते हैं और साइंस बार बार इन्हें खारिज करता है, क्योंकि ये साइंस की पकड़ में नहीं आते। दुनिया में एलियंस को लेकर ये कहानियां इसलिए भी ध्यान खींचती हैं, क्योंकि ये सारी कहानियां न तो मानसिक रूप से बीमार लोग सुनाते हैं, न ही ये बहुत चालाक और रहस्यमयी व तेजतर्रार लोग होते हैं।

एलियंस से जुड़ी अपनी कहानियां सुनाने वाले ये लोग इतने आम और रोजमर्रा की दुनिया में सबसे कम बातें बनाने वाले सहज लोग होते हैं। इसलिए अंतिम रूप से हम इस निष्कर्ष पर पहुंच ही नहीं पाते कि सही क्या है? अमरीका से लेकर हिंदुस्तान तक के अगर बहुत ही आम लोग, बहुत गंभीरता से एलियनों से जुड़े अपनी मुलाकातों की कहानियां और अनुभव सुनाते हैं तो लगता है कुछ न कुछ कहीं न कहीं तो कोई ऐसी सच्चाई है, जिसे अभी हम यानी विज्ञान की आंखें देख और पकड़ नहीं पा रहीं। एलियंस की कहानी आधी हकीकत और आधा फसाना बनकर रह गई है। जिसमें कभी लगता है कि जल्द ही वह दिन आयेगा जब यह आधी हकीकत पूरा फसाना बनेगा, तो कभी लगता है कि हम अंततः इस कहानी को कहानी मानकर भुला देंगे।

# असाधारण शक्तियां

आध्यात्म की शक्तियां असाधारण हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है। पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थलूतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है। किन्तु सबसे बड़ी बात है आत्मशोधन, स्व का परिमार्जन, परिष्कार। यह जितना अधिक गहरा बन पड़ता है, मनुष्य उतना ही गुण, कर्म, स्वभाव से शक्तिशाली होता जाता है।

अंतर्दृष्टि

# टांग अड़ाने की कला

व्यंग्यलोक

चक दे ... चक दे इंडिया .. लो जी अपने देश में हॉकी का खेल भी शुरू हो चुका है। उधर मेरे घर के सामने वाले मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे है। वे हर दिन क्रिकेट ही खेलते हैं। आस-पास के घरों के शीशे तोड़ देते हैं। उन्हें समझाते हैं कि कुछ और खेल खेला करें, लेकिन वे सिवा क्रिकेट के कोई और खेल खेलने को राजी नहीं होते। हमारे देश के लोगों को दीवानगी की हद तक क्रिकेट पसंद है। घर हो या ऑफिस, सब काम-धाम छोड़ कर क्रिकेट की चर्चा करते हैं। स्पोर्ट्स चैनल पर मैच के रिपीट टेलीकास्ट देखते हैं। बावजूद इसके उन्हें हॉकी से लगाव है। वे भले ही क्रिकेट खेलते हैं, लेकिन हॉकी से प्यार करते हैं क्योंकि प्यार में उपयोगिता को तरजीह देते हैं।

अब 'उपयोगी' को प्यार करने की संस्कृति पनप रही है। अधुनातन परिवारों में उपयोगी मां-बाप पाले जाते हैं, वर्ना लोग कुत्ते पाल लेते हैं। लिव इन रिलेशनशिप भी उपयोगिता आधारित व्यवस्था है( हॉकी बहुत उपयोगी है। लगभग हर घर में पायी जाती है। लकड़ी की, प्लास्टिक की और यहां तक कि लोहे की बनी हॉकी भी रहती है। हॉकी और बल्लम, असामाजिक तत्वों के उपयोगी हथियार माने गए हैं। कॉलेज के हॉस्टल में छात्र हॉकी दिखाकर जूनियर्स की रेगिंग लेते हैं। हॉकी के सहारे दो गुटों के बीच की लड़ाइयां निपटाई और जीती जाती हैं। पिताजी रात में हॉकी को अपने सिरहाने रखकर सोते थे ताकि घर में घुसे चोरों की हॉकी से धुनाई कर सकें। हॉकी पर बनी फिल्म चक दे इंडिया खूब चली। लोगों ने अनेक बार देखी। मुझे हॉकी को देखकर टांगों की याद आ जाती है। उनमें विकट समानता है। दिखने में एक जैसी दिखती हैं। ऊपर से सीधी और नीचे से पंजे की तरफ टेढ़ी। सीधे भाग पर जोर देकर टेढ़े भाग से धौल जमाने का काम लिया जाता है। हॉकी से बॉल पर धौल जमाई जाती है और टांग से पिछड़ी पर। दोनों जगह प्रयुक्त 'धौल' के शब्दार्थ भिन्न है। एक को 'शॉट लगाना' कहते हैं और दूसरे को 'लात जमाना'। गोया कि टांग अड़ाना और हॉकी अड़ाना एक ही बात है। अड़तालीस साल पहले हम हॉकी के विश्व चैम्पियन थे। हॉकी के जादूगर थे, हॉकी खेलने में माहिर थे। अब टांग अड़ाने में निपुण हैं। असल में, टांगों को हॉकी समझने की चूक हुई है। जिसने टांग अड़ाई वही हॉकी प्लेयर हो लिया। सरकारी महकमे और राजनीति के क्षेत्र टांग अड़ाने के अखाड़े हैं। यहां टांग अड़ाने में पारंगत बहुतायत में पाए जाते हैं। यदि टांग अड़ाने की विश्व प्रतिस्पर्धा में भाग लेते तो हम आज भी विश्व चैम्पियन होते।



राकेश सोहम

## विचार

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

धर्म–कर्म, सत्य–सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

## आप की बात

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## किसान पर धारदार हथियारों से हमला

**ललितपुर।** पास के गांव टीला निवासी राघवेन्द्र पुत्र नारायण सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते सोमवार को वह अपने खेत में सोयाबीन की फसल काटने के लिए ट्रैक्टर से लेवर लेने गांव जा रहा था।

कुछ समय पश्चात गांव के दीपेन्द्र राजा पुत्र अमान सिंह, अमान सिंह पुत्र पूरन सिंह व अमरेन्द्र पुत्र अमान सिंह एकराय होकर आये और लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी व धारदार हथियार लेकर आये और बिना कारण उसे, उसके भाई व पिता सभी को गालियां देने लगे।

विरोध करने पर उक्त लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर दी, जिससे सभी को चोटें आयीं। किसी प्रकार लोगों ने उनकी जान बचायी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन की मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में एक बाइक पर ट्रिपलिंग कर हाइवे पर चलना तीन युवकों को भारी पड़ गया। अज्ञात वाहन ने इन्हें टक्कर मारकर गंभीर घायल कर दिया। जिससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गयी। जबकि तीसरे घायल युवक ने चिकित्सालय में इलाज के दौरान दम तोड दिया। बुधवार को दोपहर बाद थाना क्षेत्र के सत्तीचैरा चैकी क्षेत्र के डिगम्बरपुर फलाई ओवर के पास बाइक से लखनऊ की ओर अपने गांव जा रहे तीन युवकों को आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मारा कि मौके पर ही रामनगर धौरहरा के मजरे रामनगर गांव निवासी धर्मवीर उम्र लगभग 20 वर्ष पुत्र साहब लाल व विशाल पुत्र शिव राम उम्र लगभग 22 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक भानु पुत्र शिवलाल उम्र लगभग 23 वर्ष को मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों सहित पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां कुछ ही देर बाद तीसरे ने भी दम तोड़ दिया। पूंछे चैकी प्रभारी सत्तीचैरा जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी वाहन की तलाश पुलिस कर रही है। घटना के बाद से ही पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# विभिन्न कॉलेज, स्कूल की छात्राओं सहित विभागों में कार्यरत महिलाओं को किया जागरूक



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार, ललितपुर में महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में कान्फ्रेन्स का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूल, कालेज की छात्राओं, विभिन्न विभागों में कार्यरत महिलाओं

**● शक्ति फेज-5.0: महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जनपदीय कान्फ्रेन्स का किया आयोजन**

को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन के विषय में चुनौतियों का चिन्हीकरण व उनके निराकरण पर विस्तृत चर्चा की गयी। तत्पश्चात विभिन्न स्कूल, कालेज की लगभग 80 छात्राओं व विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत लगभग 110 महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- (वूमेन पावर लाइन 1090), (महिला हेल्प लाइन 181), (एम्बुलेंस सेवा 108), (मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076), (पुलिस आपातकालीन सेवा 112), (चाइल्ड हेल्पलाइन 1098), (स्वास्थ्य सेवा 102), (ऑन लाइन साइबर फ्राड हेल्प लाइन नं-1930) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।छात्राओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा तथा उनसे सम्बन्धित अधिनियम में निहित प्रावधानों के विषय में जागरूक किया गया। मीटिंग हॉल में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पाक्सो एक्ट के कानूनी प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया जिससे कि इस प्रकार के अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। विशाखा गाइडलाईन के प्रति जागरूकता-ह्न आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विशाखा गाईड लाईन के कानूनी प्रावधानों के विषय में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया जो कि महिलाओं के कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न से सम्बन्धित है। नारी स्वावलम्बन के तहत छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया गया कि वह आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक व शैक्षिक रूप से स्वयं को सशक्त करें जिससे कि उनकी निर्भरता किसी अन्य पर न हो। साइबर अपराध से बचाव की जानकारी भी दी गई। कान्फ्रेन्स के दौरान अपर जिलाधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक ललितपुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यूपी में इस बार 138 लाख हेक्टेयर भूमि पर होगी रबी की बुआईः सूर्य प्रताप शाही

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** केंद्र एवं राज्य सरकार की नीतियों को समय से किसानों तक पहुंचाया गया जिससे किसानों में समृद्धि आई और वे आत्मनिर्भर बनने की राह पर खड़े हैं। सरकार ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की संकल्पना की है जिसे किसानों की मेहनत और उनकी उत्पादन क्षमता से प्राप्त किया जा सकता है। हम सभी को मिलकर विकसित भारत बनाने जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए कार्य करना होगा। उत्तर प्रदेश में इस बार 138 लाख हेक्टेयर में रबी की फसल लगाई जाएगी। सरकार ने किसानों के बिजली बिल को माफ करने का कार्य किया है।

यह बातें कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती मैदान में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर कही। मंत्री शाही ने कहा कि दलहन व तिलहन की फसलों पर सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया गया है। दलहन और तिलहन की फसलों को इस बार बढ़ाना है, इसके लिए सरकार के द्वारा बीज के रूप में निशुल्क मिनी किट दिए जा रहे हैं जिससे किसानों की पैदावार को बढ़ाया जा सके। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ के महानिदेशक डा. संजय सिंह ने कहा कि उपकार सभी कृषि क्षेत्र में अ ?संधान एवं विकास को तेजी के साथ बढ़ावा दे रहा है जिससे कि किसानों को नवीनतम तकनीकों का लाभ मिल सके। उपकार की परियोजनाओं से किसानों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। कहा कि किसानों के प्रशिक्षण और सहायता के लिए उपकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और इसके लिए आर्थिक रूप से भी व्यवस्था उपलब्ध करा रहा है। डा. संजय सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी का लक्ष्य विकसित उत्तर प्रदेश बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। हमारे देश एवं प्रदेश का किसान सशक्त बनेगा तो विकसित भारत के लक्ष्य को हम आसानी से हासिल कर सकते हैं। किसानों को सरकार की नीतियों और लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। समस्त कृषि विश्वविद्यालयों के विकास एवं किसानों की समृद्धि के लिए उपकार की तरफ से दर्जनों परियोनाएं मुहैया कराईं गईं हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने अबतक 200 से अधिक प्रजातियां विकसित कर चुका है और आगे भी करता रहेगा। इन पर्जातियों से पूर्वांचल सहित देशभर के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

## बारूद बरामद, दो गिरफ्तार



**बांदा।** जिले में अवैध पटाखा निर्माण भण्डारण व बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस ने गुरेह गांव से लगभग 2 लाख रुपये के निर्मित, अर्धनिर्मत पटाखा व पटाखा बनाने की सामग्री बरामद करने में सफलता हासिल की है। शासन की मंशा के अनुरूप सुरक्षित, दुर्घटनारहित दीपावली का त्योहार मनाए जाने को लेकर पुलिस महानिरीक्षक राजेश एस के निदेशों के चलते एसपी पलाश बंसल के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के पर्यवेक्षण में यह बड़ी कार्रवाई की गयी है। कोतवाली देहात पुलिस को गश्त व चेकिंग के दौरान मुखबिर से जानकारी मिली कि गुरेह गांव के खेत में बने कमरे में अवैध तरीके से पटाखों का निर्माण किया जा रहा है। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और अवैध पटाखा फैक्टरी में पटाखों का निर्माण कर रहे आरोपियों अवधेश वर्मा पुत्र रामसरन निवासी हस्तम थाना बिसंडा, मोनू सेन पुत्र रामानंद निवासी खुरहंड थाना गिरवां को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश तिवारी, उप निरीक्षक शिववीर सिंह, हेड कांस्टेबल अभय कुमार, अरविंद कुमार व अंकेश कुमार रहे।

## असलहे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बांदा।** जिले में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर कानून व्यवस्था सुदृढ बनाने और अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह के पर्यवेक्षण में थाना चिल्ला प्रभारी अनूप कुमार दुबे के नेतृत्व में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के चलते पुलिस ने बीती रात अवधेश सिंह पुत्र विजय सिंह 50 निवासी ग्राम बिछुवाही को सड़क किनारे गोरेलाल परिहार के ट्यूबवेल के गेट के सामने से नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व तीन कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तार के बाद अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया है। बताते चलें कि एसपी के निर्देश पर पुलिस लगातार अपराधियों के विरूद्ध अभियान चला रही है। चिल्ला थाना क्षेत्र में अपराधियों की धर पकड़ के लिए प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# रेलवे ट्रैक पर फंसा सीमेंट से लदा ट्रक



**ललितपुर।** ललितपुर-भोपाल रेल मार्ग पर धौर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार सुबह एक ट्रक फंस गया। इससे लगभग एक घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा और सात यात्री ट्रेनें तथा चार मालगाड़ियां लेट हो गईं। यह घटना बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे हुई।

**● सुपर फास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनें और मालगाड़ियां हुई प्रभावित**

सीमेंट से भरा एक ट्रक धौर्रा से रणछोड़ की ओर जा रहा था। धौर्रा स्टेशन के आगे बीना की दिशा में रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रक का एक्सल टूट गया और पहिया निकल गया, जिससे ट्रक अप रेल लाइन पर पटरियों के बीच फंस गया।

ट्रक के फंसने से रेल यातायात में हड़कंप मच गया। ललितपुर से भोपाल की ओर जाने वाली महानमा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, श्रीछत्रपति शाहूजी महाराज टर्मिनस कोल्हापुर, हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस सहित पांच यात्री ट्रेनें लेट हो गईं। इसके अलावा, ललितपुर-भोपाल की ओर जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस और कुशीनगर एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे तक देरी से चलीं। चार मालगाडि ?ां भी प्रभावित हुईं।

सूचना मिलते ही रेलकर्मी, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। एक जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को रेल पटरियों से हटाया गया। हालांकि, ट्रैक से निकलने के बाद ट्रक कुछ दूरी पर फिर फंस गया, जिसके लिए क्रेन और हाइड्रा मंगवाया गया। झांसी रेल मंडल के पीआरओ ने बताया कि अप रेल मार्ग पर धौर्रा रेल क्रॉसिंग पर ट्रक फंसने के कारण लगभग एक घंटे तक रेल मार्ग अवरुद्ध रहा, जिससे सात यात्री ट्रेनें और चार माल गाड़ियां लेट हुईं।

# डीएम ने विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नेहरू स्पोर्टस स्टेडियम बिजनौर में तीन दिवसीय जनपदीय माध्यमिक क्रीडा, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह 2025-26 का शुभारंभ दीप प्रज्वलित, शांति का प्रतीक कबूतर व गुब्बारे उड़ा कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी कौर को जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुधवार को सांस्कृतिक एवं शैक्षिक समारोह के शुभारंभ के मौके पर अपने संबोधन में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने जीवन में किसी एक खेल को अवश्य अपनाएं और उसमें दक्ष होने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में निपुण होने के बाद जिला, मंडल, प्रदेश व देश के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उद्घाटन सत्र पर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं छात्र व छात्राओं द्वारा देशप्रेम पर आधारित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत प्रस्तुत किए गए तथा विद्यालयों के छात्रों द्वारा मार्च पास्ट कर जिलाधिकारी को सलामी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक वर्ग में 800, 400 एंव 100 मीटर की दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बालक एवं बालिका विजेताओं को मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी कौर को जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में आज सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक तथा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर बालक/बालिकाओं की विभिन्न दूरी की दौड़, लम्बी कूद एवं आदि प्रतियोगिताएं हुई। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कैप्टन बिशन लाल संयोजक आरजीपी इंटर कॉलेज, संगीता गुप्ता संयोजिका केपीएस कन्या इंटर कॉलेज, सुधांशु कुमार वत्स प्रवक्ता आरजेपी इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आरजेपी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता गय्यूर आसिफ द्वारा किया गया।

## आयोग सदस्य ने की जनसुनवाई, दिलाई पोषण शपथ



**बांदा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल की अध्यक्षता में विकासखंड नरैनी में महिला कल्याण विभाग एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त मिशन शक्ति 5.0 व राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण पंचायत व जनसुनवाई का आयोजन हुआ। उन्होने मिशन शक्ति के तहत नारी शक्ति स्वावलंबन एवं महिला शिक्षा के बारे में महिलाओं व लड़कियों को जागरूक किया और पोषण शपथ दिलाई। उन्होने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की लगाई गई विभागीय प्रदर्शनी देखी एवं तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी किया। जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायतें सुनी और विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मनफूल पटेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष बेटा लाल पटेल, प्रदेश सचिव मंगल सिंह पटेल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडे, डायट से अर्चना शशि मिश्रा, प्रियांशी पटेल, भावना, स्वास्थ्य, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## बदले जायें खराब ट्रांसफार्मर व जर्जर विद्युत तारः प्रभारी मंत्री

**बांदा।** जिले में खराब विद्युत ट्रांसफार्मरों को समय से बदलने और ब्लाक बड़ोखर खुर्द के जमालपुर तथा कुरौली गांव में जर्जर विद्युत तारों को तत्काल ठीक करने, शहर में शुद्ध जलापूर्ति करने व वर्षा के बाद खराब हुई सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर कराई जाए ताकि लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। यह निर्देश औद्योगिक विकास, निर्यात एवं निवेश प्रोत्साहन तथा जिला प्रभारी मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी ने सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होने अधिशाषी अभियंता जल संस्थान को निर्देश दिए कि शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाए। मंत्री ने निराश्रित गौवंश संरक्षित करने और अन्य गौशालाओं के लिए भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालयों में कायाकल्प के तहत बाउंड्री व शौंचालय का निर्माण कराए जाने, किसानों को खाद की उपलब्धता एवं समितियों से खाद वितरण की व्यवस्था दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होने गांवों में सफाई व्यवस्था के लिए सफाई कर्मियों की तैनाती एवं बबेरू में जाम की समस्या का निस्तारण कराए जाने के भी निर्देश दिए। हर घर नल जल योजना की समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि गांवों में जलापूर्ति के साथ ही खेत-तालाब योजना और सोलर पंप वितरण किसानों को समय से कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, एमएलसी बाबूलाल तिवारी, जितेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व सांसद आर के पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के अलावा डीएम जे0 रीभा, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमई ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडे्टस इन ब्रेस्ट डिसीज, टॉपिक पर सीएमई का हुआ आयोजन



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में बुधवार को प्रधानाचार्य डा0 मयंक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में पैथोलॉजी विभाग की आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डा0 श्रुति सिंह, एवं सर्जरी विभाग के आचार्य डा0 जगदीश प्रसाद इटालिया के द्वारा संयुक्त रूप से सी0एम0ई0 ऑन मल्टीडिस्प्लेनरी अपडे्टस इन ब्रेस्ट डिसीज, टॉपिक पर सी0एम0ई0 का आयोजन आयोजन

**● मेडिकल कालेज के पैथोलॉजी एवं सर्जरी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया आयोजन**

**● प्रदेश एवं देश के विशेषज्ञ चिकित्सकों से प्रमुख प्रवक्ताओं ने साझा की जानकारियां**

किया गया। उक्त आयोजन में प्रदेश एवं देश के विशेषज्ञ चिकित्सकों में से प्रमुख प्रवक्ताओं ने अनेकों टॉपिक पर शोध एवं नवीन जानकारियां साझा की। जिसमें डा0 जगदीश इटालिया, आचार्य जनरल सर्जरी विभाग, ए0एस0एम0सी0 ललितपुर सर्जीकल मोडालिटी इन ब्रेस्ट कैंसर डा0 जय चैरसिया एम्स भोपाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स डा0 मेहर बानो प्रीवेंशन स्टैज्टेजिस इन ब्रेस्ट कैंसर, डा0 रजनी रतमेले सहायक आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फामाकोलॉजी विभाग, ए0एस0एम0सी0 ललितपुर ड्रग सेफ्टी इन ब्रेस्ट डिजीज, डा0 ज्योति प्रियदर्शनी, प्रोफेसर, जी0आर0एम0सी0 ग्वालियर, विभिन्न प्रकार के कैंसर, डा0 शुभांगी आर्या, ए0एस0एम0सी0 फिरोजाबाद, ग्रॉसिंग टेक्निक्स, डा0 दीक्षा अग्रवाल, एस0आर0 (पैथोलॉजी इम्यूनोहिस्टोकेमेस्ट्री इन ब्रेस्ट कैंसर ने जानकारियों को साझा किया। जानकारी के दौरान विशेषज्ञो द्वारा वर्तमान में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स एवं नई टेक्नोलॉजी के माध्यम से जांच एवं उपचार के बारे में जानकारियां दी गयी एवं सी0एम0ई0 में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के पी0जी0 इंटर्नस द्वारा पोस्टर प्रिजेन्टेशन भी किया गया। उक्त आयोजन में सी0एम0ई0 से सम्बन्धित विषय पर नवीन जानकारी एवं शोध साझा करने वाले डेलीगेट्स, सहयोगी विभाग के समस्त चिकित्सा चिकित्सकों एवं आयोजको एवं गेस्ट फेकल्टी को प्रधानाचार्य के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं सभी को सम्मानित किया गया।

उक्त सी0एम0ई0 के आयोजन के दौरान डा0 गजेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 श्रुति सिंह, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग, डा0 जगदीश प्रसाद इटालिया, आचार्य सर्जरी विभाग, डा0 अभिषेक गुप्ता, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग, डा0 डी0के0 राज, वरिष्ठ सर्जन, डा0 विशाल जैन, सहायक आचार्य, डा0 सुधीर कुमार रजक सहायक अचार्य डा0 मोहित जैन सहायक आचार्य, सर्जरी विभाग, डा0 राजेश आर्या, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष मेडिसिन विभाग, डा0 नर्मता द्विवेदी, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष ई0एन0टी0, डा0 श्रद्धा गुप्ता, सहायक आचार्य ई0एन0टी0, डा0 प्रिया जैन, सहायक आचार्य ब्लड बैंक, डा0 सौरभ साहू, सह आचार्य ऑथोर्पेडिक्स, डा0 पवन सूद, वरिष्ठ फिजीशियन, डा0 चेतन राज सिंह, निश्चेतना विशेषज्ञ, डा0 डी0बी0 सिंह, बालरोग विभाग, डा0 आकृति यादव विभागाध्यक्ष बालरोग विभाग डा0 एम0सी0 गुप्ता, ऑथोर्पेडिक्स सर्जन, डा0 उत्कृट लाहौरिया, सहायक आचार्य, चर्मरोग विभाग, डा0 प्रियंका गुबरैले, विभागाध्यक्ष, दंतरोग विभाग, डा0 मनीष माथुर डेण्टल सर्जन, डा0 अभिजात कुलश्रेष्ठ, सह आचार्य, डा0 रविकान्त वर्मा, सहायक आचार्य, डा0 संध्या शाक्य, सहायक आचार्य समस्त सीनियर रेजीडेण्ट, जूनियर रेजीडेण्ट एवं एम0बी0बी0एस0 छात्र-छात्रायें आदि उपस्थित रहे।

## आज से दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेला होगा आयोजित

ललितपुर। उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने बताया हैं कि मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार दीपावली महापर्व पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं के क्रय हेतु स्थानीय हस्तशिल्पियों, कारीगरों एवं उद्यमियों द्वारा विभिन्न वस्तुओं की बिक्री, उत्पादों के प्रदर्शन हेतु असयुक्त एवं उ0प्र0 व्यापार प्रोत्साहन प्राधिकरण कानपुर के निदेर्शानुसार आज से 18 अक्टूबर तक तुवन मंदिर परिषद में दिव्य एवं भव्य स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले को रोचक एवं उल्लासपूर्ण बनाये जाने हेतु मेला अवधि सायं 5 बजे से 7:30 बजे तक स्थानीय कलाकरों के द्वारा सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराया जायेगा।

## दर नियंत्रण के लिए चलाया जा रहा अभियान

बिजनौर। जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने जनपद के समस्त कृषको को जानकारी देते हुए बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 2025 तृतीय चरण के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा चूहा एवं छछूंदर नियंत्रण के लिए व्यापक कार्यक्रम एंव अभियान संचालित किया जा रहा है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया ने कहा कि संचारी रोग के प्रसार के लिए अन्य कारकों के साथ-साथ चूहा एवं छछूदर आदि भी उत्तरदायी है। स्क्रब टायफस बीमारी चूहा एवं छछूदर से फैलती है।

इसलिए यह आवश्यक है कि इनकी रोकथाम हेतु आवासीय घरों एवं इसके आसपास के क्षेत्र चूहा एवं छखूंदर से मुक्त रहें। चूहो की संख्या को नियंत्रित करने के लिए अन्न भंडारण पक्का कंक्रीट तथा धातु से बने पात्रों (बखारी) में करना चाहिए ताकि उनको भोज्य पदार्थ सुगमता से उपलब्ध न हो सकें।

चूहे अपना बिल झाड़ियों कुडों एवं मेडों आदि में स्थाई रूप से बनाते हैं। इसलिये खेतों का समय-समय पर निरीक्षण एवं साफ सफाई करके इनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सकता है।

चूहेदान का प्रयोग करके उसमें आकर्षक चारा जैसे रोटी, डबल रोटी एवं बिस्कुट आदि रखकर चूहों को फंसा कर मार देने से इनकी संख्या नियंत्रित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि चूहा बहुत चालाक प्राणी होता है इसको ध्यान में रखते हुए छः दिवसीय योजना बनाकर इसको आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है प्रथम दिन-आवासीय घरों एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण एवं बिलों को बंद करते हुए चिन्हित करें। दूसरा दिन- निरीक्षण कर जो बिल बंद हो यहां चिन्ह मिटा दे जहां पर बिल खुले पाए जाएं वहां चिन्ह रहने दें।

# गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर एकता परिषद के पदाधिकारी अनशन पर बैठे



जिला संवाददाता

**बिजनौर।** गंगा एक्सप्रेसवे की मांग को लेकर एक दिवसीय विशाल धरना अनशन व्यापारी एकता परिषद के तत्वाधान में जिला मुख्यालय पर आयोजित किया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चैधरी दिगंबर सिंह ने शाम को भूख हड़ताल पर बैठे पदाधिकारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करायी। अनशन पर बैठने पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषणा की गई थी की गंगा एक्सप्रेसवे जिसका निर्माण प्रयागराज से मेरठ के लिए किया गया है इसमें बिजनौर से हरिद्वार गंगा एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगा।

प्रदर्शन करने वालों की मांग है कि गंगा एक्सप्रेसवे के विस्तार को अमरोहा की तीगरी घाट से होकर जनपद बिजनौर के विदुर कुटी बैराज बिजनौर बालावाली नांगल सोती तक ले जाया जाए जिससे बिजनौर में विकास का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि अगर गंगा एक्सप्रेसवे जनपद बिजनौर से निकलता है तो जनपद का चहुंमुखी विकास होना तय है। संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि गंगा एक्सप्रेसवे के लिए आज एक दिवसीय अनशन आयोजित किया गया है। अगर आवश्यकता पड़ी तो आगे भी अनशन करके प्रदर्शन करके गंगा एक्सप्रेसवे की मांग की जाएगी, उसके बावजूद भी अगर गंगा एक्सप्रेसवे नहीं मिलता है तो संगठन के पदाधिकारी जिले के अन्य संगठनों की सहायता से उन सभी के साथ लखनऊ के लिए कूच करेंगे। अनशन में बैठने वालो में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी, जिला अध्यक्ष मानव शर्मा, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार, जिला उपाध्यक्ष नईम अंसारी एवं नगर अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद शामिल रहे। संगठन द्वारा किए जा रहे भूख हड़ताल में जनपद के कई सामजिक संस्थानों संगठनों ने समर्थन दिया। जिसमें मानव अधिकार वैलफेर संघठन. रिक्शा चालक असोसिएशन, अटेवाँ पेंशन बचाओ मंच, एक्स सर्विस मैंन एसोसिएशन, लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास, नगर कल्याण समिति बिजनौर, शिव सेना, युवा सेना, जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर, डिस्ट्रिक्ट केमिस्ट एंड ड्रग्स एसोसिएशन का समर्थन भूख हड़ताल कर रहे। शाम को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चैधरी दिगंबर सिंह ने सभी भूख हड़ताल पर बैठे पदाधिकारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल समाप्त करायी।

## रक्त का कोई विकल्प नहींः डी.पी. यादव

अयोध्या। राष्ट्रीय रक्तदान पखवाड़ा के अंतर्गत पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक डीपी यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद शोध संस्थान के प्रबंधक निदेशक सूर्यकान्त पाण्डेय जी मौजूद रहे।

## स्वदेशी अपनाना ही सच्ची देशभक्ति, अर्थव्यवस्था होगी मजबूत




**बांदा।** भारतीय जनता पार्टी का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विराट जन आंदोलन बन गया है। यह महज एक संकल्प नही बल्कि राष्ट्रीय धेय भी बन चुका है। इसे साकार करने की सबकी जिम्मेदारी है। अब समय है कि हर वस्तु को जिसे हम देश में ही पूरी गुणवत्ता से बना सकते हैं, इसे भारत में ही बनाएं ताकि दूसरे देशों पर निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो और वोकल फॉर लोकल का मंच सशक्त हो सके। यह बात भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने पत्रकारों से कही। राज्य मंत्री ने कहा कि सभी हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी और गर्व से कहें कि यह स्वदेशी है के मंत्र को आत्मसात कर देश के किसानों, कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करें। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक प्रधानमंत्री के इस आह्वान को स्वाभिमान और संकल्प के साथ आगे बढ़ाएगा तब भारत विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में विश्व में नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कई महत्वपूर्ण कटौती की हैं जिससे लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि देशवासी स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना ही सच्ची देशभक्ति है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहा है।

संक्षेप

## लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज को मिला यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन

मुंबई। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड को अपने सर्जिकल कंज्यूमेबल्स, ऑर्थोपेडिक सपोर्ट्स और हाइजीन उत्पादों की श्रृंखला के लिए यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ है – यह उपलब्धि कंपनी की उत्कृष्ट विनिर्माण क्षमता को दर्शाती है और वैश्विक हेल्थकेयर सप्लाई चेन में भारत की स्थिति को और मजबूत करती है। यूएस एफडीए रजिस्ट्रेशन उत्पाद सुरक्षा, गुणवत्ता और अनुपालन के सर्वोच्च मानक का प्रतीक है। भारतीय निमार्ताओं के लिए यह संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और मध्य पूर्व जैसे नियंत्रित अंतरराष्ट्रीय बाजारों के द्वार खोलता है, जिससे व्यापार में अभूतपूर्व वृद्धि की संभावनाएं बढ़ती हैं। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज के लिए यह उसकी वैश्विक विस्तार यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है, जो निर्यात के अवसरों को बढ़ाता है और हेल्थकेयर मैन्युफैक्चरिंग में भारत को विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर करता है।

## आयोनोस ने एजेंटिक एआई सॉल्यूशंस प्रदर्शित किया

नई दिल्ली। आयोनोस ने 7 से 9 अक्टूबर तक लिस्बन में आयोजित प्रतिष्ठित वर्ल्ड एविएशन फेस्टिवल में सिल्वर स्पांसर के तौर पर प्रतिभाग करने की घोषणा की है। आयोनोस अपने प्रोप्राइटरी एजेंटिक एआई सॉल्यूशंस को प्रदर्शित करेगी जिसे विशेष रूप से विमानन उद्योग में एआई संचालित परिवर्तन को निर्बाध रूप से अपनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इस फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण आयोनोस का इंटेलिमेट प्लेटफॉर्म होगा जो विमानन उद्योग के लिए त्वरित लागू करने के उद्देश्य से पूर्व एकीकृत और पूर्व प्रशिक्षित एजेंटिक एआई प्लेटफॉर्म है। आयोनोस का लक्ष्य अधिक कुशल कार्यप्रवाह को गति देना, परिचालन दक्षता बढ़ाना और विमानन कंपनियों को एआई की संभावना का पूर्ण दोहन करने में मदद करना है ताकि वे ग्राहकों के साथ बेहतर ढंग से जुड़े रहें और आंतरिक परिचालनों को संभाल सकें।

## एक्मे ग्रुप ने मैनुफैक्चरिंग पोर्टफोलियो को बनाया सशक्त

नयी दिल्ली। 2025 की शुरूआत में एमएनआरई ने एक्मे ग्रुप को एएलएमएम सूची में शामिल करते हुए सोलर मोड्यूल निमार्ता के रूप में इसकी विश्वसनीयता को कई गुना बढ़ा दिया। एक्मे ने अपने नवीकरणीय उपकरण मैनुफैक्चरिंग कारोबार के संचालन के लिए एक्मे ग्रुप के तहत अलग युनिट स्थापित की है। कंपनी ने जयपुर में रुपये 230 करोड़ के निवेश के साथ 1.2 गीगावॉट सालाना क्षमता वाली सोलर मोड्यूल मैनुफैक्चरिंग युनिट स्थापित की है। जयपुर की यह युनिट विभिन्न ऐप्लीकेशन्स जैसे युटिलिटी-स्केल पावर प्लांट, कुसुम परियोजना, निर्यात तथा रूफटॉप इंस्टॉलेशन्स के लिए उच्च दक्षता वाले सोलर मोड्यूल बनाती है। एएलएमएम पहल स्थानीय निर्माण को बढ़ावा देकर, आयात पर निर्भरता कम कर तथा रोजगार के नए अवसर उत्पन्न कर मेक-इन-इंडिया को समर्थन प्रदान करती है।

## टीटीके प्रेस्टीज का कैंपेन सेलिब्रेटिंग एवरी काइंड ऑफ कुक लॉन्च

नयी दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज ने अपना नया कैंपेन सेलिब्रेटिंग एवरी काइंड ऑफ कुक लॉन्च किया है, जिसे डीडीबी मुद्रा ग्रुप ने तैयार किया है। इस त्योहारों के समय में प्रेस्टीज सिर्फ.खाना बनाने की कला को नहीं, बल्कि हर उस व्यक्ति की खुशी, शैली और भावनाओं को सलाम कर रहा है जो अपने तरीके से रसोई को खास बनाता है कभी प्यार से, कभी जल्दबाजी में और कभी पूरे जोश के साथ। कैंपेन का मूल संदेश एक सशक्त सच्चाई पर आधारित है कुक की कोई एक परिभाषा नहीं होती। कोई हर भोजन की बारीक योजना बनाता है, कोई हर डिश में परफेक्शन ढूंढता है, कोई पिता अपने बच्चे के लिए प्यार से खाना पकाता है।

## जावा येज्दी फ्लिपकार्ट पर आने वाला पहला ब्रांड बना

बंगलुरु। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिल खरीदने के तरीके को बदलने की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाया है। पिछले साल फ्लिपकार्ट पर हाई-परफॉर्मेंस क्लासिक बाइक्स की बिक्री की शुरूआत करने के बाद, अब यह ब्रांड देश के सबसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन पर लाइव हो गया है, जो 40 से अधिक शहरों को कवर करता है और इस त्योहारी सीजन में 100 से अधिक शहरों तक विस्तार करने की योजना बना रहा है। हम एक साल पहले ई-कॉमर्स में इस सरल विश्वास के साथ उतरे कि यदि हमारे युवा उपभोक्ता हॉलीडे डेस्टिनेशन या कार की बुकिंग करने से नहीं हिचकिचाते, तो उन्हें उसी तरह जावा या येज्दी भी ऑनलाइन खरीदने में सक्षम होना चाहिए।

# सेंसेक्स में 153 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को पिछले चार कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 153 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 62 अंक के नुकसान में रहा।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 153.09 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,773.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, इसमें 611.66 अंक की घट-बढ़ हुई। उंचे में यह 82,257.74 अंक तक गया और नीचे में 81,646.08 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 62.15 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 25,046.15 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वाहन, रियल एस्टेट और बैंक शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, सन फार्मा, पावर ग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा शामिल हैं। प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव रहा। इसका कारण तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली है। कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। बाजार प्रतिभागी मूल्यांकन और वृद्धि संभावनाओं पर गौर कर रहे हैं। बुधवार को बाजारों में उतार-चढ़ाव रहा और हाल की तेजी के बाद यह हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ। एक स्थिर शुरुआत के बाद, निफ्टी ज्यादातर समय एक सीमित दायरे में रहा और अंततः दिन के निचले स्तर 25,046.15 अंक के पास बंद हुआ। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.74 प्रतिशत और छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.42 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में 2,434 शेयरों में गिरावट आई जबकि l,740 में तेजी रही। वहीं 156 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे। उन्होंने 1,440.66 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.16 प्रतिशत बढ़कर 66.21 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। सेंसेक्स मंगलवार को 136.63 अंक चढ़ा था।

# सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1.26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नये उच्चतम स्तर पर पहुंचा



नयी दिल्ली। अमेरिका में वित्तपोषण की दिक्कतों के कारण कुछ विभागों में कामकाज ठप रहने (शटडाउन) से उत्पन्न भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत वैश्विक रुझानों के अनुरूप, राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी रही और यह 2,600 रुपये की तेजी के साथ 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं।

वैश्विक जोखिम से बचने की धारणा की वजह से निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने के कारण पिछले तीन दिन में सोने में 6,000 रुपये की वृद्धि हुई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 2,700 रुपये की भारी वृद्धि दर्ज करने के एक दिन बाद मंगलवार को 700 रुपये बढ़कर 1,24,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने की कीमत 2,600 रुपये बढ़कर 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई। पिछले बाजार सत्र में यह 1,23,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के मौजूदा शटडाउन और बढ़ते वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली इस परिसंपत्ति में निवेश को बढ़ावा दिया है। इसके अलावा, बुधवार को चांदी की कीमतें 3,000 रुपये बढ़कर l,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गईं। मंगलवार को यह 1,54,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां सर्व सुलभ उत्पाद बनायें

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों से उपयोग में आसान और सभी के लिए सुलभ उत्पाद डिजाइन करने को कहा ताकि भारत को वित्तीय समावेश हासिल करने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने में मदद मिल सके।

मल्होत्रा ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 को संबोधित करते हुए, बढ़ते डिजिटल धोखाधड़ी के मुद्दे का भी उल्लेख किया और इस समस्या पर अंकुश लगाने के लिए प्रयास करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्पाद और सेवाएं डिजाइन करें जो उपयोग में आसान हों, सभी के लिए सुलभ हों, और सहायक प्रौद्योगिकी के साथ हों, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वरिष्ठ नागरिक, सीमित डिजिटल साक्षरता वाले व्यक्ति और विशेष रूप से दिव्यांग जैसे कमजोर समूह पीछे न छूटें। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारत में एक जीवंत वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) परिवेश है और फिनटेक उद्योग ने बड़े पैमाने पर और किफायती लागत पर वित्तीय सेवाएं प्रदान करना संभव बनाया है। देश में लगभग 10,000 ऐसी संस्थाएं हैं। मल्होत्रा ने यह भी कहा कि एकीकृत कर्ज इंटरफेस का उद्देश्य ऋणदाताओं को वैकल्पिक कर्ज मॉडल बनाने के लिए आंकड़ों के उपयोग को लेकर सक्षम बनाना है।

## रुपया तीन पैसे टूटकर 88.80 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को रुपये में सीमित दायरे में कारोबार हुआ और यह डॉलर के मुकाबले तीन पैसे की गिरावट के साथ 88.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और जोखिम-से बचने की धारणा मजबूत होने के कारण रुपये में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियो ने कहा कि डॉलर अपनी स्थिति बनाए हुए है, फिर भी डॉलर के स्थिर स्वरूप के पीछे एक बढ़ता तनाव छिपा है। आईपीओ से संबंधित निवेश प्रवाह जैसे घरेलू कारकों के समर्थन से, रुपया एक सीमित दायरे में रहने की संभावना है, और अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता में संभावित प्रगति धीरे-धीरे रुपये के पक्ष में धारणा को मोड़ सकती है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.76 पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 88.81 के निचले स्तर को छुआ और अंत में 88.80 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 88.77 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.88 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.25 प्रतिशत बढ़कर 66.27 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने मंगलवार को शुद्ध रूप से 1440.66 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू शेयर बाजार में, सेंसेक्स 153.09 अंक टूटकर 81,773.66 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 62.15 अंक के नुकसान के साथ 25,046.15 अंक पर रहा।

## कोयला क्षेत्र के कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा, पेंशन पर नया कानून लाने की तैयारी

नयी दिल्ली। कोयला क्षेत्र के कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा और पेंशन संबंधी लाभ सुनिश्चित करने के लिए कोयला मंत्रालय एक नया कानून लाने की तैयारी कर रहा है।

संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह कानून 77 वर्ष पुराने कोयला खदान भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1948 की जगह लेगा। नए विधेयक में औद्योगिक विवादों के समाधान, कार्य स्थितियों, सामाजिक सुरक्षा, वेतन नियमन और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में हुए हालिया सुधारों को ध्यान में रखा गया है। कोयला मंत्रालय ने इस संबंध में कोयला खदान कर्मचारी भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान विधेयक, 2025 के प्रारूप पर हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित की हैं। प्रस्तावित कानून में मौजूदा न्यासी मंडल के स्थान पर कोयला खदान कर्मचारी भविष्य निधि बोर्ड के गठन का प्रावधान किया गया है, जिससे एक अधिक जवाबदेह और सुदृढ़ नियामकीय ढांचा तैयार किया जा सकेगा। कोयला खदान भविष्य निधि एवं विविध प्रावधान अधिनियम, 1948 को कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों के लिए भविष्य निधि योजना, पारिवारिक पेंशन योजना और जमा से जुड़ी बीमा योजना के प्रावधान को लागू किया गया था। यह अधिनियम संविधान लागू होने से पहले बना हुआ कानून है।

## प्रणालीगत सुरक्षा के लिए उठा रहे कदमः सेबी

मुंबई। पूंजी बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग की शुरुआत से बड़ी सुरक्षा चुनौतियां उत्पन्न हो सकती हैं और नियामक इसे ध्यान में रखते हुए पहले से ही प्रणाली को सुरक्षित बनाने की तैयारी कर रहा है।

पांडेय ने यहां आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए कहा कि क्वांटम कंप्यूटिंग में ऐसी प्रौद्योगिकी क्षमता है जिससे पासवर्ड जैसे बेहद सुरक्षित माने जाने वाले सुरक्षा तंत्र भी खतरे में पड़ सकते हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि उद्योग समय रहते क्वांटम सुरक्षित प्रणाली के लिए तैयार हो। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा कि नियामक ने सभी विनियमित हितधारकों की क्वांटम के लिए तैयारी सुनिश्चित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार की है। इस योजना के तहत तीन चरणों- खोज, तैयारी एवं क्रियान्वयन के जरिये अगले दो से चार वर्षों में सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। हम 2028 या 2029 को ध्यान में रखते हुए क्वांटम सेफ कंप्यूटिंग को प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि उद्योग क्वांटम-सुरक्षित क्रिप्टोग्राफी की दिशा में कदम बढ़ा सके। क्रिप्टोग्राफी का मतलब किसी संदेश, डाटा या संचार को अनधिकृत व्यक्तियों से सुरक्षित रखने की तकनीक है। उन्होंने कहा कि क्वांटम मैकेनिक्स के सिद्धांतों पर आधारित क्वांटम कंप्यूटिंग पारंपरिक कंप्यूटर की क्षमताओं से कहीं अधिक जटिल समस्याओं को सुलझाने में सक्षम होगी। उन्होंने प्रौद्योगिकी तटस्थता के मुद्दे पर कहा कि अब कागजी रूप में शेयर रखने की व्यवस्था अधिक समय तक संभव नहीं है।

## टोयोटा ने लॉन्च किया फॉर्च्यूनर लीडर का 2025 एडिशन

बेंगलुरु। 2024 लीडर एडिशन की शानदार सफलता के बाद, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) फॉर्च्यूनर लीडर के 2025 एडिशन के साथ और भी प्रभावशाली छाप छोड़ने के लिए तैयार है। नए स्टाइल और प्रीमियम फीचर्स के साथ, यह नया एडिशन फॉर्च्यूनर की सड़क पर दमदार मौजूदगी को और बेहतर बनाता है और ग्राहकों को स्पोर्टी एवं ज्यादा आकर्षक लुक देता है। नए फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन को उन एसयूवी प्रेमियों के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है जो शानदार प्रदर्शन और आधुनिक स्टाइल चाहते हैं। 2025 फॉर्च्यूनर लीडर एडिशन एटिट्यूड ब्लैक, सुपर व्हाइट, पर्ल व्हाइट और सिल्वर रंगों में 4x2 ऑटोमैटिक और मैनुअल ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है।

## फ्लिपकार्ट होलसेल ने की दिवाली महोत्सव की घोषणा

मेरठ। फ्लिपकार्ट ग्रुप की डिजिटल बी2बी मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट होलसेल ने अपने किराना मेंबर्स के लिए 30 सितंबर से 21 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले दिवाली महोत्सव सेल की घोषणा की है। इस सेल की टैगलाइन हर डील में फेस्टिव फील है, जिसमें सभी 26 स्टोर्स और ऑनलाइन चैनल्स पर आकर्षक और खास ऑफर्स उपलब्ध हैं, जिनमें मेंबर्स विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों पर 80% तक बचत कर सकते हैं और इस त्योहार के मौसम में पहले से कहीं ज्यादा लाभ कमा सकते हैं। इस सेल में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय ब्रांड्स के सीजन के सबसे बड़े ऑफर्स उपलब्ध हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। किराना मेंबर्स स्किनकेयर से लेकर फूड, बेवरेज ब्रांड्स और अन्य ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ ले सकते हैं।

## देश की महत्वकांक्षा अब 5जी से आगे, ध्यान अब 6जी एवं उपग्रह संचार परः सिंधिया

नयी दिल्ली। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारत की महत्वाकांक्षाएं 5जी तक ही नहीं है बल्कि अब ध्यान 6जी एवं उपग्रह संचार पर है। लक्ष्य 6जी पेटेंट का 10 प्रतिशत हासिल करना है।

सिंधिया ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2025 में अपने संबोधन में कहा कि भारत आज वैश्विक मंच पर एक डिजिटल अगुवा के रूप में उभर रहा है। मंत्री ने भारत के एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा, वह दिन दूर नहीं जब लोग कहेंगे कि दुनिया, भारत पर निर्भर है। मैं आज आप सभी से अपील करता हूं कि यहां तैयार करें, यहां समाधान करें...भारत नवोन्मेष करता है और दुनिया बदलती है। उपग्रह संचार में आज विस्तार हो रहा है, जमीन से समुद्र एवं अंतरिक्ष तक संपर्क सुविधा को आगे बढ़ा रहा है। दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र में आज उपग्रह संचार बाजार करीब चार अरब डॉलर का है, जो 2033 तक तीन गुना बढ़कर लगभग 15 अरब डॉलर हो जाएगा। इस पूरी क्रांति के केंद्र में हमारे लोग हैं... आने वाले दिनों में भारत, दुनिया की सबसे बड़ी डिजिटल रूप से कुशल ताकत बनने जा रहा है। भारत की महत्वाकांक्षा 5जी से भी आगे तक फैली हुई है।

## निसान ने अपनी नयी एसयूवी ऑल-न्यू टेक्टॉन की झलक दिखायी

नयी दिल्ली। निसान मोटर इंडिया ने आज अपनी ग्लोबल एसयूवी लाइनअप के नवीनतम संस्करण के नाम का एलान किया। कंपनी ने अपनी नवीनतम एसयूवी ऑल-न्यू टेक्टॉन की पहली झलक दिखाई है। ऑल-न्यू निसान टेक्टॉन निसान की प्रगति की कहानी का केंद्र बनने के लिए तैयार है। यह देश में हमारे आगामी प्रोडक्ट पोर्टफोलियो की झलक भी दिखाती है। अपनी दमदार मौजूदगी, बोल्ड लुक और प्रीमियम इंटीरियर के साथ हमें विश्वास है कि यह अपने सेगमेंट में सबको हिलाकर रख देगी। यह मजबूत और रिफाइंड सी-एसयूवी की चाहत रखने वाले ग्राहकों को आकर्षित करेगी। इस मॉडल से भारत में निसान की विकास की कहानी आगे बढ़ेगी। टेक्टॉन नाम ग्रीक भाषा से लिया गया है।

पेज एक का शेष

### सुसुमु कितागावा

रसायन विज्ञानियों ने, अलग-अलग काम करते हुए, 1989 से चले आ रहे अनुसंधान में एक-दूसरे की सफलताओं को जोड़ते हुए, स्थिर धातु-कार्बनिक ढांचे बनाने के तरीके ईजाद किए - जिनकी तुलना किसी घर के लकड़ी के ढांचे से की जा सकती है। ये ढांचे गैसों को अवशोषित कर सकते हैं और इन ढांचों के अंदर रख सकते हैं, जिनके आज कई व्यावहारिक अनुप्रयोग हैं - जैसे वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण करना या शुष्क रेगिस्तानी हवा से पानी सोखना। रसायन विज्ञान के लिए नोबेल समिति के अध्यक्ष हेनर लिंके ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, धातु-कार्बनिक ढांचों में अपार क्षमता है, जो नए कार्यों के साथ कस्टम-निर्मित सामग्रियों के लिए पहले से अप्रत्याशित अवसर प्रदान करते हैं।

### अयोध्या भारत

और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एकता और समरसता की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम भी है। उन्होंने कहा कि इन तीन पूज्य संतों ने 15वीं से 18वीं सदी के बीच श्रीराम भक्ति में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया और आज उनकी प्रतिमाएं उनके आराध्य श्रीरामचरणों में स्थापित होना पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। सीएम ने बताया कि यह स्थल देवगुरु बृहस्पति जी का पवित्र कुंड है और यहां आने वाले कोटि-कोटि श्रद्धालु अब हर वर्ष इन संतों के दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि त्यागराज महास्वामी को कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने तेलुगु भाषा में हजारों भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान श्रीराम की आराधना को जन-जन तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरंदरदास महास्वामी को 1434 से 1564 तक कर्नाटक संगीत का जनक कहा जाता है। उन्होंने व्यापारी जीवन त्यागकर हरिदास सम्प्रदाय के प्रमुख संत के रूप में कन्नड़ भाषा में लगभग साढ़े चार लाख से अधिक भक्ति गीतों की रचना की। वहीं, अरुणाचल कवि महास्वामी ने रामनाटकम् जैसे तमिल काव्य के माध्यम से श्रीराम के आदर्शों का प्रसार किया। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में पहले ही जगद्गुरु रामानुजाचार्य की प्रतिमा और लता मंगेशकर चौक की स्थापना की जा चुकी है। अब यह कार्यक्रम उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ने वाली नई कड़ी बन गया है। उन्होंने स्मरण कराया कि रामजन्मभूमि आंदोलन के समय दक्षिण भारत से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे थे और नारा लगाते थे ह्लराम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सीएम योगी ने अपने भाषण में कहा कि काशी और तमिलनाडु के बीच सांस्कृतिक पुल का निर्माण प्रधानमंत्री मोदी ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से किया। संस्कृत और तमिल दोनों भाषाओं की समृद्ध धरोहर को जोड़ना भारत की आत्मा को एक सूत्र में पिरोने जैसा कार्य है। कार्यक्रम में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भी सराहना करते हुए योगी ने कहा कि उन्होंने शारदीय नवरात्रि की प्रथम तिथि से देशभर में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू कर 140 करोड़ नागरिकों को राहत दी है, जिससे बाजार में नया उत्साह और मजबूती आई है।

### डिजिटल क्षेत्र

गति बढ़ा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने ही माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को युक्तिसंगत बनाया गया। इससे शैम्पू से लेकर टेलीविजन तक आम इस्तेमाल की वस्तुएं सस्ती हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स के विनिर्माण में काफी अवसर हैं। उद्योग, नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप को अब आगे आना होगा।

प्रधानमंत्री ने डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए सरकारी कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार दूरसंचार प्रौद्योगिकी विकास कोष और डिजिटल संचार नवाचार स्क्वायर के माध्यम से स्टार्टअप परिवेश का समर्थन कर रही है। सरकार उत्पाद विकास को सक्षम बनाने के लिए 5जी, 6जी, अत्याधुनिक ऑप्टिकल संचार और टेरा-हर्ट्ज जैसी प्रौद्योगिकी के परीक्षण को भी वित्त उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा, भारत मोबाइल कांग्रेस और दूरसंचार क्षेत्र में भारत की सफलता आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की मजबूती को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा, कैसे मेक इन इंडिया के विचार को कभी शक-संदेह में जीने वाले लोग प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उत्पादों का उत्पादन करने की भारत की क्षमता पर संदेह करते थे। क्योंकि, उनके दौर में नई प्रौद्योगिकी को भारत तक आने में कई दशक लग जाते थे। देश ने उसका जवाब दिया।

### पीएम मोदी ने

को लेकर विमान दोपहर करीब 2.40 बजे नए हवाई अड्डे पर उतरा। यह मुंबई क्षेत्र का दूसरा हवाई अड्डा है। कुल 1,160 हेक्टेयर में फैले इस हवाई अड्डे में पहले चरण में एक टर्मिनल और एक रनवे होगा, जिसकी वार्षिक यात्री क्षमता दो करोड़ होगी। मोदी ने विमानन परियोजना का उद्घाटन करने के बाद कहा मुंबई का लंबा इंतजार खत्म हो गया है, क्योंकि शहर को अब अपना दूसरा हवाई अड्डा मिल गया है, जिससे महाराष्ट्र के किसानों को यूरोप और अमेरिका के सुपरमार्केट से जुड़ने में भी मदद मिलेगी। यह परियोजना वर्षों से बन रही थी और इसमें कई बार देरी हुई। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि यह हवाई अड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र को एशिया का सबसे बड़ा कनेक्टिविटी केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुल 1,160 हेक्टेयर में फैला यह नया हवाई अड्डा भारत की विमानन क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और मुंबई के मौजूदा छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भारी यातायात के बोझ को कम करेगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा यह एक ऐसी परियोजना है जिसमें विकसित भारत की झलक दिखती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हवाई अड्डा नए निवेश को आकर्षित करेगा और रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा। मोदी ने देश के विमानन क्षेत्र के विकास का उल्लेख करते हुए बताया कि 2014 से उनके नेतृत्व में यह किस प्रकार विकसित और विस्तारित हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, जो विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है, में 2014 में सिर्फ 74 हवाई अड्डे थे, लेकिन पिछले 11 वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 160 से अधिक हो गई है। इससे यह संकेत मिलता है कि उनकी सरकार इस प्रमुख क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना उड़ान के ज़रिए लाखों लोग हवाई यात्रा कर चुके हैं।

### कानपुर : दो स्कूटी

रही है। साथ ही घटनास्थल पर जांच की जा रही है। स्कूटी मालिक का भी पता लगाया जा रहा है। फिलहाल विस्फोट की वजह क्या है इसके बारे में पुलिस अधिकारी नहीं बता पा रहे हैं। उनका कहना है कि जांच की जा रही है। सीसीटीवी को भी चेक किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घायलों में सुहाना (70), अब्दुल (60), रियादुईन 70, अश्वनी कुमार (50) गंभीर रूप से घायल हैं। चिकित्सकों की मानें तो यह बर्न के मरीज है जो 50 प्रतिशत से अधिक बर्न हैं। इन्हें केजीएमयू रेफर किया जा रहा है। इसके अलावा दो माइनर घायल हैं जिसमें मुर्शलइन, राइश हैं।

### फतेहपुर : तालाब

कि इस हादसे में साहिल गुप्ता (26), शिवम साहू (28), रितेश सोनकर (28) और राहुल केसरवानी (25) की मौत हो गई। वे सभी प्रयागराज के खुल्दाबाद इलाके के निवासी थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस हादसे में कार चालक राहुल कुमार समेत पांच अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में कानपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

चालक राहुल ने संवाददाताओं को बताया कि जैसे ही हम फतेहपुर पहुंचे, गाड़ी लड़खड़ाने लगी। मुझे लगा कि टायर का प्रेशर कम होगा। दुर्घटना से लगभग 10 मिनट पहले हम बरौरी टोल प्लाजा के ठीक पहले टायर चेक करने के लिए रुके थे। सब कुछ ठीक लग रहा था, इसलिए हम आगे बढ़ गए, लेकिन मुश्किल से 300 मीटर आगे बढ़ने पर अचानक टायर फट गया और गाड़ी अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई।

### जलविद्युत व खेल

अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरलता, निर्मलता तथा पारिस्थितिकी संरक्षण हमारे लिए सर्वोपरि है। हम हर परियोजना में पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कर रहे हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों के समग्र विकास के लिए एक आधुनिक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना से जुड़ा प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय हल्द्वानी के गौलापार क्षेत्र में लगभग 12.317 हेक्टेयर वन भूमि पर स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए जाएं। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय उत्तराखंड के युवाओं के लिए खेल शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे राज्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान हासिल करेगा।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावों का स्वागत करते हुए परियोजनाओं पर सैद्धांतिक सहमति जताते हुए राज्य को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों के सतत, समावेशी और पर्यावरण-संवेदी विकास के लिए हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। बैठक में केंद्रीय मंत्रालय के सचिव तन्मय कुमार, उत्तराखंड के प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते और स्थानिक आयुक्त अजय मिश्रा उपस्थित रहे।

### भविष्य की

हमारी महत्वपूर्ण संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। उन्होंने कहा स्वदेशी रूप से विकसित और एकीकृत हथियारों ने दुश्मन के इलाके में गहराई तक सटीक और विनाशकारी प्रहार किए। उनका प्रदर्शन स्वदेशी रूप से विकसित क्षमताओं में हमारे विश्वास को पुष्ट करता है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था जिसमें पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में कई आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने के लिए हवाई शक्ति का इस्तेमाल किया गया। इन हमलों के बाद चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं जो 10 मई को सैन्य कार्वाई रोकने पर बनी सहमति के साथ समाप्त हुईं।

### छत्तीसगढ़ : 16

रुपये का इनाम तथा मड्डा कुंजाम (21), रवि उर्फ गोपाल वड्डे (23) और कारे कोर्मा (23) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि बाकी छह अन्य प्रतिबंधित संगठन के निचले स्तर के सदस्य है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों ने पुलिस को बताया कि शीर्ष माओवादी नेता आदिवासियों के असली दुश्मन हैं। वे जल, जंगल और जमीन की रक्षा, समानता और न्याय के झूठे वादों से स्थानीय लोगों को गुमराह करते हैं और उनका शोषण करते हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने कहा, यह आत्मसमर्पण इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि बस्तर में बदलाव की बयार बह रही है। हिंसा, भय और शोषण की विचारधारा से निराश होकर इन युवाओं ने शांति, शिक्षा और विकास का मार्ग चुना है। यह कदम न केवल उनके और उनके परिवारों के लिए एक नई शुरुआत है।




# ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 107 रन से हराया

## विश्व कप : मूनी ने शानदार 109 रन की पारी खेली, बेथ मूनी ने शतक लगाया, 9वें विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी की

एजेंसी

कोलंबो। ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में बुधवार को पाकिस्तान पर 107 रन की जीत दर्ज की। यह ऑस्ट्रेलिया की इस टूनामेंट में दूसरी जीत है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में 222 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तानी टीम 36.3 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। सिद्रा अमीन ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। किम गर्थ को 3 विकेट मिले। मेगन शूट और एनाबेल सदरलैंड को 2 विकेट मिले। टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में बेथ मूनी ने शतकीय पारी खेलकर 50 ओवर में टीम स्कोर 221/9 पहुंचा दिया। बेथ मूनी ने 114 बॉल पर 109 रन की पारी खेली। इस पारी में 11 चौके शामिल रहे। मूनी ने अलाना किंग के साथ 9वें विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी की। यह विमेंस वनडे क्रिकेट के इतिहास में 9वें नंबर की सबसे बड़ी साझेदारी है। पाकिस्तानी स्पिनर नाशरा संधू ने 3 विकेट झटके। कप्तान फातिमा सना और रमीन शमीम ने 2-2 विकेट लिए।



अनुभवी बल्लेबाज बेथ मूनी ने शानदार 109 रन की पारी खेली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मैच में बुधवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरते हुए नौ विकेट पर 221 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बाएं हाथ की स्पिनर नाशरा संधू (37 रन पर तीन विकेट), ऑफ स्पिनर रमीन शमीम (29 रन पर दो विकेट) और तेज गेंदबाज कप्तान फातिमा सना (49 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 76 रन पर सात विकेट कर दिया था लेकिन मूनी ने 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी एलेना किंग (नाबाद 51) के साथ नौवें विकेट के लिए रिकॉर्ड 106 रन की साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। मूनी ने 114 गेंद की अपनी पारी में 11 चौके मारे जबकि एलेना ने 49 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और इतने ही चौके जड़े। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में नौवें या उससे निचले विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौवें विकेट के लिए ऑस्ट्रेलिया की एशले गार्डनर और किम गार्थ के बीच 76 रन की थी। पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद पाकिस्तान ने संधू की अगुआई में स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया पर शिकंजा कस दिया था लेकिन मूनी एक छोर पर डटी रही और अपने पांचवें एकदिवसीय शतक की बदौलत टीम को मुश्किल से उबारा। मूनी उस समय क्रीज पर उतरी जब ऑस्ट्रेलिया की टीम 30 रन पर दो विकेट गंवा चुकी थी। विकेटों के पतझड़ के बीच उन्होंने एक छोर संभाले रखा और अपनी सबसे यादगार पारियों में से एक खेली। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 25 ओवर के बाद सात विकेट पर 83 रन था और इसके बाद उन्होंने दो विकेट खोकर 138 रन जोड़े। धीमी और स्पिन की अनुकूल पिच पर ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों ने खराब शॉट खेलकर अपने विकेट गंवाए। पाकिस्तान ने क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन किया और शानदार प्रयासों से महत्वपूर्ण कैच लपके। सादिया इकबाल (32 रन पर एक विकेट) ने सातवें ओवर में कप्तान एलीसा हीली (20) को डायना बेग के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया जबकि फातिमा ने अगले ओवर में दूसरी सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (10) का कैच अपनी ही गेंद पर लपका। जैसे ही गेंद टर्न लेने लगी ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ती गईं। संधू ने एलिस पैरी (05) और एनाबेल सदरलैंड (01) के दो बड़े विकेट लिए जिससे 15वें ओवर तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 59 रन हो गया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक बनाने वाली एश्ले गार्डनर (01) ने लापरवाही भरा शॉट खेलकर रमीन की गेंद को सीधे मिडविकेट पर खड़ी फातिमा के हाथों में खेल दिया जिससे टीम ने सिर्फ पांच रन जोड़कर तीन विकेट गंवाए। ताहलिया मैकग्रा (05) और जॉर्जिया वेयरहैम (00) भी पांच गेंदों के अंतराल में सिर्फ एक रन जोड़कर आउट हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 76 रन तक सात विकेट गंवा दिए। मूनी ने इसके बाद किम गार्थ (11) के साथ आठवें विकेट के लिए 39 रन जोड़कर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। डायना बेग (74 रन पर एक विकेट) ने गार्थ को विकेटकीपर सिदरा नवाज के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया



मैके। भारत की अंडर 19 टीम ने दूसरे और आखिरी युवा टेस्ट में बुधवार को आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम को सात विकेट से हराकर श्रृंखला 2.0 से जीत ली। अपने कल के स्कोर सात विकेट पर 114 रन से आगे खेलते हुए भारतीय अंडर 19 टीम 171 रन पर आउट हो गई और पहली पारी में 36 रन की बढत हासिल की। मेजबान टीम दूसरी पारी में 119 रन ही बना सकी और भारत को 81 रन का लक्ष्य मिला।

सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जल्दी आउट हो गए लेकिन भारत ने लक्ष्य 12.2 ओवर में हासिल कर लिया। कठिन पिच पर अति आक्रामक होने का खामियाजा सूर्यवंशी और म्हात्रे को भुगतना पड़ा। इससे पहले आस्ट्रेलिया की अंडर 19 टीम भारतीय गेंदबाजों का सामना नहीं कर सकी। तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने साइमन बज और जेड होलिक को लगातार गेंदों पर आउट किया। मेजबान टीम का स्कोर दो ओवर के बाद दो विकेट था और स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं था। इसके बाद से टीम दबाव से उबर नहीं सकी। भारत ने पहला युवा टेस्ट और तीन युवा वनडे भी जीते थे। वहीं दूसरी ओर रणजी ट्रॉफी में एक सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज और रविंद्र जडेजा के प्रशंसक हर्ष दुबे भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं लेकिन विदर्भ के इस स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर को राष्ट्रीय टीम में शामिल होने की कोई जल्दी नहीं है। दुबे ने पिछले सत्र में भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और सत्र में सबसे अधिक 69 विकेट लेकर इतिहास रच दिया था। दुबे इस साल की शुरुआत में भारत ए के इंग्लैंड दौरे का हिस्सा थे लेकिन उनका कहना है कि हर सत्र में सुधार करना उनके लिए सबसे जरूरी है क्योंकि वह राष्ट्रीय टीम के लिए जडेजा की उपलब्धियों को दोहराना चाहते हैं।

## भारतीय वनडे टीम दो जत्थों में 15 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी

नयी दिल्ली। भारतीय एक दिवसीय क्रिकेट टीम दो अलग अलग जत्थों में 15 अक्टूबर को दिल्ली से आस्ट्रेलिया रवाना होगी और यात्रा का अंतिम कार्यक्रम टिकटों की उपलब्धता और व्यवस्था पर निर्भर करेगा। भारत को आस्ट्रेलिया में तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलने हैं। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार खिलाड़ियों का एक समूह सुबह रवाना होगा जबकि अगला समूह शाम को जायेगा। लंबी दूरी की उड़ान के लिये बिजनेस श्रेणी के टिकटों की उपलब्धता पर यह निर्भर करेगा। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली और उपकप्तान श्रेयस अय्यर टीम की रवानगी से पहले दिल्ली में टेस्ट टीम के सदस्यों से जुड़ेंगे। एक सूत्र ने बताया, विराट और रोहित रवानगी के दिन या एक दिन पहले दिल्ली पहुंचेंगे। टीम यहां से पर्थ रवाना होगी जहां 19 अक्टूबर को पहला वनडे खेला जाना है। अगर अभी चल रहे घरेलू या अंतराष्ट्रीय मैच समय से पहले खत्म हो जाते हैं तो वनडे टीम में शामिल खिलाड़ियों को अपने घर जाने के लिये छोटा ब्रेक मिल सकता है। भारतीय टीम 10 से 14 अक्टूबर तक दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा और आखिरी टेस्ट खेलेगी। चयनकर्ताओं ने एक बड़े फैसले में रोहित शर्मा की जगह शुभमन गिल को वनडे टीम की कप्तानी सौंपी है। विराट और रोहित हालांकि टीम का हिस्सा हैं। इस बीच मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पूरी टीम को राजिंदर नगर स्थित अपने आवास पर डिनर के लिये आमंत्रित किया है।

## संक्षेप

### जेसिका पेगुला वुहान ओन के तीसरे दौर में

वुहान (चीन)। छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने अमेरिका की ही हेली बापटिस्टे को 6.4, 4.6, 7.6 से हराकर वुहान ओपन टेनिस के तीसरे दौर में जगह बना ली। पिछले सप्ताह चाइना ओपन के सेमीफाइनल में हारने वाली पेगुला का सामना अब नौवी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने अमेरिका की अन ली को 7.6, 6.2 से मात दी। क्वालीफायर कैटरीना सिनियाकोवा ने माया जॉइंट को 6.3, 6.1 से हराया।

### यूएई को हराकर भारत क्वार्टर फाइनल में

गुवाहाटी। भारत ने बुधवार को यहां यूएई को हराकर सुहानदिनाता कप के लिए बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप की टीम स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अन्य मुकाबलों में अमेरिका ने फ्रांस को हराकर उलटफेर किया जबकि जपान ने शीर्ष वरीय थाईलैंड को हराकर अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने ग्रुप एच में यूएई को 45-37 45-34 से हराया जबकि जापान ने थाईलैंड को ग्रुप ए में 45-42 45-34 से शिकस्त दी। ग्रुप बी से अमेरिका ने फ्रांस को 45-43 45-43 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। सभी आठ ग्रुप की शीर्ष टीम प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए क्वार्टर फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी जबकि अन्य टीम क्लासीफिकेशन राउंड में खेलेंगी। अपने-अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली अन्य टीम में चीन (ग्रुप डी) और इंडोनेशिया (ग्रुप एफ) शामिल हैं। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने ग्रुप एच के अपने पिछले मुकाबलों में नेपाल और श्रीलंका को हराया था और ग्रुप में एकमात्र अपराजित टीम के रूप में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका क्वार्टर फाइनल में जापान से भिड़ेगा जबकि भारत ग्रुप जी की शीर्ष टीम के खिलाफ खेलेगा जिसका फैसला अभी नहीं हुआ है।

### टेस्ट : बल्लेबाजों की मददगार होगी पिच

नयी दिल्ली। भारत और वेस्टइंडीज के बीच अरूण जेटली स्टेडियम पर होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट में पहले दो दिन पिच बल्लेबाजों की मददगार रहने की उम्मीद है और तीसरे दिन से इस पर टर्न मिल सकता है। आम तौर पर कोटला की काली मिट्टी की पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है लेकिन बाद में धीरे धीरे स्पिनरों को मदद मिलने लगती है। इस टेस्ट के लिये ताजा पिच तैयार की गई है और शुरूआत में बल्लेबाजों का दबदबा रह सकता है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया ।

## जोकोविच शंघाई मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी




**शंघाई।** सर्बिया के धुरंधर टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को शंघाई मास्टर्स में गर्मी और उमस के बीच दूसरा सेट गंवाने के बाद चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी करते हुए जाउमी मुनार को 6.3, 5.7, 6.2 से मात दी। दूसरा सेट गंवाने के बाद जोकोविच पीठ के बल लेट गए और अपनी आंखों पर हाथ रख लिया। बाद में वह धीरे से उठे और दोनों पैरों के बीच सिर दबाकर बैठ गए। उन्हें एक ट्रेनर उनकी कुर्सी तक लेकर आया। अड़तीस वर्ष के जोकोविच ने कोर्ट पर इंटरव्यू भी नहीं दिया। बाद में एक्स पर लिखा , बेहद कठिन दिन। शारीरिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण। इस जीत के साथ वह एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अंतिम आठ में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

### पार्थसारथी, आकांक्षा और रिद्धि फेनेस्टा ओपन टेनिस के प्री क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीय पार्थसारथी अर्जुन मुंधे, आकांक्षा घोष और रिद्धि शिंदे ने अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए बुधवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप के लड़कियों के अंडर-16 एकल वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पार्थसारिथी ने स्वानिका रॉय को 9-2 से हराया जबकि तीसरी वरीय आकांक्षा ने कीर्तमा रंगिनेनी को 9-2 से शिकस्त दी। रिद्धि ने उलटफेर करते हुए छठी वरीय आशी कश्यप की सर्विस चार बार तोड़ते हुए 94 से जीत दर्ज करके अंतिम 16 में जगह बनाई। लड़कियों के अंडर-14 वर्ग में अनिहा गेविनोला ने सातवीं वरीय इशिता श्रीयाला को 9-5 से हराकर उलटफेर किया जबकि शीर्ष वरीय पद्मा रमेशकुमार ने शुभी शर्मा को 9-3 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लड़कों के अंडर-16 वर्ग में शीर्ष वरीय प्रकाश सारन ने सक्षम बंसल को 9-8 से हराया जबकि आठवें वरीय तवीश पाहवा ने पुनीत एम को 9-5 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया।

### वेस्टइंडीज टेस्ट क्रिकेट का पतन कैंसर है जो बरसों पहले शुरू हुआ : सैमी

नयी दिल्ली। पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने कहा कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट का पतन व्यवस्था का कैंसर है जिसकी शुरूआत काफी पहले हो गई थी। दो बार के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि प्रदर्शन के दम पर अगली पीढी के लिये छोटे प्रारूप के कई रोल मॉडल है और संसाधन उपलब्ध होने पर ही वे खेल सकते हैं। यह पूछने पर कि वेस्टइंडीज में टेस्ट क्रिकेट में क्या दिक्कत है और उन्हें इसे लेकर कैसा महसूस होता है , सैमी ने कहा आखिरी बार हमने यहां टेस्ट श्रृंखला 1983 में जीती थी जब मैं पैदा हुआ था। वेस्टइंडीज ने पिछले 42 साल में भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। सैमी ने कहा मुझे पता है कि मुझ पर नजरें होंगी। हम आलोचना से कतराते नहीं हैं लेकिन समस्या की जड़ दो साल पुरानी नहीं है। यह बहुत पहले शुरू हो गया था। उन्होंने कहा यह कैंसर की तरह है जो व्यवस्था में पहले से था। अगर आपको कैंसर नहीं होता, तो आपको पता है कि क्या होता है। यह स्तन कैंसर जागरूकता का महीना है। तो इसे कहने का यह एक अच्छा तरीका है। कि हमारी समस्यायें सतह पर नहीं हैं। ये हमारी व्यवस्था में गहराई से जड़ें जमा चुकी है। वेस्टइंडीज को भारत ने पहले टेस्ट में एक पारी और 140 रन से हराया।

## द. अफ्रीका व भारत का मुकाबला आज

एजेंसी



**विशाखापत्तनम।** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आईसीसी महिला विश्व कप के मैच में बृहस्पतिवार को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन अगर आस्ट्रेलिया बुधवार को कोलंबो में पाकिस्तान को हरा देती है तो भारत तीसरे स्थान पर खिसक जायेगा।

भारत ने भले ही पिछले दोनों मैच जीते हों लेकिन स्मृति मंधाना, कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रौड्रिग्स के बल्लों से रन नहीं निकलना चिंता का विषय है। तीनों श्रीलंका के खिलाफ नाकाम रहीं थी जिसके बाद हरलीन देयोल, अमनजोत कौर , रिचा घोष और दीप्ति शर्मा ने टीम को संकट से निकाला। श्रीलंका के खिलाफ भारत ने छह विकेट 124 रन पर और पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट 159 रन पर गंवा दिये थे। निचले क्रम के बल्लेबाजों का योगदान नहीं होता तो भारत की स्थिति खराब हो सकती थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि इस तरह की गलती नहीं की जा सकती और शीर्षक्रम के बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा। अगर नतीजा भारत के पक्ष में नहीं रहता तो अंकतालिका में स्थिति खराब होने के अलावा पिछले चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले में भी टीम पर दबाव रहेगा। भारतीय टीम प्रबंधन हालांकि सकारात्मक पहलू देखना चाहेगा कि स्टार बल्लेबाजों के नहीं चलने पर भी जीत टीम की गहराई को दिखाती है।

लेकिन उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि मंधाना, हरमनप्रीत और जेमिमा का बल्ला दक्षिण अफ्रीका या आस्ट्रेलिया जैसे दिग्गजों के खिलाफ खामोश रहा तो यह निर्णायक साबित हो सकता है। दूसरी ओर गेंदबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें यह भी देखना होगा कि एसीए . वीडीसीए स्टेडियम की पिच गुवाहाटी या कोलंबो की तरह नहीं है।

दीप्ति शर्मा अभी तक छह विकेट ले चुकी है जिन्हें साथी स्पिनरों स्नेह राणा और श्री चरणी से अच्छा सहयोग मिला। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ भी प्रभावी रही हैं। बीमारी के कारण पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रही तेज गेंदबाज हरफनमौला अमनजोत कौर की फिटनेस पर भी नजरें होंगी। फिट होने पर वह टीम में रेणुका सिंह ठाकुर की जगह लेंगी।

## अगले सत्र में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेंगे नीरज

एजेंसी



नयी दिल्ली। यह सत्र भले ही चुनौतीपूर्ण रहा हो लेकिन नीरज चोपड़ा को इस पर गर्व है और अगले साल बेहतर वापसी के लिए तैयार होने भारत के यह भाला फेंक स्टार स्विट्जरलैंड लौट गए हैं जहाँ उन्होंने खेल में अपने शानदार सफर के कई यादगार पल बिताये हैं। ज्यूरिख से पीटीआई से फोन पर बातचीत में नीरज ने अगले सत्र से उम्मीदों, स्विटजरलैंड से प्यार और घूमने फिरने के शौक के बारे में बताया।

उन्होंने कहा यह काफी चुनौतीपूर्ण सत्र रहा। मुझे इस पर गर्व है और मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। हर प्रतिस्पर्धा से मेरा अनुभव और आत्मविश्वास बढा है। हरियाणा के इस धुरंधर ने इस साल दोहा में 90 मीटर की बाधा पार की लेकिन विश्व चैम्पियनशिप में पदक नहीं जीत सके। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस में रजत पदक जीतने वाले नीरज ने कहा बेहतर प्रदर्शन की गुंजाइश तो रहती ही है और वही प्रेरित भी करती है। नीरज विश्व चैम्पियनशिप में 84.03 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ आठवें स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा अब फोकस रिकवरी और अगले सत्र में मजबूती के साथ वापसी पर है। शरीर अच्छा महसूस कर रहा है और थोड़े आराम और रिकवरी के साथ मैं बेहतर वापसी कर सकूंगा। उन्हें जरूरी रिकवरी सत्रों के लिये स्विटजरलैंड की रास आता है। स्विस पहाड़, चारों तरफ हरियाली और इंटरलाकेन से बर्न्स और फिर लुसाने तक की ट्रेन यात्रायें उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने कहा लुसाने बहुत ही खूबसूरत है और जेरमाट के पहाड़ बहुत लुभाते हैं। स्विस पर्यटन ने 2022 में उन्हें दोस्ती दूत बनाया और जुंगफ्राउजोच के आइस पैलेस में उन्हें सम्मानित भी किया। स्विटजरलैंड के टेनिस दिग्गज रोजर फेडरर और गोल्फर रोरी मैकलरॉय यह सम्मान पा चुके हैं।

नीरज ने कहा मैंने ज्यूरिख में डायमंड लीग ट्रॉफी (2022 में) जीती, जो मेरे लिए बहुत खास है। मैंने मैग्लिंगन में प्रशिक्षण लिया है, जहाँ स्विस ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र है। मैंने बुडापेस्ट (2023) में विश्व चैंपियनशिप से पहले भी वहीं प्रशिक्षण लिया था, जहाँ मैंने स्वर्ण पदक जीता था। इसलिए मेरी कई सुखद यादें स्विटजरलैंड से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने के बाद मैने अपने परिवार और दोस्तों के साथ यह देश देखा जो मैं कभी नहीं भूल सकता।

### भारतीय टीम में बदलाव की संभावना नहीं : डोएशे

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारत के अपने विजयी संयोजन में बदलाव की संभावना नहीं है और सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने पुष्टि की है कि थिंक टैंक युवा नितीश कुमार रेड्डी को एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में तैयार करने की दीर्घकालिक योजना के तहत अतिरिक्त मौका देना चाहता है। दूसरा टेस्ट मैच शुक्रवार से यहां शुरू होगा। टेन डोएशे ने बुधवार को कहा मैं कहूंगा कि संयोजन में बदलाव की संभावना नहीं है। एक उद्देश्य, एक तरह से मध्यम अवधि का उद्देश्य, भारत के लिए एक तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर तैयार करना है। टीम प्रबंधन पिछले टेस्ट में रेड्डी की सीमित भूमिका के बावजूद उन्हें बरकरार रखने के लिए उत्सुक है। आंध्र प्रदेश के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले हफ्ते अधिक मौका नहीं मिला था लेकिन कोचिंग स्टाफ इस श्रृंखला को उनकी ऑलराउंड क्षमता को निखारने के लिए एक मंच के रूप में देख रहा है।

## एशियाई कप क्वालीफायर में भारत का सामना सिंगापुर से

एजेंसी



**सिंगापुर।** राष्ट्रीय शिविर के पहले भाग में कई खिलाड़ियों की अनुपस्थित से तैयारी में आई बाधा के बीच भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम बृहस्पतिवार को यहां एएफसी एशियाई कप क्वालीफाइंग के तीसरे दौर के महत्वपूर्ण मैच में सिंगापुर से भिड़ेगी। अगस्त-सितंबर में सीएएफए नेशंस कप के लिए आराम दिए जाने के बाद करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की टीम में वापसी हुई है लेकिन खालिद जमील की पूरी टीम ने इतने महत्वपूर्ण मैच के लिए मुश्किल से एक हफ्ते ही एक साथ ट्रेनिंग की है। भारत चार टीम के ग्रुप सी में सबसे निचले पायदान पर है। टीम के शुरुआती दो मैच में सिर्फ एक अंक है।

भारतीय टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेला जबकि हांगकांग के खिलाफ उसे 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर अभी दो मैच में चार अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। बृहस्पतिवार को कोई भी चूक भारत की 2027 में मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने की संभावनाओं को खतरे में डाल सकती है। सिर्फ ग्रुप विजेता को ही मुख्य टूर्नामेंट में जगह मिलेगी। जमील ने 20 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू हुए राष्ट्रीय शिविर के लिए 30 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की थी लेकिन उनमें से छेत्री सहित 14 खिलाड़ियों को क्लबों ने शिविर के लिए नहीं छोड़ा। बाद में अधिकतर खिलाड़ी सितंबर के अंत में शिविर में शामिल हुए, यानी सोमवार को रवाना होने से पहले वे मुश्किल से एक हफ्ते ही टीम के साथ रहे। पहले हाफ में सिर्फ दो डिफेंडर शिविर में शामिल थे और जमील ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) और क्लबों से इस पुराने गतिरोध का हल निकालने का आग्रह किया था। पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप के दौरान गाल की हड्डी में फ्रैक्चर के कारण हुई सर्जरी से उबरने के बाद अनुभवी डिफेंडर संदेश झींगन का 23 खिलाड़ियों की अंतिम टीम में जगह बनाना भारत के लिए अच्छी खबर थी। सिंगापुर की 158वीं रैंकिंग के मुकाबले भारत 134वीं रैंकिंग पर है। दोनों टीम के बीच अब तक हुए मुकाबलों में अधिक अंतर नहीं है। भारत ने 12 मैच जीते हैं जबकि सिंगापुर ने 11 मैच में जीत दर्ज की है। इस दौरान चार मैच ड्रॉ रहे। दोनों टीम के बीच 2022 में खेला गया पिछला मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था जिसमें आशिक कुरुनियन ने भारत को बराबरी दिलाई थी। सिंगापुर के लिए इखसान फंडी ने गोल किया था। हालांकि घरेलू मैदान पर सिंगापुर का पलड़ा भारी है जहां उसने भारत के छह के मुकाबले आठ जीत हासिल की हैं और एक मैच ड्रॉ रहा है। पिछली बार जब दोनों टीम सिंगापुर में भिड़ी थीं तो मेजबान ने 2012 में एक अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में 2-0 से जीत हासिल की थी। दोनों मुख्य कोच अपने-अपने पदों पर अपेक्षाकृत नए हैं।

सिंगापुर के कोच गेविन ली को जून में अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किया गया था और टीमने अब तक उनके मार्गदर्शन में कोई मैच नहीं जीता है। पिछले महीने उन्होंने म्यांमार के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला था और मलेशिया से 1-2 से हार गए थे। हालांकि सिंगापुर को कप्तान और डिफेंडर हारिस हारुन की वापसी से मजबूती मिलेगी जो चोटिल होने के कारण सितंबर में मलेशिया और म्यांमार के खिलाफ मैत्री मैच नहीं खेल पाए थे। सिंगापुर के कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं जो विदेशी लीग में खेल रहे हैं।

इनमें सबसे उल्लेखनीय फारवर्ड इखसान फंडी हैं जिनके नाम 41 मैच में 21 अंतरराष्ट्रीय गोल हैं। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी थाई लीग एक में रचबुरी एफसी के लिए खेलता है। उन्नीस वर्षीय जोनान टैन पुर्तगाल की अंडर-23 राष्ट्रीय लीग में विजेला एफसी के लिए खेलते हैं। उन्हें राष्ट्रीय टीम में पहली बार शामिल किया गया है।

# दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती: गोयल

मुंबई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि सरकार घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के निर्माण और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के विस्तार के लिए कई पहल कर रही है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) के छठे संस्करण में मंत्री ने कहा कि दुनिया, भारत को विश्वास के साथ देखती है क्योंकि यह देश उच्च गुणवत्ता वाली प्रतिभा, कौशल, वस्तुओं एवं सेवाओं की गारंटी देता है और समय पर आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी की दुनिया में भागीदार से लेकर अब प्रमुख वास्तुकार बनने तक, भारत वैश्विक पहल का



नेतृत्व कर रहा है। मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर दुनिया की कोई भी ताकत भारत को एक विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र बनने से नहीं रोक सकती। यह प्रौद्योगिकी को अपनाए बिना, डिजिटल दुनिया को विश्व में हो रही गतिविधियों से अवगत कराए बिना और दुनिया भर में हमारी व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ाए बिना संभव नहीं है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि भारत को दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार माना जाए। गोयल ने कहा कि जब भारत 2047 तक 30,000, 32,000 या 35,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है, तो वित्त जगत के हमारे मित्र तुरंत गणना कर सकते हैं और आप देखेंगे कि इसे हासिल करना बहुत संभव है... कुछ ऐसा जिसे हासिल करने के लिए हम सभी सामूहिक रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी ओर से बुनियादी ढांचे के विकास और उपभोग आधारित वृद्धि के दोनों स्तंभों पर आधारित घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठा रही है। गोयल ने कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज देश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे, दुनिया भर के विकसित देशों के साथ व्यापार संबंधों का विस्तार, उच्च गुणवत्ता एवं कम करों के साथ ग्राहकों को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारत के निर्यात प्रदर्शन के बारे में उन्होंने कहा कि निर्यात (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) में 4-5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। इसके आधिकारिक आंकड़े अगले सप्ताह जारी किए जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि केवल निर्यात उद्देश्य के लिए ई-कॉमर्स के भंडार-आधारित मॉडल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति देने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है क्योंकि इससे छोटे खुदरा विक्रेताओं के कारोबार को प्रभावित किए बिना भारत के निर्यात को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# अमित शाह कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं: ममता बनर्जी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उनके कामकाज का तरीका कार्यवाहक प्रधानमंत्री जैसा है।

बनर्जी ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे से लौटने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करना चाहती हैं कि वह शाह पर बहुत अधिक भरोसा न करें, जो एक दिन उनके मीर जाफर बन सकते हैं। वह बंगाल के 18वीं सदी के सेनापति मीर जाफर का संदर्भ दे रही थी जिसने ऐतिहासिक प्लासी के युद्ध में नवाब सिराजुद्दौला को धोखा दिया था और अंग्रेजों के साथ मिल गया था। बाद में वह अंग्रेजों की मदद से बंगाल का शासक बना। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं पर चुनाव वाले राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग के कामकाज में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। उनके (भाजपा के) एक नेता बैठक करते हैं और यहां आकर कहते हैं कि वह बंगाल की मतदाता सूची से कई लाख नाम हटा देंगे। मुझे बताइए, हम इस समय प्राकृतिक आपदाओं, भारी बारिश, त्योहारों आदि से जूझ रहे हैं। क्या



मौजूदा परिस्थितियों में एसआईआर प्रक्रिया एक पखवाड़े के भीतर पूरी हो सकती है और क्या उस अवधि में नए नाम अपलोड किए जा सकते हैं? उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग को भाजपा पार्टी के इशारे पर काम करना चाहिए या उसे लोगों के लोकतांत्रिक और नागरिक अधिकारों के हित में काम करना चाहिए? तृणमूल अध्यक्ष ने आरोप लगाया, यह सब अमित शाह द्वारा खेला गया खेल है। वह ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह इस देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री हों। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि प्रधानमंत्री को सब कुछ पता है। हम प्रधानमंत्री से अनुरोध कर सकते हैं कि अमित शाह पर हमेशा भरोसा न करें। एक दिन वह आपके सबसे बड़े मीर जाफर साबित होंगे।

## संक्षेप

### मौलिक अधिकारों का हनन करने वालों को दंडित किया जाना चाहिए

बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी आर गवई की ओर जूता उछालने की कोशिश की हालिया घटना की निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए, जो मनुस्मृति और सनातन धर्म के नाम पर लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर भी दुख जताया कि इस घटना की देश में सार्वजनिक रूप से व्यापक स्तर पर निंदा नहीं हुई। बीते सोमवार को सर्वोच्च अदालत की कार्यवाही के दौरान 71 वर्षीय वकील राकेश किशोर ने प्रधान न्यायाधीश गवई की ओर जूता उछालने की कोशिश की। अदालत कक्ष के अंदर मौजूद सतर्क सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप किया और हमले को रोका। जब राकेश किशोर को अदालत परिसर से बाहर ले जाया जा रहा था, तो वकील को चिल्लाते हुए सुना गया, सनातन का अपमान नहीं सहेंगे। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, वकील होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने धर्म का नाम लेकर भारत के प्रधान न्यायाधीश की ओर जूता फेंकने का प्रयास किया। मैंने व्यक्तिगत रूप से और पार्टी की ओर से भी इसकी निंदा की है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने भी इसकी निंदा की है। हमारे प्रधानमंत्री ने भी इसकी निंदा की है।

# उप्र की अर्थव्यवस्था में काशी विश्वनाथ गलियारे का सवा लाख करोड़ का योगदान

लखनऊ। काशी विश्वनाथ धाम गलियारे ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अनुमानित सवा लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। एक बयान में यह जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2021 में काशी विश्वनाथ धाम गलियारे का लोकार्पण किया था।

तब से अब तक करीब 25 करोड़ 28 लाख से अधिक श्रद्धालु, बाबा विश्वनाथ के दर्शन कर चुके हैं। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्र ने बयान में कहा कि गलियारे के निर्माण ने न केवल काशी की छवि को बदला है, बल्कि पूरे प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों में भी अप्रत्याशित वृद्धि की है। देश के विभिन्न प्रांतों से लेकर दुनिया के तमाम देशों के श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लगातार बढ़ते आगमन से स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों, नाविकों, पुजारियों, ठेले वालों और होटल कारोबारियों को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। काशी विश्वनाथ धाम में आने वाला एक पर्यटक औसतन पांच हजार रुपये से अधिक खर्च करता है। इसे चार या पांच हजार रुपये भी माना जाए तो इससे इन साढ़े तीन वर्षों में करीब सवा लाख करोड़ रुपये का आर्थिक प्रवाह प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुआ है।

# बोस ने की राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बैठक की तस्वीर साझा की। उसने कहा, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति



द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब कुछ दिन पहले ही भाजपा सांसद खगेन मुर्मू और पार्टी के सिलीगुड़ी विधायक शंकर घोष पर पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा हमला किया गया था। सोमवार को पश्चिम बंगाल के उत्तरी भाग में बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के दौरे के दौरान हुए हमले में मुर्मू और घोष घायल हो गए थे। मंगलवार को लोकसभा सचिवालय ने हमले को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय से तीन दिनों के भीतर तथ्यों से जुड़ी रिपोर्ट मांगी थी।

# अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाना शुरू कर रहा है भारत

न्यूयॉर्क। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि भारत के रूसी तेल की खरीद भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार नहीं है और देश अपनी ऊर्जा खरीद में विविधता लाना शुरू कर रहा है।



उन्होंने कहा कि भारत अपने निर्णय स्वयं लेगा और अमेरिका किसी देश को यह निर्देश नहीं दे रहा है कि वे किसके साथ संबंध रख सकते हैं। ग्रीर ने पिछले सप्ताह न्यूयॉर्क के इकोनॉमिक क्लब द्वारा आयोजित वार्ता के दौरान कहा, भारत हमेशा से रूस से इतना तेल नहीं खरीदता आया है। रूस के साथ उनके हमेशा से मजबूत संबंध रहे हैं लेकिन पिछले दो या तीन वर्ष में उन्होंने न केवल उपभोग के लिए बल्कि शोधन एवं पुनर्विक्रय के लिए भी छूट पर रूसी तेल खरीदना शुरू किया है। उन्होंने कहा, तो ऐसा नहीं है कि यह भारतीय अर्थव्यवस्था का कोई आधारभूत हिस्सा है। हमारा मानना है कि वे ऐसा कर सकते हैं और उन्हें ऐसा करना चाहिए। सच कहूं तो, मैं देख सकता हूं कि वे अभी से विविधीकरण की शुरुआत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वे इसे समझ रहे हैं। ग्रीर ने कहा कि जाहिर तौर पर वे (भारत) एक संप्रभु देश हैं। वे अपने फैसले खुद लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम दूसरे देशों को यह निर्देश नहीं दे रहे हैं कि वे किसके साथ संबंध रख सकते हैं और किसके साथ नहीं। हम ऐसा करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाया है जिसमें रूसी तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत शुल्क शामिल है। ट्रंप और उनके प्रशासन के अधिकारियों का कहना है कि भारत की रूसी तेल की खरीद...यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा दे रही है। भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क के प्रभाव के बारे में पूछे गए प्रश्न पर ग्रीर ने कहा कि भारत पर यह शुल्क कुछ सप्ताह से लागू है। उन्होंने कहा, भारत एक ऐसा देश है जिसका हमारे साथ 40 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार अधिशेष है। इसलिए अमेरिका के साथ उनका पहले से ही एक... बेहतरीन सौदा है। हम उन्हें जितना बेचते हैं, उससे कहीं अधिक वे हमें बेचते हैं.. ग्रीर ने साथ ही कहा कि ट्रंप प्रशासन के पहले दिन से ही अमेरिका, व्यापार के मामले में भारतीयों के साथ बातचीत कर रहा है।

# ईडी ने अभिनेताओं और कई एजेंटों से जुड़े परिसरों पर छापे मारे

कोच्चि। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूटान से भारत में लक्जरी वाहनों की कथित तस्करी से संबंधित हाल के एक सीमा शुल्क मामले की जांच के तहत तमिलनाडु और केरल में अभिनेताओं पृथ्वीराज, दुलकर सलमान और अमित चक्कलकल तथा कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय ने इस दौरान केरल में एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम, कोट्टायम और तमिलनाडु में कोयंबटूर के कुछ वाहन मालिकों, ऑटो वर्कशॉप और व्यापारियों के परिसरों पर भी छापे मारे।




सूत्रों ने बताया कि कुल 17 परिसरों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई सीमा शुल्क विभाग द्वारा हाल में उजागर किए गए एक मामले में विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत की जा रही है। यह मामला उच्च कीमत वाले लक्जरी वाहनों की कथित तस्करी और अनधिकृत विदेशी मुद्रा लेनदेन से संबंधित है। उन्होंने बताया कि यह छापेमारी इन सूचनाओं पर आधारित है कि एक गिरोह भारत-भूटानानेपाल मार्गों के जरिए लैंड क्रूजर, डिफेंडर और मासेराती जैसी लक्जरी कारों के अवैध आयात और पंजीकरण में संलिप्त है। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कोयम्बटूर स्थित एक नेटवर्क (भारतीय सेना, अमेरिकी दूतावास और विदेश मंत्रालय से जारी होने का दावा कर) फर्जी दस्तावेजों और अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं अन्य राज्यों में फर्जी आरटीओ (क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय) पंजीकरण का उपयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि बाद में इन वाहनों को फिल्मी हस्तियों सहित उन व्यक्तियों को कम कीमत पर बेच दिया गया जो उच्च निवल संपत्ति (एचएनआई) वाले लोग हैं। प्रवर्तन निदेशालय को संदेह है कि यह मामला प्रथम दृष्टया फेमा की धाराओं तीन, चार और आठ का उल्लंघन करता है, जिसमें अनधिकृत विदेशी मुद्रा लेनदेन और हवाला चैनलों के माध्यम से सीमा पार भुगतान के आरोप शामिल हैं। इस मामले से जुड़े एक घटनाक्रम में, केरल उच्च न्यायालय ने दुलकर सलमान को सीमा शुल्क निवारक विभाग द्वारा जब्त किए गए उनके वाहन को अनंतिम रूप से छोड़े जाने के लिए आवेदन दायर करने की मंगलवार को अनुमति दे दी और एजेंसी को निर्देश दिया कि यदि ऐसी याचिका दायर की जाती है तो उस पर एक सप्ताह के भीतर विचार किया जाए। दुलकर के अनुसार, वाहन को रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति (आरसीआरसी) ने नयी दिल्ली स्थित आईसीआरसी के क्षेत्रीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था।

## इंटरटेनमेंट...

# हिजाब पहनने पर दीपिका हुईं ट्रोल

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण पिछले कुछ समय से लगातार विवादों में हैं। अब एक्ट्रेस का एक नया एड आया है, जिसकी वजह से उन्हें ट्रोल किया जा रहा है। दीपिका ने पति रणवीर सिंह के साथ अबू धाबी टूरिज्म के लिए एक नया एड शूट किया है। इस एड में एक्ट्रेस हिजाब में नजर आ रही हैं। वहीं रणवीर शेरवानी लुक में दिख रहे हैं। दोनों को अबू धाबी टूरिज्म का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। इस एड के जरिए दोनों वहां के इतिहास और विरासत को दिख रहा हैं। एड को दीपिका ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा 'मेरा सुकून।' हालांकि, इस एड की वजह से वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। दीपिका को हिजाब में देखकर कुछ यूजर्स नाराज नजर हैं। एक यूजर ने दीपिका पर तंज कसते हुए लिखा 'भाई साहब मैडम को याद आ गया कि वो कौन थीं।' एक यूजर ने दीपिका के जेएनयू जाने की बात का जिक्र करते हुए लिखा- 'जब कुछ टेरिस्ट आजादी-आजादी चिल्ला रहे थे, तब आप भी वहां थीं। देश सब कुछ याद रखता है।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'कभी अपने देश के मंदिर के लिए आपने ये सब नहीं किया। अबू धाबी में हिजाब पहन रही हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा- 'रणवीर खान और दीपिका बेगम पैसों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। शुक्र है कि कल्कि के कास्ट से उन्हें हटा दिया गया।' एक्ट्रेस की ट्रोलिंग पर उनके फैंस खुलकर उनके समर्थन में आ गए हैं। दीपिका के फैंस उनके सपोर्ट में लिख रहे हैं कि एड में दोनों की केमिस्ट्री कमाल की है। दोनों साथ में काफी अच्छे लग रहे हैं। साथ ही वो ट्रोलर्स को ये भी बता रहे कि दोनों पति-पत्नी देश के मंदिरों में भी जाते हैं।



नए एड में पति रणवीर सिंह के साथ आईं नजर, बचाव में उतरे एक्ट्रेस के फैंस

# पंजाबी गायक जवंदा की सड़क दुर्घटना के बाद मौत

**चंडीगढ़।** पंजाबी अभिनेता-गायक राजवीर जवंदा का हिमाचल प्रदेश में एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के 11 दिन बाद बुधवार को मोहाली के एक निजी अस्पताल निधन हो गया। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि 35 वर्षीय कलाकार को बुधवार सुबह 10.55 बजे मृत घोषित कर दिया गया। फोर्टिस अस्पताल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, व्यापक चिकित्सा सहायता और न्यूरोसर्जरी टीमों द्वारा निरंतर निगरानी के बावजूद आज सुबह उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया और उनकी मृत्यु हो गई। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। जवंदा पंजाबी मनोरंजन उद्योग में एक बड़ा और उभरता हुआ नाम थे। उन्हें हादसे



के बाद अत्यंत गंभीर हालत में मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में लाया गया था, तब से वे जीवन रक्षक प्रणाली पर थे। मोटरसाइकिल से शिमला जाते समय 27 सितंबर को हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में एक दुर्घटना में जवंदा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना में उनके सिर और रीढ़ की हड्डी में चोटें आईं थीं। फोर्टिस अस्पताल में स्थानांतरित किए जाने से पहले उन्हें हृदयाघात भी हुआ था।

### शाहरुख के प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को समन

**मुंबई।** आज यानी 8 अक्टूबर को दिल्ली हाईकोर्ट में कफर अधिकारी समीर वानखेड़े की मानहानि की याचिका पर सुनवाई हुई, जिसके बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने नेटफ्लिक्स और शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिल्लीज एंटरटेनमेंट को समन किया है। आरोप हैं कि सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड द्वारा समीर वानखेड़े की छवि खराब की गई है। इस सीरीज को रेड चिल्लीज द्वारा प्रोड्यूस किया गया, जिसे नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया गया है। दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा जारी किए गए समन में लिखा गया है कि प्रोडक्शन हाउस और नेटफ्लिक्स को 7 दिनों में मामले पर जवाब देना होगा। इस मामले की सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी।

# धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी को बॉम्बे हाईकोर्ट से झटका

**मुंबई।** शिल्पा-राज के खिलाफ अगस्त 2025 में 60 करोड़ की धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को विदेश जाने की अनुमति नहीं दी है। दरअसल, 60 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगने के बाद शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ एलओसी (लुक आउट सर्कुलर/नोटिस) जारी किया गया था, जिससे उनके विदेश भागने पर रोक लगाई जा सके। हालांकि, एक्ट्रेस ने इसके खिलाफ एक याचिका दायर करते हुए विदेश यात्रा की इजाजत मांगी थी। इस पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने बुधवार को आदेश दिया है कि अगर वो विदेश जाना चाहती हैं तो पहले उन्हें 60 करोड़ रुपए जमा करने होंगे। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने याचिका में 4 ट्रिप की इजाजत मांगी थी। पहली ट्रिप 2 अक्टूबर-5 अक्टूबर तक थाइलैंड की होनी थी। जो अब मुमकिन नहीं है। दूसरी इजाजत उन्होंने 21 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक लॉस एंजिलिस की और तीसरी 25 अक्टूबर को कोलंबो और चौथी ट्रिप 20 दिसंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 की फॉरेन ट्रिप की भी परमिशन मांगी है।

विदेश जाने की इजाजत मांगी, पहले 60 करोड़ जमा करो, फिर विचार करेंगे: कोर्ट



बॉम्बे हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के चीफ जस्टिस श्री चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम अखंड ने कपल की याचिका पर सुनवाई की। शिल्पा के वकील ने कोर्ट में कहा कि जो पहली फैमिली ट्रिप (2 अक्टूबर-5 अक्टूबर तक) होने वाली थी, वो अब संभव नहीं है, लेकिन यूट्यूब के एक इवेंट के लिए लॉस एंजिलिस जाना शिल्पा के लिए जरूरी है। इस पर बेंच द्वारा शिल्पा के वकील से इस इवेंट की डीटेल्स मांगी गईं। इस पर वकील ने कहा कि उन्हें इवेंट ऑर्गेनाईजर्स के फोन कॉल्स आए हैं। सिर्फ फोन कॉल्स का हवाला देना पर्याप्त नहीं है। इसके (इवेंट के) बारे में आपके पास लिखित सूचना होगी। अगर आप सिर्फ कॉल्स की बात कर रहे हैं तो फिर वो फोन नंबर दीजिए, हम खुद उसका वैरिफिकेशन करवा लेंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com